Mahendra's

मार्च 2017
₹ 40

मास्टर इन
# करेन्ट अफेयर्स
सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु ...

अब ऑनलाइन स्पीड टेस्ट कार्ड आपके निकटतम पुस्तक भण्डार पर उपलब्ध हैं




मिस फ्रांस,
**आईरिस मिट्टेनाएरे ने जीता ब्रह्माण्ड सुन्दरी 2017 का ताज**



प्रवासी भारतीय दिवस
विदेश मंत्रालय
भारत सरकार



# पदम् पुरस्कार 2017

- ट्राई/टीडीसैट ट्राई ने नेट तटस्थता से जुड़े मुद्दों पर सभी पक्षों से मांगी राय, परामर्श पत्र किया जारी
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को लाभ
- जल्लीकट्टू महोत्सव 2017 : एक रिपोर्ट
- पैन कार्ड एवं पैन नंबर: अर्थ, उपयोग एवं लाभ
- प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार-2017
- ऑस्ट्रेलियन ओपन 2017

M Publication







S.S.C. ONLINE SPEED TEST CARD




IBPS-CWE-PO ONLINE SPEED TEST CARD




IBPS-CWE-CLERK ONLINE SPEED TEST CARD




ALL EXAMS ONLINE SPEED TEST CARD

# ONLINE SPEED TEST CARDS ARE AVAILABLE AT YOUR NEAREST BOOK SHOPS

Mahendra Publication Pvt. Ltd.

# अनुक्रमणिका


भाग - 7
अंक - 03





सम्पादक
एन.के. जैन
सलाहकार
नीरज छाबड़ा
के.सी. गुप्ता
पंजीकृत कार्यालय
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
103, प्रगतिद्वीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08,
लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर,
नई दिल्ली -110092
TIN- 09350038898
डब्ल्यू.ई.एफ. 12-06-2014
शाखा कार्यालय
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
ई-42, 43, 44, सेक्टर-7
नोएडा, (यू.पी.)



प्रसार, वितरण एवं विज्ञापन सम्बन्धी
सभी जानकारियों के लिए सम्पर्क करें:-
ई-मेल.
E-mail-info@mahendras.org
फोन नं.: +91-9670575613



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक
एन.के. जैन
103, प्रगतिद्वीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08,
लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर,
नई दिल्ली - 110092 से प्रकाशित।
E-mail:info@mahendras.org
कृपया अपने सुझाव एवं शिकायत हमें निम्न पते पर भेजें:- महेन्द्रा पब्लिकेशन, प्राइवेट लिमिटेड, सी.पी.-9 विजयन्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ -226010
ई-मेल:info@mahendras.org



© कॉपीराइट
- प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता है।
- किसी भी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।



| | |
|---|---|
| सक्सेज़ सागा | 5 |
| आईबीपीएस | 6-9 |
| स्पॉटलाइट | 10 |
| दि पिपुल | 12-27 |
| न्यूज़ बाइट्स | 28-81 |
| प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार-2017 | 83-84 |
| गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को लाभ | 85 |
| ट्राई/टीडीसैट ट्राई ने नेट तटस्थता से जुड़े मुद्दों पर सभी पक्षों से मांगी राय, परामर्श पत्र किया जारी | 86 |
| पैन कार्ड एवं पैन नंबररू अर्थ, उपयोग एवं लाभ | 87 |
| डेबिट कार्ड पर छपे 16 अंक पर दृष्टि | 88-89 |
| जल्लीकट्टू महोत्सव | 90-91 |
| दादा साहब फाल्के पुरस्कारों की सूची (1969-2016) | 92-93 |
| पद्म पुरस्कार 2017 | 94-96 |
| ऑस्ट्रेलियन ओपन 2017 | 97-98 |
| क्यूटीएम - सामान्य सचेतता | 99-104 |
| एनपी क्विज़ | 105-107 |
| ग्रैफिक फैक्ट्री | 108-112 |
| महत्वपूर्ण व्यक्तिगण | 113 |


Pravasi Bharatiya Divas

**प्रवासी भारतीय दिवस**

**गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को लाभ**

Telecom Regulatory Authority of India
TRAI

**ट्राई**



**जल्लिकट्टू महोत्सव**




**पदम् अवार्ड 2017**



**ऑस्ट्रेलियन ओपन 2017**


बजट 2017-18 एवं आर्थिक समीक्षा 2016-17 पृष्ठ सं. 50-52 पर

# संपादकीय

## पदम् पुरस्कारः असाधारण और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए

सत्यमेव जयते

प्रिय अभ्यर्थियों,

उत्साह के चरम स्तर के साथ हम फिर से आपके समक्ष आपकी पसंदीदा पत्रिका के मार्च अंक को लेके प्रस्तुत हैं, एक ऐसी पत्रिका जिसे हर वो प्रतियोगी अनुसरित करता है जिसे परीक्षा के क्षेत्र में दूसरों से आगे होना है।

हमें इस बात की बहुत प्रसन्नता है की हमने प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखकर हमारे सम्माननीय पाठकों के लिए अति आवश्यक पाठ्य सामग्री को इस पुस्तक में सम्मिलित किया है।

अगर आप इस पुस्तक को एक उत्सुक-बुनकर की तरह पढ़ेंगे तो हम आपको यह आश्वासन देते हैं की आप प्रतियोगी परीक्षा के युद्ध के मैदान में स्वयं को पूरी तरह से में सुसज्जित पाएंगे।

इस मार्च अंक में हमने कुछ परीक्षा उपयोगी मुद्दों पर प्रकाश डालने का पूर्ण प्रयत्न किया है, जैसे कीः- पद्म पुरस्कार, जल्लीकट्टू खेल, प्रवासी भारतीय दिवस, मातृत्व लाभ कार्यक्रम (एमबीपी) का अखिल भारतीय विस्तार आदि से संबंधित कुछ पहलू।

हम हमेशा हमारी पत्रिका की मांग, उसके लिए सुझाव और उसमें होने वाले परिवर्तन को पाठकों के अनुसार करने का प्रयत्न करते हैं।

हम अपनी प्रयत्नों को अपनी आगे आने वाली पत्रिका में सन्निहित करने का पूरा प्रयत्न करते हैं और इससे हमें इस बात की प्रसन्नता भी रहती है कि हमारे पाठक राष्ट्रीय स्तर पर हमारे कठिन परिश्रम और कौशल का समर्थन करते हैं।

माइका, प्रतियोगिता के हर पहलू में आगे रहने के लिए अपने अभ्यर्थियों का हमेशा मार्गदर्शन करता रहेगा और परामर्श देता रहेगा और है, क्योंकि हमारा विश्वास है की-

“आपकी सफलता में ही हमारी सफलता है”

शुभकामना सहित,

आभार,
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड

## व्यक्तिगत विवरण



नाम : दीपक कुमार यादव
पिता का नाम : यू एस यादव
माता का नाम : बिनेश यादव
शिक्षा : बी.टेक.( मैकेनिकल )
शौक : क्रिकेट, गाना सुनना
पहले चयन : यह मेरा तृतीय प्रयास था।
परीक्षा का नाम : भारतीय स्टेट बैंक पीओ **2016**
योग्य परीक्षा के रोल नंबर : **3970903877**
महेन्द्रा संस्थान में अनुक्रमांक संख्या : **PDH-IV0270070649**

माइका : महेंद्रा परिवार, एसबीआई **2016** में पीओ के रूप में आपकी सफलता पर अपनी हार्दिक बधाई व्यक्त करता है।

माइका : आप अपनी सफलता का श्रेय किसे देना चाहते हैं ?

दीपक : मैं अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर को,अपने माता-पिता और महेन्द्रा संस्थान को देना चाहूँगा।

माइका : आपने कितने प्रयासों के बाद सफलता प्राप्त की ?

दीपक : यह मेरा तृतीय प्रयास था।

माइका : आपके चयन में महेन्द्रा संस्थान की क्या भूमिका थी ?

दीपक : महेन्द्रा संस्थान के माध्यम से मैंने सीखा की कम समय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे की जाये और अपने प्रयत्नों को सही प्रकार से कैसे किया जाये, इसके साथ ही मेरे सवांद और तर्क शक्ति की क्षमता को सुधारने में काफी सहायता की जिससे मैं ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार में काफी अच्छा प्रदर्शन कर पाया।

माइका : आपने लिखित परीक्षा के लिए कैसे तैयारी की?

दीपक : लेखन में मेरी काफी अच्छी पकड़ है ,जिसके कारण मुझे इसके लिए अधिक परिश्रम की आवश्यकता नही पड़ी।

### आंकिक योग्यता:

आंकिक योग्यता की मूलभूत चीजों को मजबूत रखे और पिछले वर्ष के पेपर को हल करें,इससे आपकी सवालों को हल करने की गति में सुधार होगा। उदाहरणः महेंद्रास गणित बुक

### तार्किक क्षमता:

पिछले वर्ष के पेपर, स्पीड टेस्ट और महेंद्रास तार्किक पुस्तक का अभ्यास करते रहें इनसे आपको बहुत सहायता मिलेगी । उदाहरणः महेंद्रास तार्किक पुस्तक और अभ्यास पेपर

### अंग्रेजी:

मैंने महेन्द्रा गुरु वेबसाइट, स्पीड टेस्ट और हिंदू अखबार का अनुसरण किया जिससे मुझे परीक्षा में पूछे जाने वाले त्रुटि के पैटर्न को समझाने में बहुत सहायता मिली है।

### सामान्य सचेतता:

मैं समाचार पत्रों का दैनिक रूप से पाठन करता था जिससे कम से कम साप्ताहिक वर्तमान मामलों से अवगत हो जाया जा सकता है और समय-समय पर होने वाले परिवर्तनों से भी अवगत होता रहना चाहिए। जैसे इंटरनेट, बैंकिंग महेंद्रास, माइका और मासिक बूस्टर इत्यादि।

### कम्प्यूटर एवं विपणनः

महेंद्रास अध्ययन सामग्री और कक्षाओं में बनाये गये नोट्स से।

माइका : आप "मास्टर इन करंट अफेयर्स", और "महेन्द्रा गुरू" वेबसाइट को अपनी तैयारी में कैसे सहायक मानते हैं?

दीपक : निश्चय ही "मास्टर इन करंट अफेयर्स", और "महेन्द्रा गुरू" वेबसाइट काफी अच्छे और प्रभावी स्त्रोत है, जिनका प्रतिदिन अनुसरण, हमारी तैयारी के लिए काफी सहायक सिद्ध होगा।

माइका : आप के अनुसार आपके कोचिंग संस्थान के बारे में सबसे अच्छी बात क्या है?

दीपक : कोचिंग में अत्यंत प्रतियोगात्मक गुरुजन और प्रेरणाप्रद वातावरण रहता है। इसके साथ ही मेरे संस्थान की कुछ और विशेषताएं हैं,जैसे की:-

**1.** पुनरावृत्ति कक्षाओं की सुविधा

**2.** महेन्द्रा के गुरुजन बहुत ही विनम्र स्वभाव के हैं, वे विद्यार्थियों की समस्याओं को समाप्त करने का हरसंभव प्रयास करते हैं।

माइका : किसी की सफलता में "समय प्रबंधन" की भूमिका क्या है?

दीपक : समय प्रबंधन एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक है यदि आपको भारतीय स्टेट बैंक में पीओ बनना है तो स्वअध्याय के साथ महेन्द्रा स्पीड टेस्ट देने से समय प्रबंधन और कौशल में सुधार लाने में अति सहायता मिलती है।

माइका : आपने साक्षात्कार के लिए कैसे तैयारी की?

दीपक : मैंने पहले से चयनित छात्रों से बात की और साक्षात्कार में उनसे पूछे गए प्रश्नों पर विश्लेषण किया और उनको तैयार भी किया।

माइका : साक्षात्कार बोर्ड द्वारा पूछे गए प्रश्नों के बारे में बताएं?

दीपक : मेरे साक्षात्कार पैनल में **5** सदस्य थे, जिसमे हर एक व्यक्ति अपने अपने संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञ था।

### पूछे गये प्रश्नः

**(i)** आपने रक्षा सेवा में अपना भविष्य क्यूँ नही बनाया (क्यूंकि मेरे पिताजी इसी विभाग से सेवा निवृत्त हुए थे) ?

**(ii)** यांत्रिकी से बी.टेक. करने के बाद बैंकिंग क्यों?

**(iii)** ब्रिक्स बैंकः स्थापना,प्रमुख और कार्य?

**(iv)** सकल घरेलू उत्पाद के बारे में और भारत का सकल घरेलू उत्पाद?

**(v)** जीएसटी के बारे में और इसका कार्यान्वयन?

माइका : आपने अपनी सफलता की सूचना कैसे प्राप्त की और उस समय आपकी प्रतिक्रिया क्या थी?

दीपक : मैंने परिणाम का पीडीफ स्वयं डाउनलोड किया और अपना परिणाम देखकर मुझे अति प्रसन्नता का अनुभव हुआ।

माइका : आप अन्य उम्मीदवारों को क्या संदेश देना चाहते हैं?

दीपक : आप अपनी आशा और उद्देश्य को कभी भी दुर्बल न होने दें और अपना प्रयास पूर्ण ऊर्जा के साथ निरंतर जारी रखें।

माइका : आपकी सफलता पर एक बार फिर से बधाई। क्योंकि आपकी सफलता में हमारी सफलता है।

दीपक : मुझे सफल बनाने के लिए महेन्द्रा का बहुत बहुत धन्यवाद।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- भारतीय सीईओ की संख्या, जिन्हें फार्चूयून की "बिजनेस पर्सन ऑफ दि ईयर" 2016 कि सूची में स्थान मिला है? **4**
- टाइम पत्रिका ने इस वर्ष 100 सबसे प्रभावशाली तस्वीरों के अपने संकलन में किस भारतीय चित्र को सम्मिलित किया है? महात्मा गांधी
- अमेरिकी फेडरल एजेंसी में एक शीर्ष प्रशासनिक स्थिति पर पहुचने वाली दूसरी भारतीय-अमेरिकी महिला बनी हैं- सीमा वर्मा
- कियओ वुलफोर्ड जिनका हाल ही में निधन हुआ है, से सम्बंधित क्षेत्र है- फिल्म उद्योग
- अभी हाल ही में, दुबई में आयोजित एस्क्वायर "मैन ऐट हिज़ बेस्ट अवार्ड्स" 2016 में "इंटरनेशनल मैन ऑफ द इयर" में नामित किये गए हैं- रणवीर सिंह
- विश्व आर्थिक मंच के अनुसार 2016 में विदेश व्यापार प्रक्रिया को सरल बनाने के हिसाब से भारत की रैकिंग है- **102**
- किसने देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ भारतीय महिला बैंक के विलय को स्वीकृति दे दी है? सीसीआई
- एटीएम जोकि स्टैण्ड अलोन आधार पर स्थापित किये जाते हैं, को कहते हैं- ऑफ साइट एटीएम
- तीसरी बार विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2016 जीतने के लिए, सर्जेइ कर्जाकिन को पराजित किया- मैगनस कार्लसन ने
- वर्ष जिसमें केन्द्रीय बैंक (आरबीआई) का मुख्यालय कलकत्ता से मुंबई में स्थानान्तरित हुआ- **1937**
- टाइम्स हायर एजुकेशन के 'ब्रिक्स एंड इमर्जिंग इकोनॉमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2017' वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, शीर्ष पर विद्यमान देश है- चीन
- मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में यूनेस्को की रिप्रेजेंटेटिव सूची 2016 में सम्मिलित किया गया है- योग
- राजकुमार महा वाजीरलोंकोर्ण ----- के नये नरेश उद्घोषित किये गए। थाईलैंड
- ------- के स्वास्थ्य मंत्री हिमंता बिस्व शर्मा ने 'ई ब्लड बैंक साफ्टवेयर' शुरू किया जो राज्य के अलग अलग भागों में स्थित सभी ब्लड बैंकों को आपस में जोड़ेगा और केन्द्रीकृत डेटाबेस रखने में सहायता करेगा। असम
- देश जिसे एशियाई फुटबाल परिसंघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह में वर्ष 2016 का एएफसी विकासशील सदस्य पुरस्कार मिला - भारत
- बालिका जिसे जलवायु न्याय के लिए लड़ने तथा पर्यावरण क्षय को रोकने की लड़ाई लड़ने में उनके योगदान के लिए इस वर्ष 2016 के प्रतिष्ठित "अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार" से सम्मानित किया गया - कहकशन बसु
- राज्य पर्यटन जिसको अमेरिका स्थित यात्रा पत्रिका कोंडे नास्ट द्वारा "साहसिक पर्यटन के लिए उभरते सर्वोत्तम गंतव्यों में से एक" के तौर पर चुना गया है - जम्मू-कश्मीर
- खिलाड़ी जिसने जर्मन ग्रां प्री 2016 जीतने के बाद फार्मूला वन से संन्यास लेने की घोषणा की, है - निको रोजबर्ग
- एनएसई की सीईओ चित्रा रामकृष्णन के त्यागपत्र देने के बाद बनाए गये नए प्रभारी हैं- जे रविचंद्रन
- नदी जिसपर टेहरी बांध निर्मित है- भागीरथी
- जॉन की, जिन्होंने हाल ही में अपने त्यागपत्र की घोषणा की है, वह किस देश के प्रधानमंत्री हैं? न्यूजीलैंड
- ------ के संस्थापक, सचिन बंसल और बिन्नी बंसल, को सिंगापुर के स्ट्रेट टाइम्स द्वारा वर्ष 2016 के एशियाई पुरस्कारों के लिए चुना गया। फ्लिपकार्ट
- बैंक जिसके साथ, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एमएमटीसी ने सरकार द्वारा ढाले गए 'भारतीय स्वर्ण सिक्कों' की बिक्री के लिए समझौता किया है - एसबीआई
- 2016 हीरो वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ खिताब के विजेता हैं- हिदेकी मात्सुयामा
- पैनासोनिक ओपन जीतने के बाद, एशियाई टूर खिताब 2016 जीतने वाले सबसे उम्रदराज गोल्फ खिलाड़ी बने हैं- मुकेश कुमार
- राष्ट्रपति फ्रेंकोइस होलांदे द्वारा फ्रांस के नए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किये गए हैं - बर्नार्ड केजेनोव

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- अन्नाद्रमुक प्रमुख जे जयललिता के निधन के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है - ओ पनीरसेल्वम
- नागर विमानन के नव नियुक्त महानिदेशक (डीजीसीए) हैं - बीएस भुल्लर
- ------- के प्रधानमंत्री शवकत मिरोमोनोविच देश के दूसरे राष्ट्रपति बने। उजबेकिस्तान
- खाता जिसे खोलने के लिए व्यक्ति को एक निश्चित अवधि तक एक महीने में एक बार एक निश्चित राशि जमा करने की सहमति देनी होती है, कहलाता है- सावधि जमा खाता
- 3 जनवरी, 2017 को संन्यास लेने वाले चीफ जस्टिस टीएस ठाकुर का स्थान लेने वाले हैं - जगदीश सिंह खेहर
- विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, भाषा जोकि ग्रह की सबसे शक्तिशाली भाषा के रूप में चयनित की गयी है - अंग्रेजी
- भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2016-17 के लिए आर्थिक वृद्धि का पूर्वानुमान है- 7.1%
- "कोंकण 16" एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास है- भारत और ब्रिटेन
- ग्लासडोर द्वारा जारी एक नई सूची के अनुसार, 2017 में अमेरिका में सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में चुना गया है - फेसबुक
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति ----- ने न्यायमूर्ति साकिब निसार को पाकिस्तान का नया प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। ममनून हुसैन
- कंपनी, जिसे फॉर्च्यून पत्रिका द्वारा अपनी वार्षिक ब्लू रिबन रैंकिंग में 'कंपनी ऑफ द इयर' 2016 नामित किया गया है- वर्णमाला
- बैंक जिसके सहयोग से अरुणाचल प्रदेश राज्य सहकारी एपेक्स बैंक ने मोबाइल बैंकिंग सेवा 'सिम से पे' का शुभारंभ किया है- यस बैंक
- माइकल जॉर्डन, फोर्ब्स पत्रिका 2016 द्वारा समय के सबसे अधिक वेतन पाने वाले एथलीट के रूप मे नामित हुए हैं खेल जिससे वे सम्बंधित हैं- बास्केटबॉल
- दिनों की संख्या, जिसके लिए अंतर बैंक कॉल मनी, बैंकों के बीच उधार लेने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है - एक दिन के लिए ही
- व्यक्ति जोकि 'यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम' (यूएससीआईआरएफ) के आयुक्त पद पर नियुक्त किये गए हैं- तेनजिन दोरजी
- राज्य जोकि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सबसे साफ राज्य के रूप में चुना गया है- सिक्किम
- वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) 2016 के अनुसार 2015 में आतंकवाद से प्रभावित देशों की सूची में भारत का स्थान रहा है - 7
- कंपनी जिससे इच्छुक ड्राइवर साझेदारों को प्रशिक्षण देने के लिए, टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला ने समझौता किया है - मारुति सुजुकी
- भारतीय स्टेडियम जोकि बैठने की क्षमता के मामले में विश्व का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा - सरदार पटेल क्रिकेट स्टेडियम
- अभियान जिसका शुभारंभ केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लोगों को डिजिटल भुगतान के लिए डाउनलोड, इंस्टाल और लेन-देन करने के तरीकों की जानकारी देने के लिए किया - डिजीधन अभियान
- फोर्ब्स के अनुसार विश्व 2016 का दूसरे सबसे धनी व्यक्ति हैं- वॉरेन बफेट
- आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएएस) ------ ने अपने भूतपूर्व सैनिकों तक पहुंच बढ़ाने हेतु एक 'दिग्गज आउटरीच ऐप' की आरम्भ की है। दलबीर सिंह सुहाग
- हाल ही में ट्रेन जिसका भारतीय रेल ने अनावरण किया है जिसमे सीसीटीवी कैमरे और ब्रेल एकीकृत डिस्प्ले जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं - हमसफर
- एक बैंक जोकि, उचित बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम नहीं है तो यह किस जोखिम के रूप में जाना जाएगा है? परिचालनात्मक जोखिम
- देश जिसने एक नये मौसम उपग्रह 'फेंगयुन-4' का प्रक्षेपण किया, जिसके माध्यम से उसने भू-स्थिर कक्षा में स्थित अपने मौसम संबंधी उपग्रहों को और उन्नत बनाया है- चीन
- न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री पद से जॉन की द्वारा त्यागपत्र देने की घोषणा के बाद किसको देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुने गए हैं- बिल इंग्लिश

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- हाल ही में मुंबई के खेल पत्रकार संघ (**SJAM**) द्वारा स्वर्ण जयंती लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार **2016** से सम्मानित किये गए हैं- — सुनील गावस्कर
- प्रसिद्ध किताब 'एमिनेंट वर्ल्ड साइंटिस्ट्स' किसके द्वारा लिखी गयी है? — सिसिली कोदियन
- शहर जिसने **17** दिसंबर **2016** को विश्व के पहले 'विंड म्यूजिक फेस्टिवल' की मेजबानी की- — विशाखापत्तनम
- व्यक्ति जिसे यूनिसेफ की **70** वीं वर्षगांठ में बाल अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए यूनीसेफ वैश्विक सद्भावना राजदूत घोषित किया गया- — प्रियंका चोपड़ा
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने चौथी बार बैलन डी'ओर **2016** का खिताब अपने नाम किया। देश जहाँ के वे निवासी हैं- — पुर्तगाल
- खिलाड़ी जिसने सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट को पराजितकर **11**वीं बिलियर्डस (**150** से अधिक के प्रारूप ) चैंम्पियनशिप जीती - — पंकज आडवाणी
- एक्सपीडिया की 'वेकेशन डेप्रिवेशन रपट **2016**' के अनुसार वैश्विक आधार पर सबसे अधिक छुट्टियों से वंचित देशों की सूची मे भारत का स्थान है- — **4**
- भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुविधा जो व्हाइट लेबल एटीएम द्वारा प्रदान नहीं की जाती है - — नियमित रूप से बिल भुगतान
- व्यक्ति जिसे स्टेम सेल की सहायता से जोड़ों की हड्डी को ठीक करने में उसके अनुसंधान के लिए ब्रिटेन के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स की ओर से दिया जाने वाला प्रतिष्ठित 'हंटेरियन प्रोफेसरशिप एंड द मेडल फॉर **2017**' दिया गया, है - — अनन शेट्टी
- 'ग्लोबल शिक्षक पुरस्कार **2017**' के लिए नामित की गयी हैं- — कविता संघवी
- साइट जिसको हाल ही में **2016** की यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थलों की सूची में सम्मिलित किया गया है- — रियो डी जनेरियो
- "इंद्र नेवी- **2016**" एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास है- — भारत और रूस
- प्रसिद्ध क्रिकेटर सिड ओ लिन का हाल ही में निधन हो गया। देश जिसके वे निवासी थे - — दक्षिण अफ्रीका
- फोर्ब्स द्वारा **2016** के विश्व के सबसे शक्तिशाली सीईओ के रूप मे चुने गए हैं - — लैरी पेज
- व्यक्ति जोकि लगातार चौथे वर्ष, फोर्ब्स द्वारा विश्व के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के रूप में नामित किये गए हैं- — व्लादिमीर पुतिन
- वर्ष **2016** में फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑफिसर दे ला लीजन दि ओंनयूर' से सम्मानित की गयी हैं- — शोभना भरतिया
- नोबल पुरस्कार विजेता थॉमस शेलिंग, जिनका हाल ही में निधन हुआ से संबंधित क्षेत्र है - — अर्थशास्त्र
- अनुसूचित और गैर अनुसूचित बैंक किस अधिनियम के धारा **2** के अंतर्गत वर्णित है? — रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट **1934**
- व्यक्तित्व जिन्हें भरतमुनि सम्मान, **2016** प्रदान किया जाएगा- — तीजन बाई
- भारतीय मूल की एक अमेरिकी महिला जिन्हें अमेरिका में पहली बार कैलिफोर्निया के क्यूपर्टीनो शहर की नयी मेयर के रूप में निर्वाचित किया गया है- — सविता वैद्यनाथन
- राज्य जोकि अपने दो जिलों में केंद्र की महिला पुलिस वालंटियर योजना लागू करने वाला पहला राज्य बन गया जिसके अंतर्गत **1,000** महिलाओं को सम्मिलित किया गया है - — हरियाणा
- प्यू रिसर्च के अनुसार, **2016** में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की अधिकतम संख्या वाले देशों की सूची में भारत की रैंक है- — **1**
- व्यक्ति जिसे अमेरिका वाणिज्य विभाग की असैन्य परमाणु व्यापार परामर्श समिति में फिर से नियुक्त किया गया है- — विजय साजवाल
- देश जिसने उत्तरी ध्रुव के पास पूरी तरह से अपने अधिकार वाला एक उपग्रह ग्राउंड स्टेशन स्थापित किया है - — चीन

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- राज्य सरकार जिसने 'माजुली में जलवायु अनुरूप विकास के लिए सतत कार्रवाई' (पवित्र, माजुली) की शुरुआत की है जिससे 2020 तक माजुली नदी द्वीप को देश का पहला कार्बन न्यूट्रल जिला बनाया जा सके- **असम**
- अभी हाल ही में, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के चेयरमैन का पद संभाला है - **विजय कुमार शर्मा ने**
- 'एकुवेरिन 2016' एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है- **भारत और मालदीव**
- धन शोधन के सही क्रम का चयन करें- **प्लेसमेंट-लेयरिंग-इंटीग्रेशन**
- मिस वर्ल्ड 2016 का ताज जीता है - **स्टेफनी डेल वेले**
- देश जिसने हॉकी विश्व कप 2016 का खिताब जीता है- **भारत**
- नए सेना प्रमुख के रूप में जनरल दलबीर सिंह का स्थान लेंगे- **बिपिन रावत**
- व्यक्ति जिसने फिक्की की 89वीं वार्षिक आम बैठक के समापन अवसर पर 2016-17 के लिए भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है- **पंकज आर पटेल**
- खुफिया ब्यूरो (आईबी) के नव नियुक्त प्रमुख हैं- **राजीव जैन**
- स्थान जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सबसे पहले 'भारतीय कौशल संस्थान' की आधारशिला रखी गयी है- **कानपुर**
- ईपीएफओ ने 2016-17 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दरों में कटौती कर कर दिया है- **8.65%**
- राज्य सरकार जिसने दो वर्ष के लिए राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देने लिए, ब्रांड एंबेसडर के रूप में बॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा को नियुक्त किया है - **असम**
- हाल ही में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को किस के लिए स्काच सिल्वर और स्काच आर्डर ऑफ मैरिट पुरस्कार 2016 से सम्मानित किया गया? **पॉक्सो ई-बॉक्स**
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और भारत में डिजिटल बैंकिंग के लिए एक समिति का गठन किया गया है। समिति किसके अंतर्गत काम करेगी? **सुदर्शन सेन**
- नयी जातियों की संख्या जिसे सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की केंद्रीय सूची में सम्मिलित करने की स्वीकृति दे दी है - **15**
- हवाई यात्रा खुफिया कंपनी ओएजी के अनुसार, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का विश्व के "मोस्ट कनेक्टेड एयरपोर्ट" की सूची में स्थान है - **22वीं**
- ई-कॉमर्स कंपनी जिसने भारत मे अपने वैश्विक स्टार्टअप प्रोग्राम श्लॉन्चपैडश की आरम्भ की, जिसके माध्यम से भारतीय स्टार्टअप अपने उत्पादों को विदेशों में बेचने के लिए सक्षम हो जायेंगे, है- **अमेजन**
- इंडियन ऑयल कारपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन (बीपीसीएल) तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन (एचपीसीएल) ने पश्चिमी तट पर देश की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी की स्थापना के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जिसकी कुल लागत है- **30 अरब डॉलर**
- दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति हैं - **ह्वांग क्यो अहन**
- राज्य सरकार जिसने हाल ही में देश की पहली उभयचर बस परियोजना का आरम्भ किया है - **पंजाब**
- पाकिस्तान में निर्मित क्रूज मिसाइल जिसकी मारक क्षमता 700 किलोमीटर है, का सफल परीक्षण किया है, जिसका नाम है- **बाबर**
- राज्य सरकार जिसने तमिलनाडु सरकार की अम्मा कैंटीन के साथ तर्ज पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ते मूल्य पर अच्छा भोजन उपलब्ध कराने के लिए 'अन्नपूर्णा रसोई योजना' शुरू किया, है- **राजस्थान**
- वित्त मंत्री अरुण जेटली और संचार और रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने स्टेट बैंक मोबीकैश मोबाइल वॉलेट का शुभारंभ किया जोकि उत्पाद है- **भारतीय स्टेट बैंक और बीएसएनएल**
- भारत का पहला विकास वित्तीय संस्थान- **भारतीय औद्योगिक वित्त निगम**

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## संक्षिप्तीकरण

| | |
|---|---|
| जीएआर | जनरल एण्टी-एवॉइडेन्स रूल |
| एएमसीस | एसेट मैनेजमेंट कम्पनीज़ |
| एमसीएलआर | मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फण्ड बेस्ड लेण्डिंग रेट्स |
| डीटीएसी | डबल टैक्सेशन अवॉइडेन्स कन्वेन्शन |
| यूएनसीटीएडी | यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेन्स ऑन ट्रेड एण्ड डेवेलपमेंट |
| एसएलएनपी | स्ट्रीट लाइटिंग नेशनल प्रोग्राम |
| एसएएफएफ | साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन |
| क्यूआईबी | क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दि ब्लाइण्ड इन इण्डिया |

## महत्वपूर्ण तिथि एवं दिवस

| | |
|---|---|
| 09 जनवरी | प्रवासी भारतीय दिवस |
| 12 जनवरी | राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानन्द का जन्म दिन) |
| 15 जनवरी | भारतीय थल सेना दिवस |
| 23 जनवरी | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती |
| 25 जनवरी | अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस, भारतीय पर्यटन दिवस, भारतीय मतदाता दिवस |
| 26 जनवरी | भारतीय गणतंत्र दिवस |
| 28 जनवरी | डाटा गोपनीयता दिवस |
| 28 जनवरी | लाला लाजपत राय जयंती |
| 30 जनवरी | विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस |

## आर्थिक शब्दावली

### राष्ट्रीय निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (NIIF)

राष्ट्रीय निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (NIIF) को देश में बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण को बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्मित किया गया है। यह राष्ट्रीय निवेश कोष से अलग है।

राष्ट्रीय निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (NIIF) को एक ट्रस्ट के रूप में निर्मित करने इस योजना थी जिसे से रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनियों में की इक्विटी के रूप में निवेश करने के लिए कर्ज जुटाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।

इसके निर्माण को केंद्रीय बजट 2015-16 में घोषित किया गया था।

इसके परिचालन ढांचे को 20 अगस्त 2015 को स्वीकृति दी गयी थी। राष्ट्रीय निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (NIIF), 28 दिसंबर, 2015 को सेबी के साथ द्वितीय श्रेणी वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के के रूप में पंजीकृत किया गया था। इसकी वेबसाइट को 8 जून 2016 को बनाया गया। सुजॉय बोस, निदेशक और ग्लोबल सह प्रमुख, इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्राकृतिक संसाधन, अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी), वाशिंगटन डीसी को 27 जून 2016 को एनआईआईएफ का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया।

फाइनेंशियल टाइम्स (लंदन) ने एनआईआईएफ को वित्त श्रेणी के अंतर्गत एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे नवीन संरचना के रूप में घोषित किया था।

## पुस्तक और लेखक




दि मेकिंग ऑफ दि प्रेसिडेन्ट 2016 : हाऊ डोनाल्ड ट्रम्प ऑरकेस्ट्रेटेड ए रेवोल्यशन :-रॉजर स्टोन




वी आर दि चेन्ज वी सीक : दि स्पीचेज़ ऑफ बराक ओबामा :- इ.जे. डिओन जेआर एण्ड ज्वॉय एन्न रीड




खुल्लम-खुल्लाः ऋषी कपूर अन्सेन्सर्ड :- ऋषी कपूर एण्ड मीना लाइर




एन अन स्यूटेबल ब्वॉय :- करन जौहर एण्ड पूनम सक्सेना




लिटिल ब्लैक बुक फॉर स्टनिंग सक्सेज़ + टूल्स फॉर एक्शन मास्टर :- रॉबिन शर्मा

Mahendra's

# i STUDENT PORTAL

EXAM BEFORE EXAM

# Become Successful with our Speed Test

**SOURCES**

- FACEBOOK
- GOOGLE +
- TWITTER
- YOU TUBE
- LINKEDIN

**EXAMS**

- IBPS
- SBI
- SSC
- RAILWAY

**LEADS**



**stportal.mahendras.org**

Mahendra's™

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

www.mahendras.org | myshop.mahendras.org | www.mahendraguru.com | www.mahendraskills.org|

## नियुक्ति

### शेख रफीक मोहम्मद



भारतीय मूल के सउदी स्थित एक उद्यमी, शेख रफीक मोहम्मद को किर्गिस्तान का मेजर जनरल नियुक्त किया गया है। इस मध्य एशियाई देश में एक भारतीय ने शायद ही कभी सेना का यह उच्च पद प्राप्त किया हो।

- केरल से सम्बन्ध रखने वाले शेख रफीक मोहम्मद को एक आधिकारिक समारोह में किर्गिस्तान के रक्षा मंत्री अली मिर्जा द्वारा किर्गिस्तान का मेजर जनरल नियुक्त किया गया।
- सूचना के अनुसार रफीक का परिवार दुबई में रहता है और रफीक को किर्गिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति कुर्मनबेक सालियेविच बकियेव ने यहां की नागरिकता दी थी, जिनसे वह ईरान में काम करने के दौरान मिले थे।

### डेविड आर सिम्लिह



राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने डेविड आर सिम्लिह को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया।

- यूपीएससी के सदस्य सिम्लिह से चार जनवरी को कार्यभार संभालने को कहा गया है। वह 21 जनवरी 2018 को अपने सेवानिवृति तक या फिर अगले आदेश तक इस पद पर रहेंगे।
- सरकार ने एक कथन में कहा कि राष्ट्रपति ने संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रोफेसर डेविड आर सिम्लिह को चार जनवरी 2017 से आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- वह पूर्व आईएएस अधिकारी अलका सिरोही का स्थान लेंगे।

### एस बी देव



एयर मार्शल एस बी देव ने एयर मार्शल बी एस धनोवा के स्थान पर वायुसेना के उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया। ज्ञात है कि धनोवा अब वायुसेना के प्रमुख हैं।

- भारतीय वायुसेना में 15 जून, 1979 को लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त करने वाले एयर मार्शल देव राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं।
- वह फ्लाइट कांबैट लीडर हैं और 'कैट ए' के क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं। देव के पास 3,800 घंटों के अभियान और प्रशिक्षण संबंध ी उड़ान का अनुभव है।

### प्रीति सूदन

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आंध्र प्रदेशः 1983) की अधिकारी प्रीति सूदन ने उपभोक्ता मामलें खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग में सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया।

- उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी वृंदा सरूप के सेवानिवृत्त होने पर यह पदभार सँभाला है। वर्तमान नियुक्ति से पूर्व प्रीति सूदन ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय सहित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।
- 33 वर्षों से अधिक के अपने कैरियर के दौरान, सूदन ने आंध्र प्रदेश के अपने कैडर राज्य में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने राजस्व विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वित्त, बीज/कृषि निगम सहित विभिन्न विभागों में कार्य किया।
- प्रीति सूदन ने अर्थशास्त्र में एम.फिल किया है। सूडान हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी और तेलुगू में निपुण हैं।

### जे एस खेहर



न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़े विवादित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) कानून को निरस्त करने वाली उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ का नेतृत्व कर चुके न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर ने भारत के 44वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की।

- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने न्यायमूर्ति खेहर को राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- पिछले माह तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश टी एस ठाकुर ने उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश यानी न्यायमूर्ति खेहर को अपने बाद इस पद पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।
- न्यायमूर्ति खेहर का कार्यकाल सात माह से कुछ अधिक होगा। वह 27 अगस्त तक इस पद पर रहेंगे।
- खेहर (64) सिख समुदाय से सम्बन्ध रखने वाले प्रथम प्रधान न्यायाध ीश होंगे।
- न्यायमूर्ति ठाकुर हाल ही में प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हो गए थे।
- एनजेएसी मामले में पीठ की अध्यक्षता करने के अतिरिक्त न्यायमूर्ति

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

खेहर उस पीठ की भी अध्यक्षता कर चुके हैं, जिसने अरूणाचल प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने को निरस्त कर दिया था।

## करन बाजवा



तकनीकी दिग्गज कंपनी आईबीएम ने करन बाजवा को अपने भारतीय परिचालन का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

- कंपनी ने एक कथन में बताया कि वह वनिता नारायण का स्थान लेंगे क्योंकि वनिता को आईबीएम इंडिया का चेयरमैन बनाया गया है।
- बाजवा पिछले वर्ष आईबीएम में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में रणनीति एवं बदलाव के लिए कार्यकारी के तौर पर नियुक्त किए गए थे। बाजवा पहले माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक भी रह चुके हैं।

## एस. पद्मनाभन



बिजली क्षेत्र की टाटा पावर ने एस. पद्मनाभन को कंपनी के निदेशक मंडल का चेयरमैन नामित किया है।

- बंबई शेयर बाजार को दी गयी जानकारी में कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल में अतिरिक्त निदेशक पद्मनाभन को कंपनी के निदेशक मंडल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल चार जनवरी **2017** से प्रभावी होगा।
- पद्मनाभन को पिछले महीने अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया था।
- टाटा पावर के निदेशक मंडल में सम्मिलित होने से पहले पद्मनाभन टाटा बिजनेस एक्सीलेंस ग्रुप के कार्यकारी चेयरमैन थे।
- पद्मनाभन का नामांकन कंपनी के निदेशक पद से साइरस मिस्त्री के त्यागपत्र देने के घटनाक्रम के बाद किया गया है।
- ज्ञात है कि टाटा समूह द्वारा मिस्त्री को समूह के चेयरमैन पद से अचानक हटाए जाने के बाद उनका समूह से विभिन्न स्तरों पर विवाद चल रहा है।

## राज शाह

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युवा भारतीय अमेरिकी राज शाह को व्हाइट हाउस में महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया।

- शाह ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के दौरान रिपब्लिकन पार्टी के हिलेरी क्लिंटन विरोधी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- उनके अभिभावक गुजरात से अमेरिका आए थे। प्रेसीडेन्शियल ट्रान्जीशन टीम की घोषणा के अनुसार, शाह को राष्ट्रपति, उप संचार निदेशक एवं अनुसंधान निदेशक का उप सहायक नियुक्त किया गया है।

## राजीव शाह



यूएसएआईडी के पूर्व प्रमुख राजीव जे शाह रॉकेफेलर फाउंडेशन के अध्यक्ष होंगे। यह संगठन परोपकार कार्यों से जुड़े अमेरिका के सबसे बड़े एवं सबसे प्रभावशाली संगठनों में से एक है। शाह समूह का नेतृत्व करने वाले सबसे युवा व्यक्ति एवं पहले भारतीय अमेरिकी होंगे।

- रॉकेफेलर फाउंडेशन जुडिथ रोडिन के उत्तराधिकारी के तौर पर शाह के नाम की घोषणा करेगा। जुडिथ **12** वर्ष से फाउंडेशन की प्रमुख रही हैं।
- सूचना में कहा गया कि नियुक्ति से शाह "धर्मार्थ सेवाओं से जुड़ी सबसे बड़ी शक्तियों" में सम्मिलित हो जाएंगे और हर वर्ष लगभग **20** करोड़ डॉलर का दान देने वाले समूह का प्रभार देखेंगे।
- सन **1913** में तेल कंपनी मालिक जॉन डी रॉकेफेलर ने इस फाउंडेशन की स्थापना की थी।
- रॉकेफेलर फाउंडेशन बोर्ड के प्रमुख रिचर्ड पारसन्स ने कहा कि एक प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के अंतर्गत सैकड़ों उम्मीदवारों के नाम पर विचार किया गया और यह काम करने वाली समिति ने सर्वसम्मति से शाह के नाम को अंतिम स्वीकृति दी।

## राहील शरीफ



रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की एक जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान में हाल में सेवानिवृत्त हुए सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ आतंकवाद से निपटने के लिए सउदी अरब के नेतृत्व में गठित **39** राष्ट्रों के इस्लामी सैन्य गठबंधन के प्रमुख होंगे।

- राहील नवंबर में सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और उनकी स्थान पर जनरल कमर जावेद बाजवा पाक सेना के नए प्रमुख बने हैं।

## नितिन खंडेलवाल



नितिन खंडेलवाल को अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण व्यापार महासंघ (जीजेएफ) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं प्रमोद अग्रवाल को महासंघ का वाइस चेयरमैन चुना गया

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

है। दोनों की नियुक्ति दो वर्ष के लिए होगी। जीजेएफ के लगभग तीन लाख सदस्य हैं जिनमें विनिर्माता, थोक कारोबारी, रिटेलर, वितरक, प्रयोगशालाएं तथा डिजाइनर सम्मिलित हैं।

## कुमार शरदिंदू

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की इकाई एसबीआई पेंशन फंड ने कुमार शरदिंदू को प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है।

- एसबीआई पेंशन फंड तीन पेंशन कोष प्रबंधकों में से एक है जिसकी नियुक्ति पेंशन नियामक पीएफआरडीए ने नेशनल पेंशन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत कर्मचारियों के पेंशन कोष के प्रबंधन के लिये किया है।
- इस नियुक्ति से पहले शरदिंदू एसबीआई कारपारेट सेंटर में महाप्रबंधक थे।

## कल्याण कृष्णमूर्ति



टाइगर ग्लोबल के पूर्व एग्जिक्यूटिव कल्याण कृष्णमूर्ति को ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। इससे पहले इस पद पर सचिन बंसल बने हुए थे।

- इसके साथ ही बिनी बंसल को ग्रुप सीईओ बनाया गया है। उनके लिए नई पोस्ट क्रिएट की गई है। फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल अब ग्रुप चेयरमैन बने रहेंगे। कृष्णमूर्ति ने जून **2016** में बतौर कॉमर्स यूनिट हेड फ्लिपकार्ट जॉइन किया था। टाइगर ग्लोबल फ्लिपकार्ट की सबसे बड़ी शेयर होल्डर कंपनी है।
- ग्रुप की फैशन यूनिट मिंत्रा-जबॉन्ग के सीईओ अनंत नारायण और पेमेंट यूनिट फोनपे के सीईओ समीर निगम बिनी बंसल को रिपोर्ट करेंगे।
- नए रोल में कृष्णमूर्ति पीऐंडएल का दायित्व निभाएंगे। फ्लिपकार्ट के वर्तमान चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर नितिन सेठ अब सीओओ की भूमिका में होंगे। अब वह ई-कार्ट और कस्टमर एक्सपीरियंस पर दृष्टि रखेंगे। सेठ एचआर, स्ट्रैटजी और कॉर्पोरेट फंक्शनिंग पर भी दृष्टि रखेंगे।

## मधुर भंडारकर



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निदेशक मधुर भंडारकर को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कोलकाता के 'सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान' (एसआरएफटीआई) का सदस्य नामित किया है।

- एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अपनी अगली फिल्म 'इंदू सरकार' की शूटिंग कर रहे भंडारकर को एसआरएफटीआई से औपचारिक पत्र प्राप्त हुआ है। संस्थान का नाम सत्यजीत रे के नाम पर है जिन्होंने 'अपराजितो', 'चारूलता', 'अपुर संसार' जैसी स्मरणीय फिल्में दी हैं। यह संस्थान सिनेमाई अध्ययन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाता है।

## जैसन कोठारी



हाउसिंग.काम के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैसन कोठारी को ई-कामर्स कंपनी स्नैपडील ने अपना रणनीति एवं निवेश परिचालन का प्रमुख नियुक्त किया है।

- एक दिन पहले ही रीयल्टी पोर्टल हाउसिंग.काम का प्रॉप टाइगर के साथ विलय हुआ है।
- स्नैपडील ने एक कथन में कहा कि मुख्य रणनीति एवं निवेश अधिकारी के रूप में कोठारी स्नैपडील के सह संस्थापकों कुणाल बहल तथा रोहित बंसल के साथ प्रमुख नेतृत्व वाली भूमिका में काम करेंगे। कोठारी **16** जनवरी को स्नैपडील से जुड़ेंगे।

## यू थाउंग तुन

म्यांमार सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में यू थाउंग तुन को नियुक्त किया है।

- एक कथन में कहा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को आतंरिक और बाहरी खतरों का आंकलन करने और राष्ट्रपति व सरकार को सुझाव देने के लिए नामित किया गया है।
- कथन में कहा गया है कि सलाहकार का दर्जा एक मंत्री के बराबर होगा।

## एन चंद्रशेखरन

साफ्टवेयर और लोहा से नमक तक बनाने वाले देश के प्रमुख औद्योगिक घराने टाटा की धारक कंपनी टाटा संस ने समूह की एक कंपनी टीसीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक एन चंद्रशेखरन को अपना नया कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त करने की घोषणा की।

- साइरस मिस्त्री को इस पद से हटाए जाने के लगभग दो माह बाद यह नियुक्ति की गई है।
- चंद्रा के नाम से लोकप्रिय **54** वर्षीय चंद्रशेखरन **21** फरवरी को अंतरिम चेयरमैन रतन टाटा से टाटा संस के चेयरमैन का पदभार संभालेंगे। टाटा समूह देश विदेश में वार्षिक **103** अरब डॉलर से अधिक का कारोबार करता है।
- चंद्रशेखरन ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा कि टाटा समूह तीव्र बदलाव से गुजर रहा है और उनका प्रयास होगा कि समूह को नैतिकता और उन मूल्यों के साथ आगे बढ़ाने में सहायता की जा सके जिनके आधार पर इसका निर्माण हुआ है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- इसमें यह भी नहीं बताया गया है कि रतन टाटा की आगे क्या भूमिका होगी। मिस्त्री को हटाए जाने के बाद टाटा को टाटा संस का अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया था।

## राजेश गोपीनाथन



देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने राजेश गोपीनाथन को अपना नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।

- कंपनी ने एक कथन में बताया कि वह एन. चंद्रशेखरन का स्थान लेंगे जिन्हें टाटा समूह की धारक कंपनी टाटा संस का चेयरमैन बनाया गया है।
- गोपीनाथन का कार्यकाल **21** फरवरी **2017** से शुरू होगा। भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद से प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा करने वो गोपीनाथ टीसीएस के साथ **2001** से जुड़े हैं। उन्हें फरवरी **2013** में कंपनी का मुख्य वित्त अधिकारी बनाया गया था।
- उन्होंने आरईसी त्रिचुरापल्ली (अब एनआईटी त्रिचुरापल्ली) से **1994** में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की थी।
- टीसीएस फाइनेंशियल सॉल्युशंस के अध्यक्ष एन. गणपति सुब्रहमण्यम को टीसीएस कंपनी का अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी बनाया गया है। वह कंपनी के निदेशक मंडल में भी रहेंगे।

## रविकुमार एस



देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस ने अध्यक्ष और मुख्य डिलीवरी अधिकारी रविकुमार एस को पदोन्नत कर उप-मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से पदोन्नत किया गया है। वह मुख्य परिचालन अधिकारी यू बी प्रवीण राव को रिपोर्ट करेंगे।

- वैश्विक डिलीवरी संगठन के प्रमुख की अपनी वर्तमान दायित्व के साथ रविकुमार एस कुछ निश्चित रणनीतिक कारोबार से जुड़े कार्यों को देखेंगे और भारत में रहेंगे। इंफोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल सिक्का ने कहा कि रवि की नियुक्ति से हमारी क्षमता बढ़ेगी।

## सरत चंद

लेफ्टिनेंट जनरल सरत चंद ने उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला और अमर जवान ज्योति पर श्रद्धांजलि दी। उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले जनरल ऑफिसर दक्षिण-पश्चिम कमांड की कमान संभाल रहे थे।



- जनरल ऑफिसर को गढ़वाल राइफल्स में जून, **1979** में कमीशन किया गया था। अपने **38** वर्षों के करियर में वह कई चुनौतिपूर्ण दायित्व संभाल चुके हैं। वह सक्रिय रूप से कमांड के हर स्तर पर नेतृत्व कर चुके हैं।
- वह लद्दाख के कारगिल सेक्टर में कंपनी की कमांड संभालने के अतिरिक्त श्रीलंका में आईपीकेएफ के हिस्से के तौर पर ऑपरेशन पवन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। ऑपरेशन राइनो और ऑपरेशन फालकॉन में उन्होंने बटालियन को कमांड किया। कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों में भी वह सम्मिलित रहे हैं। जनरल ऑफिसर सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यूएनओएसओएम-**II**) में भी अपनी सेवा दे चुके हैं।
- जनरल ऑफिसर उप सेना प्रमुख के तौर पर सेना मुख्यालय में जनरल स्टाफ ब्रांच का नेतृत्व करेंगे और कर्तव्यों के निर्वहन में सेना प्रमुख की सहायता करेंगे।

## एंटोनियो तजानी



ईपीपी क्रिश्चियन डेमोक्रेट समूह के एंटोनियो तजानी को यूरोपीय संसद का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनका चयन एक दिवसीय मतदान श्रृंखला के माध्यम से किया गया है और इसमें उन्होंने अपने समाजवादी प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया है। मतदान के पहले चरण से पहले यूरोपीय संघ की विधायिका के सबसे बड़े समूह ईपीपी और चौथे सबसे बड़े समूह एएलडीई ने एक गठबंधन की घोषणा की, जिससे तजानी को समाजवादी गियानी पिटेला पर आरम्भ में ही भारी बढ़त मिल गई।

- फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में विधायिका में मतदान के चार चरणों तक उनकी बढ़त बनी रही।
- दो इतालवी लोगों के बीच की इस लड़ाई के अंतिम निर्णायक चरण में तजानी ने **351-282** के अंतर से जीत प्राप्त की।
- तजानी की जीत के साथ ही क्रिश्चियन डेमोक्रेट समूह को यूरोपीय संघ के सभी बड़े पद मिल गए हैं। डोनाल्ड टस्क परिषद के अध्यक्ष हैं और ज्यां -क्लॉड जंकर आयोग प्रमुख हैं।

## सोनी परड्यू

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जार्जिया के पूर्व गवर्नर सोनी परड्यू को कृषि मंत्री नामित किया है। इसके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से एक दिन पहले उन्होंने अपने मंत्रिमंडल में सभी सहयोगियों का चयन कर लिया है। उन्होंने एक कथन में कहा कि सोनी परड्यू कृषि मंत्री के रूप में बड़ी चीजों को पूरा करने जा रहे हैं।



- कथन के अनुसार किसान परिवार से संबंध रखने वाले सोनी ने अपना पूरा जीवन किसानों की चुनौतियों को समझने और सुलझाने में लगाया। कृषि मंत्री के रूप में वह उन अमेरिकी नागरिकों के लिये बड़े परिणाम देने जा रहे है जो खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं।

## आलोक कुमार वर्मा



सरकार ने दिल्ली पुलिस आयुक्त आलोक कुमार वर्मा को सीबीआई का निदेशक नियुक्त किया।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने उनके नाम को स्वीकृति दी। समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर और लोकसभा में कांग्रेस के नेता मलिक्कार्जुन खड़गे भी हैं।
- समझा जाता है कि खड़गे ने 16 जनवरी को हुई चयन समिति की बैठक में वर्मा के नाम पर इस आधार पर अपनी असहमति अंकित कराई कि उन्होंने कभी सीबीआई में काम नहीं किया है। वर्मा के साथ सीबीआई प्रमुख की दौड़ में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक कृष्ण चौधरी और महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक एस सी माथुर आदि के नाम भी चल रहे थे।सीबीआई प्रमुख के रूप में वर्मा का दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल होगा।
- सीबीआई निदेशक के पद से दो दिसंबर को अनिल सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद एक महीने से अधिक वक्त से यह पद रिक्त था।फिलहाल गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना देश की प्रमुख जांच एजेंसी के अंतरिम निदेशक हैं।
- अरणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्रशासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1979 बैच के आईपीएस अधिकारी वर्मा ने 29 फरवरी, 2016 को दिल्ली पुलिस आयुक्त की दायित्व संभाला था।
- दिल्ली से संबंध रखने वाले 59 वर्षीय वर्मा दिल्ली पुलिस, अंडमान निकोबार, पुडुचेरी, मिजोरम और आईबी में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।
- दिल्ली पुलिस आयुक्त नियुक्त किये जाने से पहले वह यहां तिहाड़ जेल के महानिदेशक थे। वर्मा सीबीआई के 27वें निदेशक हैं जिनमें दो कार्यवाहक निदेशकों का कार्यकाल भी सम्मिलित है।

## प्रफुल्ल पटेल



अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को चार वर्ष के लिये फीफा की महत्वपूर्ण वित्तीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया।

- पटेल को पिछले वर्ष दिसंबर में एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) का वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया था।
- पटेल के एआईएफएफ अध्यक्ष रहते हुए भारत ने पहली बार फीफा अंडर-17 विश्व की मेजबानी प्राप्त की और पिछले वर्ष सितंबर में उसने एएफसी अंडर-16 चैंपियनशिप की मेजबानी की।

## विशाल कौल



एप के माध्यम से कैब बुकिंग सेवा देने वाली ओला ने पेप्सीको के पूर्व कार्यकारी विशाल कौल को मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है।

- वे प्रणय जीवराजका का स्थान लेंगे जो कि ओला के पहले कर्मचारी रहे। कंपनी का कहना है कि जीवराजका को संस्थापक भागीदार नियुक्त किया गया है और वे ओला के सह संस्थापक व सीईओ भवीश अग्रवाल के साथ काम करते रहेंगे।

## एस. जयशंकर



सरकार ने विदेश सचिव एस. जयशंकर का कार्यकाल एक वर्ष और बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल 28 जनवरी को समाप्त हो रहा था। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके कार्यकाल को 28 जनवरी 2018 तक बढ़ाने की स्वीकृति दी है।

- जयशंकर 1977 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। सेवानिवृत्ति से कुछ ही दिनों पहले 29 जनवरी 2015 को उन्हें सुजाता सिंह की जगह विदेश सचिव बनाया गया था। सुजाता सिंह को अचानक पद से हटा दिया गया था।
- जयशंकर का कार्यकाल बढ़ाने से कई वरिष्ठ राजनयिक मंत्रालय में शीर्ष पद पर बैठे बिना सेवानिवृत्त हो जाएंगे।
- इनमें इटली में भारतीय राजदूत अनिल वाधवा (1979 बैच) और सचिव (पश्चिम) सुजाता मेहता (1980 बैच) सम्मिलित हैं। आनेवाले महीने में विदेश मंत्रालय में कई प्रमुख नियुक्तियां की जाएंगी।
- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और अतिरिक्त सचिव विकास स्वरूप कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त बनने जा रहे हैं। विष्णु प्रकाश के सेवानिवृत्त होने के बाद अक्टूबर से यह पद रिक्त है। स्वरूप के स्थान पर गोपाल बागले की नियुक्ति होने की संभावना है।

- बागले अभी मंत्रालय में पाकिस्तान-ईरान-अफगानिस्तान के मामले देख रहे हैं।
- दास का कार्यकाल बढ़ा सरकार ने आर्थिक मामलों के सचिव शक्तिकांत दास का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा दिया है। अब वह **31** मई तक अपने पद पर बने रहेंगे। दास **1980** बैच के तमिलनाडु कैडर के आइएएस अधिकारी हैं।
- रीना बर्नी आंतरिक सुरक्षा सचिव वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी रीना मित्रा को गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा डिविजन का सचिव बनाया गया है। अभी वह बीएसएफ की विशेष महानिदेशक के पद पर काम कर रही हैं। मित्रा **1983** बैच की मध्य प्रदेश कैडर की आइपीएस अधिकारी हैं।

## वी सुब्रमण्यम



म्यूचुअल फंड उद्योग के दिग्गज वेतरी सुब्रमण्यम को यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (यूटीआई एएमसी) का समूह अध्यक्ष एवं इक्विटी प्रमुख नियुक्त किया गया है।

- कंपनी ने कहा कि सुब्रमण्यम ने यूटीआई म्यूचुअल फंड की लगभग **35,000** करोड़ रुपये की इक्विटी योजनाओं के शोध एवं कोष प्रबंधन का पूर्ण प्रभार संभाला है।
- फिलहाल प्रबंधन के अंतर्गत परिसंपत्तियों (एयूएम) यूटीआई एएमसी छठा सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनी है।

## डर्क सीगार



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने नीदरलैंड के अधिकारी डर्क सीगार को नई दिल्ली में विश्व निकाय के सूचना केंद्र का निदेशक नियुक्त किया है।

- नीदरलैंड के डर्क सीगार को नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र सूचना केंद्र (यूएनआईसी) का निदेशक नियुक्त किया गया है।
- उनका कार्यक्षेत्र भारत और भूटान है। सीगार ने **20** जनवरी से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।
- इस नियुक्ति से पहले सीगार **2013** से युनाइटेड नेशंस रेसीडेंट्स कोआर्डिनेटर ऑफिस के प्रमुख और दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के राहत, एकीकरण और सुरक्षा प्रभाग में प्रमुख का दायित्व निभा रहे थे।
- दक्षिणी सूडान में उनका दायित्व मिशन के अंतर्गत नागरिक ठिकानों की सुरक्षा की थी।
- यहां हिंसा प्रभावित दो लाख लोगों ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों के अनुसार शरण मांगी थी।

## माइक पोंपियो



माइक पोंपियो ने अमेरिका की सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें उपराष्ट्रपति माइक पेंस द्वारा कार्यालय की शपथ दिलाई गयी।

- शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अमेरिकी सीनेट द्वारा उनके नाम को स्वीकृति दिए जाने के बाद आयोजित किया गया। पोंपियो को **66-32** मतों से विजय प्राप्त हुई।

### माइक पोंपियो के बारे में:-

- माइक पोंपियो इससे पूर्व **2011** से **2017** तक केंसास के चौथे कांग्रेसी प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थे।
- वे रिपब्लिकन पार्टी में हुई टी-पार्टी मूवमेंट के भी सदस्य थे।
- उन्होंने केंसास का रिपब्लिकन नेशनल समिति में भी प्रतिनिधित्व किया।

### सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के बारे में:-

- सीआईए अमेरिकी संघीय सरकार की केंद्रीय खुफिया एजेंसी है जो राष्ट्रीय सुरक्षा सूचनाओं को एकत्रित और उनका विश्लेषण करती है।
- यह राष्ट्रपति तथा कैबिनेट को खुफिया जानकारी प्रदान करने का कार्य करती है।
- सीआईए का प्रमुख एजेंसी का निदेशक होता है।
- संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के विपरीत सीआईए को कानून प्रवर्तन कार्य का अधिकार नहीं हैय यह मुख्य रूप से विश्व भर से खुफिया जानकारियां जुटाती है।
- सीआईए के सबसे बड़े विभाग सूचना संचालन केंद्र (आईओसी) का फोकस आतंकवाद से बदलकर साइबर अपराध ऑपरेशन कर दिया गया है।
- सीआईए की मुख्य उपलब्धियों में ओसामा बिन लादेन को पकड़ना तथा ऑपरेशन नेपच्यून स्पीयर का सफल क्रियान्वयन सम्मिलित है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

# पुरस्कार/सम्मान

## टेक्निकल अचीवमेंट अवार्ड



आईआईटी खड़गपुर के एक पूर्व छात्र, पराग हवलदार ने 'टेक्निकल ऑस्कर' अपने नाम कर लिया है। पराग हवलदार को अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स एंड साइंसेज की ओर से टेक्निकल अचीवमेंट अवार्ड दिया गया है। इसे टेक्निकल ऑस्कर कहा जाता है। पराग ने **1991** में आईआईटी से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में डिग्री ली थी। उन्हें सोनी पिक्चर्स इमेजवर्क्स में एक्सप्रेशन बेस्ड फेशियल परफॉर्मेंस-कैप्चर टेक्नोलॉजी डेवलप करने के लिए यह सम्मान मिला है।

- पराग और उनकी टीम के द्वारा डेवलप इस टेक्नोलॉजी से रियलिस्टिक कैरेक्टर वाले एनिमेशन बनाना आसान हो जाता है। पराग के लोकप्रिय काम में वाचमैन, ग्रीन लानटेन, द अमेजिंग स्पाइडरमैन प्रमुख है। **11** फरवरी को उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

## ई प्रशासन पुरस्कार




गुरूग्राम जिला प्रशासन को ई-प्रशासन पर होने वाले **20**वें राष्ट्रीय सम्मेलन में 'राष्ट्रीय ई प्रशासन पुरस्कार' दिया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि सम्मेलन आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में नौ और **10** जनवरी को होगा।

- ई प्रशासन में जीआईएस प्रौद्योगिकी के नवोन्मेषी उपयोग की श्रेणी चार के अंतर्गत गुरूग्राम जिला प्रशासन के जी-ट्रायंगुलेशन परियोजना को स्वर्ण पुरस्कार दिया गया है।

## संयुक्त क्षय रोग (टीबी) जागरूकता अभियान में योगदान के लिए पुरस्कार




बॉलीवुड के शहंशाह और पद्म विभूषण से सम्मानित अमिताभ बच्चन को अमेरिकी दूतावास ने भारत-अमेरिका के बीच संयुक्त क्षय रोग (टीबी) जागरूकता अभियान में उनके योगदान के लिए उन्हें पुरस्कृत किया। भारत में अमेरिका के राजदूत रिचर्ड आर वर्मा ने इस अच्छे काम के लिए ब्रांड एम्बेसडर बच्चन को सम्मानित किया। बच्चन इस कार्यक्रम के लिए ब्रांड एम्बेसडर हैं।

## प्रेसिडेंशियल अर्ली करियर अवॉर्डस फॉर साइंटिस्ट्स ऐंड इंजीनियर्स (पीईसीएएसई) सम्मान

अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने विज्ञान और इंजीनियरिंग पेशेवरों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान के लिए चार भारतीय-अमेरिकियों को चुना है। यह सम्मान पेशेवरों को उनके शोध करियर के प्रारंभिक चरणों में दिया जाता है जो नवाचार के माध्यम से अमेरिका को एक कदम आगे रखने में सहायता देते हैं।




- इन चारों का नाम **102** वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं की उस सूची में सम्मिलित है जिन्हें प्रेसिडेंशियल अर्ली करियर अवॉर्डस फॉर साइंटिस्ट्स ऐंड इंजीनियर्स (पीईसीएएसई) सम्मान दिया जाएगा।
- ये वैज्ञानिक हैं मांटक्लेयर स्टेट यूनिवर्सिटी के पंकज लाल, नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी के कौशिक चौधरी, माउंट सिनाई के इकान स्कूल ऑफ मेडिसिन के मनीष अरोड़ा और लॉस एंजिलिस स्थित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की आराधना त्रिपाठी। विज्ञान और इंजीनियरिंग पेशेवरों को उनके स्वतंत्र रिसर्च करियर के आरम्भी चरणों में अमेरिकी सरकार द्वारा दिया जाना वाला यह सर्वोच्च सम्मान है।

## लॉरेस अवॉर्ड के लिए नामित




विश्व के सबसे तेज फर्राटा धावक जमैका के उसेन बोल्ट और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी चुने गए पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लॉरेस विश्व खेल अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है।

- आश्चर्यजनक यह है कि अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को अवॉर्ड के लिए नामांकन में स्थान नहीं मिला है। इन पुरस्कारों के नामांकन में रियो ओलम्पिक के हीरो बोल्ट, लंबी दूरी के धावक और तीन बार लॉरेस विजेता मो फाराह, ओलम्पिक चैम्पियन टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे, रोनाल्डो और बास्केटबॉल की जोड़ी स्टीफन करी तथा लेब्रोन जेम्स सम्मिलित हैं।
- एक कथन के अनुसार इन पुरस्कारों के लिए नामांकित खिलाड़ियों का चयन विश्वभर के मीडिया द्वारा किया जाता है। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवार्ड के लिए छह नामांकनों में सभी ओलम्पिक पदक विजेता हैं। इसमें अमेरिका की महिला जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स, केटी लेडेस्की और एलीसन फेलिक्स, सर्वोच्च विश्व वरीयता प्राप्त महिला टेनिस खिलाड़ी एंजेलिक केर्बर, जमैका के स्टार इलाने थॉम्पसन और ब्रिटेन के साइकिल चालक लॉरा केनी सम्मिलित हैं। तैराक माइकल फेल्प्स, सबसे सफल ओलिंपियन जिन्हें **28** पदक प्राप्त हुए हैं, जिनमे से **23** स्वर्ण मेडल हैं, ने इस वर्ष रिओ में **5** स्वर्ण और **1** रजत पदक जीतने के बाद, लॉरेस अवॉर्ड के इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कमबैक खिलाड़ी के नामांकन में शीर्ष पर हैं।

अन्य व्यक्ति जिनका नामांकन इस श्रेणी के लिए किया गया है, वे हैं:- स्पेन के ऊँची कूद खिलाड़ी रुथ बितिया, अर्जेंटीना के डेविस कप विजेता जुआन मार्टिन डेल पोत्रो, ब्रिटिश शो जम्पर निक स्केलेटन, मॉरिशस त्रि एथेलेट फबिएन्ने स्त लुइस और नार्वेजियन स्किएर एक्सेल लुंड स्विंडल आदि।

## सर्वोच्च नागरिक सम्मान

अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उपराष्ट्रपति जो बाइडेन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से सम्मानित किया।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- बाइडेन आठ वर्षों से व्हाइट हाउस में ओबामा के सहयोगी रहे हैं।
- ओबामा ने 74 वर्षीय बाइडेन को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में डेलावेयर के पूर्व सीनेटर को "अमेरिका का सबसे अच्छा उपराष्ट्रपति" और "अमेरिकी इतिहास का शेर" बताया।



## फिल्मफेयर अवॉर्ड 2017



62 वें जियो फिल्मफेयर पुरस्कार 2017 15 जनवरी 2017 को दिए गए।

62 वें जियो फिल्मफेयर पुरस्कार 2017 के विजेताओं की पूरी सूची है:

| | | |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) | : | आमिर खान (दंगल) |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) | : | आलिया भट्ट ( उड़ता पंजाब ) |
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | : | दंगल |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | : | नीतेश तिवारी (दंगल) |
| फिल्मफेयर की क्रिटिक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार | : | नीरजा |
| फिल्मफेयर क्रिटिक्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता अवार्ड (पुरुष) | : | शाहिद कपूर (उड़ता पंजाब) और मनोज वाजपेयी (अलीगढ़) |
| फिल्मफेयर क्रिटिक्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता अवार्ड (महिला) | : | सोनम कपूर (नीरजा) |
| एक लघु फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) | : | तांडव (मनोज बाजपेयी) |
| सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म पीपुल्स च्वाइस | : | खामखाँ |
| सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म (फिक्शन) | : | चटनी |
| सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म (गैर-फिक्शन) | : | माटीतली कुश्ती |
| एक लघु फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) | : | टिस्का चोपड़ा (चटनी) |
| सर्वश्रेत्र पहली फिल्म के निर्देशक | : | अश्विनी तिवारी अय्यर (नील बटे सन्नाटा) |
| बेस्ट मेल डेब्यू | : | दिलजीत दोसांझ (उड़ता पंजाब) |
| बेस्ट फीमेल डेब्यू | : | रितिका सिंह (साला खड़ूस) |
| सर्वश्रेष्ठ संवाद | : | रितेश शाह (पिंक) |
| सर्वश्रेष्ठ पटकथा | : | शकुन बत्रा और आयशा देवित्रे ढिल्लों (कपूर एंड संस) |
| सर्वश्रेष्ठ कहानी | : | शकुन बत्रा और आयशा देवित्रे ढिल्लों (कपूर एंड संस) |
| कपूर एंड संस (1921 के बाद से) के लिए ऋषि कपूर | : | एक सहायक भूमिका (पुरुष) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता |
| सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) | : | शबाना आजमी (नीरजा) |
| फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड | : | शत्रुघ्न सिन्हा |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम | : | प्रीतम (ऐ दिल है मुश्किल) |
| सर्वश्रेष्ठ गीतकार | : | अमिताभ भट्टाचार्य (ऐ दिल है मुश्किल से चन्ना मेरेया) |
| बेस्ट प्लेबैक सिंगर (पुरुष) | : | अरिजीत सिंह (ऐ दिल है मुश्किल से ऐ दिल है मुश्किल के लिए) |
| बेस्ट प्लेबैक सिंगर (महिला) | : | नेहा भसीन (सुल्तान से जग घूमेया के लिए) |
| नई संगीत प्रतिभा के लिए फिल्मफेयर आरडी बर्मन पुरस्कार | : | अमित मिश्रा ( ऐ दिल है मुश्किल से बुल्लेया के लिए) |
| बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स | : | फैन के लिए रेड चिलीज |
| सर्वश्रेष्ठ संपादन | : | मनीषा बल्दावा (नीरजा) |
| सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम | : | पायल सलूजा (उड़ता पंजाब) |
| सर्वश्रेष्ठ एक्शन | : | श्याम कौशल (दंगल) |
| बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर | : | समीर उद्दीन (कपूर एंड संस) |
| बेस्ट कोरियोग्राफी | : | आदिल शेख (कपूर एंड संस में कर गयी चुल के लिए) |
| सर्वश्रेष्ठ छायांकन | : | मितेश मीरचंदानी (नीरजा) |

## टी.एस. इलियट पुरस्कार



ब्रिटिश कवि जैकब पोली को वर्ष 2016 के टी.एस. इलियट पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें उनकी चौथी कविता संग्रह 'जैकसेल्फ' के लिए यह पुरस्कार मिला।

- यह कविता संग्रह कम्ब्रिया से जुड़ी उनकी बचपन की यादों से आंशिक रूप से प्रेरित है। समाचार पत्र 'द गार्जियन' के अनुसार, निर्णायक मंडल के एक सदस्य रुथ पैडल ने कहा कि 'जैकसेल्फ' आविष्कारशील, रोमांचक, शानदार और भावनाओं की गहराई है।
- लंदन के वैलेस कलेक्शन गैलरी में आयोजित एक समारोह में पोली ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित कविता पुरस्कार के विजेता के रूप में उभरे। पोली की पुस्तक 10 नामित किताबों में से चुनी गई। पोली 20,000 पाउंड (24,000 डॉलर) पुरस्कार राशि वाले इस प्रतिष्ठित पुरस्कार

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

के 23वें विजेता हैं। इसकी स्थापना कवि टी.एस. इलियट की विधवा पत्नी वैलेरी ने 1993 में की थी और अब इसका संचालन टीएस इलियट फाउंडेशन करता है।

- कार्लिस्ले में 1975 में जन्मे पोली ने लैंकेस्टर विश्वविद्यालय से रचनात्मक लेखन में पढ़ाई की है और फिलहाल वह इंग्लैंड के न्यूकैसल यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं।

## पीपल चॉइस पुरस्कार 2017




भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने 'ग्रे'ज एनाटॉमी' की अभिनेत्री एलेन पोम्पिओ और वियोला डेविज को पीछे छोड़ते हुए '2017 पीपल चॉइस अवार्ड' में पसंदीदा ड्रामेटिक टीवी अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम कर लिया है।

- प्रियंका को यह पुरस्कार उनके अमेरिकी टीवी शो 'क्वांटिको' के लिए मिला। उनका यह दूसरा पीपल चॉइस अवार्ड है ।
- पसंदीदा ड्रामेटिक श्रेणी में विजेता घोषित किए जाने के बाद प्रियंका ने अपनी मां मधु चोपड़ा को गले लगाया और फिर वह पुरस्कार लेने मंच पर गई। इस श्रेणी में कैरी वाशिंगटन और ताराजी पी हेनसन भी नामित थीं।
- पुरस्कार मिलने से 'अभिभूत' प्रियंका ने कहा कि वह पॉम्पेओ, डेविस और अन्य के साथ नामित होकर सम्मानित अनुभव कर रही हैं।
- प्रियंका के अतिरिक्त '2017 पीपल चॉइस अवार्ड' में भारतीय मूल की लिली सिंह को भी पसंदीदा यूट्यूब स्टार की श्रेणी में नामित किया गया था। अभिनेत्री और कॉमेडियन एलन डेजेनेरस ने 43वें पीपल्स चॉइस अवार्ड में तीन और पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया है।
- 'फाइंडिंग डॉरी' की स्टार ने माइक्रोसॉफ्ट थियेटर में अपना 20वां, 21वां और 22वां पुरस्कार जीता। वह अमेरिका में अपना एक टॉक शो होस्ट करती हैं जिसकी रेटिंग टॉप पर है।
- एलन डेजेनेरस ने फेवेरेट डेटाइम टीवी शो होस्ट, फेवरेट कॉमेडिक कोलाबोरेशन और फेवरेट एनिमेटेड मूवी वॉयस का पुरस्कार जीता। गायक-अभिनेता जस्टिन टिम्बरलेक ने उन्हें ट्राफियां प्रदान की।
- डेजेनेरस ने पुरस्कार प्राप्त करने के दौरान कहा कि यह अद्भुत है। यह वास्तव में कुछ ऐसा है जो मेरे लिए बहुत अधिक मायने रखता है क्योंकि यह लोगों की पसंद को व्यक्त करता है।
- उन्होंने कहा कि मेरे यहां तक पहुंचने के लिए आप लोग जिम्मेदार हैं, आप सब लोगों का धन्यवाद।
- पसंदीदा फिल्म और पसंदीदा पारिवारिक फिल्म की श्रेणी के लिए डेजेनेरेस की ''फाइंडिंग डॉरी'' को भी नामांकित किया गया था।
- अन्य श्रेणी के अवार्ड विजेताओं में टिंबरलेक, ब्लेक शेल्टन, लड़कियों के बैंड 'फिफ्थ हार्मनी', जॉनी डेप, रॉबर्ट डाउनी जूनियर, टेलर पेरी, टॉम हैंक्स, केविन हर्ट, मेलिसा मैक्कॉर्थी, जेनिफर लॉरेन्स, सोफिया वर्जारा, जेनिफर लोपेज आदि सम्मिलित हैं।

## गोल्डन पीकॉक पुरस्कार



जीएमआर समूह के नेतृत्व वाले संघ, दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (डायल) ने कहा कि उसे उड्डयन परिवहन क्षेत्र में कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी के लिए वर्ष 2016 का गोल्डन पीकॉक पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी पर आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

- यह पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ परंपराओं का पालन करते हुए हमारे समाज के लिए अनुकरणीय परिणाम प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता को पुख्ता करता है। गोल्डन पीकॉक पुरस्कार भारतीय निदेशक संस्थान द्वारा 1991 में स्थापित किया गया था और यह वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट उत्कृष्टता का बेंचमार्क माना जाता है।

## ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों- पुरूषोत्तम सावरीकर,माखन सिंह खानगुरे और विजय कुमार को वर्ष 2017 के लिए ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया मेडल' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान और समुदाय के लिए काम करने के लिए दिया गया है।

- सिडनी के चिकित्सक पुरूषोत्तम सावरीकर को 2017 के लिए ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया मेडल से सम्मानित किया गया है। इसकी घोषणा ऑस्ट्रेलिया दिवस पर जनरल डिवीजन श्रेणी में की गई थी। यह सम्मान उन्हें चिकित्सा में उनकी सेवा और भारतीय समुदाय के लिए काम करने के लिए दिया गया है। सावरीकर 'ऑस्ट्रेलियन इंडियन मेडिकल ग्रेजुएट्स असोसिएशन' के पूर्व अध्यक्ष हैं और सामुदायिक रेडियो 'आकाशवाणी सिडनी' के संस्थापक हैं।
- पर्थ के माखन सिंह खानगुरे को पुरस्कार न्यूरोरेडियालॉजी और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा के लिए दिया गया है। परमाणु चिकित्सा विशेषज्ञ और शोधकर्ता विजय कुमार को परमाणु चिकित्सा और जीव विज्ञान के क्षेत्र में शोध के लिए तथा पेशेवर संगठनों और समुदाय में महत्वपूर्ण सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया है। कुमार सिडनी तमिल संगम असोसिएशन के संस्थापक सदस्य हैं और उन्हें 2007 तथा 2014 में ऑस्ट्रेलिया न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- डार्विन के तेजिंदर पाल सिंह को 'ऑस्ट्रेलियन ऑफ द ईयर लोकल हीरो' पुरस्कार श्रेणी की अंतिम सूची में सम्मिलित किया गया। समुदाय में सुधार के उनके प्रयासों के कारण से उनका नाम इस सूची में सम्मिलित किया गया ।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

# निधन

## जॉन बर्जर

बुकर पुरस्कार विजेता, उपन्यास लेखक और एवं कला समीक्षक जॉन बर्जर का निधन हो गया है। वह **90** वर्ष के थे।

- बीबीसी पर आई उनकी ''वेज ऑफ सीइंग'' श्रृंखला ने कला समीक्षा में राजनीतिक दृष्टिकोण का सूत्रपात किया था।
- बर्जर को **1972** में उनकी किताब 'जी' के लिए बुकर पुरस्कार दिया गया था। पुरस्कार की आधी राशि बर्जर ने रेडिकल अफ्रीकी-अमेरिकी आंदोलन ब्लैक पैंथर्स को दे दी थी।

## महादेव प्रसाद



कर्नाटक के सहकारी मंत्री एच एस महादेव प्रसाद का चिकमंगलूर जिले के कोप्पा स्थित एक निजी रिसोर्ट में निधन हो गया।प्रसाद की उम्र **58** वर्ष थी।

- उन्होंने कुछ वर्षों पहले अपनी बाईपास सर्जरी भी करायी थी। प्रसाद जोकि चामराजनगर जिले के गुंदलुपेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निकट सहयोगी थे।
- सिद्धारमैया ने प्रसाद की मृत्यु को अनपेक्षित और चकित करने वाली बताया।

## अब्दुल हलीम जाफर खान



प्रख्यात सितार वादक अब्दुल हलीम जाफर खान का निधन हो गया। वह **88** वर्ष के थे। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि खान ने उपनगर बांद्रा स्थित अपने आवास में अंतिम सांस ली।

- उन्हें पद्म भूषण तथा संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया गया था। खान, इंदौर घराने से सम्बंधित थे और एक विशेष संगीत कला ''जफ्फेर्खानी बाई'' के नवीनीकरण का श्रय इन्हें जाता हैं। इनका जन्म, जावरा (मध्य प्रदेश) में **1929** में हुआ था। अपने संगीत के करियर के दौरान,खान ने बहुत सारी बॉलीवुड फिल्म में सितार वादन किया,जैसे की : ''मुगल-ऐ-आजम'', ''कोहिनूर'', ''गूँज उठी शहनाई'', ''झनक झनक पायल बाजे'' आदि।

## ओमपुरी

दक्षिण एशिया के महान अभिनेता और पद्मश्री ओमपुरी का निधन हो गया। वह **66** वर्ष के थे। ओमपुरी न सिर्फ बॉलीवुड सिनेमा, बल्कि पाकिस्तानी, ब्रिटिश और हॉलिवुड फिल्मों में भी अपनी बेमिसाल अभिनय के लिए जाने जाते रहे।



- उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री की उपाधि दी गई और उन्होंने 'आरोहण' और 'अर्धसत्य' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया था।
- जाने भी दो यारों, अर्धसत्य, आक्रोश और पार जैसी फिल्मों से अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले ओमपुरी को भारतीय सिनेमा के दर्शकों द्वारा भुला पाना असंभव होगा।

## उस्ताद बड़े फतेह अली खान



पाकिस्तान के जाने में शास्त्रीय गायक उस्ताद बड़े फतेह अली खान का निधन हो गया। वह **82** वर्ष के थे।

- ख्याल, ठुमरी और कव्वाली से गायकी के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाने वाले उस्ताद बड़े फतेह अली खान के पाकिस्तान के अलावा भारत,अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका और पश्चिम एशिया में भी बड़ी संख्या में भी प्रशंसक हैं।
- वर्ष **1935** में पंजाब के पटियाला (भारत) में जन्में उस्ताद बड़े फतेह अली खान किशोर अवस्था में ही अपनी गायकी का लोहा मनवाया था। **1969** में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति ने 'प्राइड ऑफ पर्फोर्मेंस मेडल से सम्मानित था।

## सरल देव



ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के वयोवृद्ध नेता और पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री सरल देव का निधन हो गया। वह **82** वर्ष के थे।

- देव **1977** से **1982** तक पुस्तकालय राज्य मंत्री के पद पर रहे और **1982** से **1987** के बीच उन्होंने सहकारिता विभाग संभाला था।
- वह उत्तरी **24** परगना जिले के बारासात निर्वाचन क्षेत्र से छह बार विधायक चुने गए थे। खुलना जिले (अब बांग्लादेश में) जन्मे देव एक मेधावी छात्र थे और वह स्कॉटिश चर्च कॉलेज में पढ़ाई के दौरान पार्टी में सम्मिलित हुए थे। वह राज्य में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत करने वालों में अग्रणी थे। देव ने राज्य में नाबार्ड के साथ कई कृषि कार्यक्रम शुरू किए थे।

## अकबर हाशमी रफसंजानी



अपने उदारवादी दृष्टिकोण के बाद भी राजनीति में महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफसंजानी का निधन हो गया। वह **82** वर्ष के थे।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

राजनीति और कारोबार दोनों में चतुराई भरे कदमों और साख के कारण से उनके जीवनकाल में अकबर शाह, ग्रेट किंग जैसे कई उपनाम भी उन्हें मिले। वर्ष **1979** में इस्लामिक क्रांति के पहले हरेक महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से उनका आमना सामना हुआ।

- प्रत्यक्ष तौर पर या परदे के पीछे, उनकी उपस्थिति विभिन्न मंचों पर महसूस की गयी। अमेरिका समर्थित शाह को हटाए जाने के बाद ईरान में उथल-पुथल भरे समय में वह एक गतिशील नेता रहे। बाद के वर्षों में असाधारण रूप से उनका राजनीतिक रूतबा बढ़ता गया।
- वर्ष **2013** में अचानक हुए राष्ट्रपति चुनाव में रफसंजानी के राजनीतिक हमसफर रहे हसन रूहानी ने सुधार के उद्देश्य से आरम्भिक प्रयत्नों में पूर्व राष्ट्रपति को परदे के पीछे की भूमिका दी जिसमें कि वाशिंगटन के साथ सीधी परमाणु वार्ता को बढ़ाना भी था। रफसंजानी को चुनाव में उतरने से रोक दिया गया क्योंकि ईरान के चुनावी प्रेक्षक उनके चौतरफा प्रभाव से चिंतित थे।

## रामू शर्मा

वरिष्ठ खेल पत्रकार रामू शर्मा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह **81** वर्ष के थे।

- शर्मा तीन दशक तक अंग्रेजी समाचार पत्र स्टेट्समैन में वरिष्ठ खेल संवाददाता पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद वह **1990** में इंडियन एक्सप्रेस के खेल संपादक बने।
- ओलंपियन और **800** मीटर के धावक श्रीराम सिंह ने कहा कि जब वे खेला करते थे तब उन्होंने न सिर्फ मेरी स्पर्धाएं कवर की बल्कि मेरी और मेरे कोच मोहम्मद इलियास बाबर की कई निजी मामलों में सहायता भी की। एथलेटिक्स समुदाय ने बहुत अच्छा पत्रकार और मित्र खो दिया।
- दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) ने भी शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## बडी ग्रेको



बेन्नी गुडमैन के साथ संगीत की दुनिया में कदम रखने वाले लोकप्रिय गायक और पियानो वादक बडी ग्रेको का निधन हो गया। वह **90** वर्ष के थे।

- अरमांडो ग्रेको का जन्म फिलाडेल्फिया में हुआ था। उन्हें **16** वर्ष की आयु में गुडमैन के आकेस्ट्रा में गाने का अवसर मिला। इसके बाद **20** वर्ष की आयु में उन्होंने यह बैंड छोड़ दिया और नाइटक्लब में गाने लगे।
- ग्रेको का गाया लोकप्रिय गाना 'दि लेडी इज एक ट्रैम्प' **1962** में आया और इस गीत की लाखों प्रतियां बिक गयीं।
- उनके गाये पॉप और जैज गीत भी काफी लोकप्रिय हुये। उन्होंने फ्रैंक सिनात्रा के रीप्राइस रिकॉर्ड्स के लिये कई अलबम रिकॉर्ड किए।

## रोमन हर्जोग



जर्मनी के पूर्व राष्ट्रपति रोमन हर्जोग का निधन हो गया। वे **82** वर्ष के थे। उन्हें प्रलय के समय के स्मरण काल के लिए विशेष रूप से जान जाता है।

- उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उदार और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक नैतिक अभिभावक के रूप में सेवा करने वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। वे अक्सर अपने अतीत के अपराधों के लिए जर्मनी की नैतिक दायित्व की बात किया करते थे।

### रोमन हर्जोग के बारे में:-

- वे **1994** से **1999** तक जर्मनी के राष्ट्रपति रहे। उन्हें फेडरल असेम्बली द्वारा **23** मई **1994** को राष्ट्रपति पद हेतु चयनित किया गया। वे क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के सदस्य थे।
- वर्ष **1994** में उन्होंने वारसॉ विद्रोह की **50** वीं वर्षगांठ के स्मरणोत्सव में भाग लिया था।
- वह जर्मनी के एकीकरण के बाद बनने वाले पहले राष्ट्रपति थे।
- राष्ट्रपति पद से पूर्व वे फेडरल कोन्स्टिट्यूशन कोर्ट के जज थे।
- उन्होंने कोन्स्टिट्यूशनल कोर्ट के अध्यक्ष के रूप में भी भूमिका निभाई थी। दिसंबर **1999** से अक्टूबर **2000** तक वे यूरोपियन कन्वेंशन के अध्यक्ष रहे। इस कन्वेंशन ने यूरोपियन यूनियन के लिए मौलिक अधिकारों का चार्टर तैयार किया।
- उन्होंने पूर्व केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष हैं। टिएटमेयर एवं संघीय न्यायाधीश पॉल किरशौफ के साथ वित्तपोषण घोटाले के जांच के लिए बनाये गये स्वतंत्र आयोग की अध्यक्षता की।

## के. एम. फिलिप



एमआरएफ लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं वर्ल्ड अलायंस आफ वाईएमसीए का अध्यक्ष बनने वाले पहले एशियाई के. एम. फिलिप का निधन हो गया। वह **104** वर्ष के थे। फिलिप मलय मनोरमा के दिवंगत पूर्व चीफ एडिटर के. सी. एम. मपिल्लई के छठे पुत्र थे। वह पद्म श्री और कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित थे।

## चन्द्रकांत छाजेड़



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री चन्द्रकांत छाजेड़ का पुणे में निधन हो गया। वे **67** वर्ष के थे। छाजेड़ **2003** में सुशील कुमार शिन्दे की सरकार में पर्यटन राज्य मंत्री थे।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## पीटर ब्लाट्टी




उपन्यास 'द एक्जॉर्सिस्ट' के लेखक और उसपर आधारित ऑस्कर जीतने वाली फिल्म के लेखक पीटर ब्लाट्टी का निधन हो गया। वह **89** वर्ष के थे।

- ब्लाट्टी ने कई किताबें लिखीं हैं, लेकिन **1971** में लिखा उनका उपन्यास सबसे बेहतरीन है। यह **12** वर्ष की एक बच्ची की कहानी है जिसका व्यवहार देखकर पुजारी इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि उसपर कोई शैतान हावी है।
- उपन्यास की आलोचकों ने कटु आलोचना की थी, लेकिन इसकी **1.3** करोड़ प्रतियां बिकीं और यह **17** सप्ताह तक न्यूयार्क टाइम्स के टॉप सेलर की सूची में रही।

## ओलिवर स्मिथिज



जेनेटिक्स अनुसंधानकर्ता और **2007** में मेडिसिन के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार पाने वाले ओलिवर स्मिथिज का निधन हो गया। वह **91** वर्ष के थे।

- चौपल हिल में नॉर्थ कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने स्मिथिज के निधन के घोषणा की।

## सुरजीत सिंह बरनाला



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला का निधन हो गया। वे **91** वर्ष के थे। बरनाला को दिल की समस्या के कारण पीजीआई चंडीगढ़ के कार्डियक आइसीयू में भर्ती कराया गया। यहां कुछ समय भर्ती रहने पर अचानक छाती में दर्द और सांस लेने में हुई दिक्कत के कारण उन्हें हृदयघात हो गया जिससे उनका निधन हो गया।

- सुरजीत सिंह बरनाला कर्नाटक, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश व अंडमान निकोबार द्वीप समूह के राज्यपाल भी रहे। वे **1980** के दशक में ऐसे समय पर पंजाब के मुख्यमंत्री बने जब आतंकवाद चरम सीमा पर था। वे **1985** से **1987** तक पंजाब के मुख्यमंत्री रहे।

## सुरजीत सिंह बरनाला के बारेः-

उनका जन्म **21** अक्टूबर **1925** को हरियाणा के अटेली नामक स्थान पर हुआ।

- बरनाला ने पहली बार वर्ष **1952** में अकाली दल के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें चार वोटों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा।
- वे वर्ष **1969** में पंजाब के शिक्षा मंत्री बने तथा **1977** में लोकसभा सदस्य बने।
- सुरजीत सिंह बरनाला मोरारजी देसाई की सरकार में कृषि एवं जल संसाधन मंत्री बने।
- उनके ही कार्यकाल के दौरान वर्ष **1978** में बांग्लादेश के साथ गंगा वाटर एग्रीमेंट किया गया।
- इसके बाद वे **29** सितंबर **1985** को पंजाब के मुख्यमंत्री बने। वे **11** मई **1987** तक इस पद पर रहे।
- मुख्यमंत्री पद के बाद वे एक वर्ष के लिए **1990** में तमिलनाडु के राज्यपाल नियुक्त किये गये। इसके बाद उन्हें अंडमान निकोबोर, उत्तराखंड व आंध्र प्रदेश का गर्वनर भी बनाया गया।

## तरूण प्रसाद चटर्जी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सूबे के पूर्व मंत्री तरूण प्रसाद चटर्जी का निधन हो गया। वह **68** वर्ष के थे।

- राज्य कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि समाज के निचले तबके के लोकप्रिय नेता तरूण प्रसाद चटर्जी रायपुर (ग्रामीण) सीट पर चार बार विधायक और रायपुर नगर परिषद के तीन बार मेयर रह चुके थे।

## यूजीब सरनेन



चांद पर जाने वाले अंतिम व्यक्ति और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री यूजीब सरनेन का **82** वर्ष की आयु में निधन हो गया।

- सरनेन वर्ष **1972** में अपोलो **17** अंतरिक्ष यान के कमांडर थे। उन्होंने तीन बार अंतरिक्ष की यात्रा की थी और चांद पर जाने वाले वह आखिरी व्यक्ति थे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्विटर पर कहा कि वे नासा के सेवानिवृत्त अंतरिक्ष यात्री और चांद पर जाने वाले अंतिम व्यक्ति सरनेन को खोने से दुखी हैं।
- नासा ने सरनेन के परिवार का एक कथन जारी किया है जिसके अनुसार, स्वास्थ्य संबधी परेशानी होने के बाद उनका निधन हो गया। वह एक सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी भी थे।

## गीता सेन



अभिनेत्री एवं रंगमंच कलाकार तथा फिल्म निर्माता मृणाल सेन की पत्नी गीता सेन का निधन हो गया । वह **86** वर्ष की थीं।

- वह वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थीं और हाल ही में उन्हें एक अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

## रेचल हेहो फ्लिंट

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की पहली कप्तान रेचल हेहो फ्लिंट का **77** वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com



- रेचल ने **1976** में इंग्लैंड के लिये पहले महिला क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के विरूद्ध टीम का नेतृत्व किया था।
- वह मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की समित में चुनी जाने वाली पहली महिला भी थीं।
- उन्हें **2004** में समिति का सदस्य बनाया गया था। एमसीसी ने पूर्व दिग्गज महिला क्रिकेटर रेचल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## नक्श लायलपुरी



प्रसिद्ध उर्दू शायर और गीतकार नक्श लायलपुरी का अपने घर में निधन हो गया। वह **88** वर्ष के थे।

- उनका जन्म वर्तमान पाकिस्तान स्थित पंजाब प्रांत के लायलपुर में हुआ था। उनका नाम जसवंत राय था।
- फिल्मों में उन्हें पहला ब्रेक **1952** में फिल्म 'जग्गू' में मिला जिसमें उन्होंने ''अगर तेरी आंखों से आंखें मिला दूं'' गीत लिखा था।
- उनकी चर्चित फिल्मों में ''चेतना'', ''आहिस्ता आहिस्ता'', ''तुम्हारे लिए'', ''घरौंदा'' भी सम्मिलित' हैं।

## अलेक्जेंडर कदाकिन

भारत में रूसी राजदूत अलेक्जेंडर कदाकिन का निधन हो गया। वह **67** वर्ष के थे।



- वह भारत में रूस के राजदूत के तौर पर **2009** से ही काम कर रहे थे। भारत और रूस के संबंधों को प्रोत्साहन देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने का श्रेय उन्हें जाता है।
- कदाकिन का भारत में राजदूत के तौर पर यह दूसरा कार्यकाल था। इससे पहले वह **1999** से लेकर **2004** तक भी भारत में रूस के राजदूत रह चुके हैं।
- कदाकिन ने **1972** में भारत स्थित रूसी दूतावास में तृतीय सचिव के तौर पर अपने कूटनीतिक कॅरियर की शुरूआत की। वह धारा प्रवाह हिंदी बोलते थे और इस देश से उन्हें काफी प्यार था।

## बारबरा हाले



पचास के दशक के प्रसिद्ध सीरियल 'पेरी मैन्सन' के लिए एमी पुरस्कार विजेता बारबरा हाले का निधन हो गया। वह **94** वर्ष की थीं।

- पचास के दशक का प्रसिद्ध सीरियल पेरी मैन्सन सीबीएस में **1957** से **1966** तक प्रसारित किया गया था जिसमें बारबरा ने लीगल सेक्रेटरी डाला स्ट्रीट की भूमिका निभाई थी।
- इसके लिए उन्हें **1959** में एमी का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार दिया गया था।



## राष्ट्रीय — माह के ज्वलंत मुद्दे

1. हथकरघा बुनकरों के लिए बुनकर मित्र हेल्पलाइन ने कामकाज शुरू किया।
2. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने सर्व शिक्षा अभियान के लिए वेब पोर्टल 'शगुन' का किया शुभारंभ।
3. देश के सबसे बड़े जंगी जहाज आईएनएस विक्रमादित्य में लगेगा एटीएम।

## प्रधानमंत्री, तिरूपति में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे, 02 जनवरी, 2017



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्री वेंकेटेश्वर विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय वार्षिक भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे।

भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. नारायण राव ने कहा कि इस भारतीय विज्ञान कांग्रेस का विषय 'राष्ट्रीय विकास के वास्ते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' होगा।

उन्होंने बताया कि विज्ञान कांग्रेस का मुख्य स्थल विश्वविद्यालय में श्रीनिवास सभागार है जहां प्रधानमंत्री नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं समेत प्रसिद्ध वैज्ञानिकों की सभा को संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि देशभर के 14,000 वैज्ञानिकों और विद्वानों के अतिरिक्त अमेरिका, जापान, इस्राइल, फ्रांस और बांग्लादेश जैसे विभिन्न देशों के छह नोबेल पुरस्कार विजेता भी इसमें भाग लेंगे। नोबेल पुरस्कार विजेताओं को प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

राव ने बताया कि उद्घाटन भाषण के बाद मोदी विश्वविद्यालय में चाय कार्यक्रम में नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिकों, गणमान्य अतिथियों एवं शीर्ष अधिकारियों समेत 50 लोगों के साथ संक्षिप्त संवाद भी करेंगे।

उन्होंने बताया कि तिरूपति दूसरी बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी कर रहा है। पहली बार 1983 में यहां 70 भारतीय विज्ञान कांग्रेस हुई थी। इस वर्ष यह 104 वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस है।

बाद में दोपहर को प्रधानमंत्री तिरूमाला पहाड़ी पर भगवान वेंकेटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे।

## पांच भारतीय अमेरिकियों ने कांग्रेस सदस्यों के रूप में शपथ ली, 04 जनवरी, 2017



अमेरिकी जनसंख्या में मात्र एक प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले अल्पसंख्यक सजातीय समुदाय के लिए एक इतिहास रचते हुए पांच भारतीय अमेरिकियों ने कांग्रेस के सदस्यों के रूप में शपथ ली है।

कमला हैरिस (52) ने कैलिफोर्निया की सीनेटर के रूप में शपथ ली। उन्हें निवर्तमान उपराष्ट्रपति जो बाइडेन ने शपथ दिलाई। कमला की मां भारत से और पिता जमैका से थे। वह ऐसी पहली भारतीय अमेरिकी हैं, जो सीनेट में अपनी सेवाएं देंगी।

शपथ लेने से पहले कमला कैलिफोर्निया अटॉर्नी जनरल पद पर थीं। उन्होंने सीनेटर बारबरा बॉक्सर का स्थान लिया है।

इसके बाद चार भारतीय अमेरिकियों ने हाउस चैंबर्स के सदस्यों के रूप में शपथ ली। इनमें कांग्रेस सदस्य एमी बेरा भी थे, जिन्हें लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुना गया है।

उनके अतिरिक्त शपथ लेने वाले भारतीय अमेरिकियों में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा रो खन्ना (40) भी हैं ।

कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति (42) ने इलिनोइस से चुनाव जीतने के बाद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। तुलसी गेबार्ड के बाद वह ऐसे दूसरे अमेरिकी सांसद हैं, जिन्होंने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली है। अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुनी गईं पहली हिंदू तुलसी गब्बार्ड ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली।

## एनडीएमसी ने स्वच्छ एम्बसेडर के तौर पर की ओलंपिक पदक विजेता, एवरेस्ट पर्वतारोही की नियुक्ति, 04 जनवरी, 2017

नयी दिल्ली नगर निगम ने रियो ओलंपिक पदक विजेता एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित दीपा मलिक तथा कृत्रिम पैरों के सहारे माउंट एवरेस्ट के शिखर

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com




पर चढ़ चुकी पहली महिला अरूणिमा सिन्हा को अपने स्वच्छ कार्यक्रम के लिए ब्रांड एम्बसेडर नियुक्त किया है।

एनडीएमसी के अध्यक्ष नरेश कुमार ने कनाट प्लेस के सेंट्रल पार्क में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की।

## भारत-उरग्वे सीमा शुल्क समझौते को मंत्रिमंडल की स्वीकृति, 04 जनवरी, 2017



सरकार ने भारत और उरग्वे के बीच सीमा शुल्क मुद्दों पर सहयोग एवं आपसी सहायता के लिए समझौते को स्वीकृति प्रदान कर दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में निर्णय किया गया।

एक आधिकारिक कथन में बताया कहा गया है कि यह समझौता सीमा शुल्क से जुड़े अपराधों की जांच और रोकथाम से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने में सहायता करेगा। इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार करने में सुविधा वस्तुओं के व्यापार का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने की आशा है। इस संबंध में समझौते के लिए तैयार किया गया मसौदा भारतीय सीमा शुल्क की चिंताओं का ध्यान रखेगा । यह समझौता विशेषकर किसी वस्तु के घोषित सीमा शुल्क मूल्य की सटीकता , वस्तुओं के उत्पादन के स्थान से जुड़ी जानकारी और वस्तुओं के विवरण को साझा करने में सहायता करेगा।

## श्रीपद नाईक ने मधुमेह के लिए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया, 05 जनवरी, 2017

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येस्सो नाईक ने नई दिल्ली में 'मधुमेह के लिए योग' पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। अपने उद्घाटन संबोधन में मंत्री महोदय ने जानकारी दी कि संस्कृति के लिए विश्व की सर्वोच्च संस्था यूनेस्को ने हाल ही में योग को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में सम्मिलित किया है। मंत्री महोदय ने कहा कि यह योग की सार्वभौमिक प्रासंगिकता की एक और पहचान है और यह राष्ट्रीय सीमाओं के पार भी अपने सम्मान को बढ़ाता है।

नाईक ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य योग के माध्यम से मधुमेह के नियंत्रण के लिए अपनाए गए माध्यम और मधुमेह की रोकथाम तथा प्रबंधन में योग की भूमिका पर विचार-विमर्श करना है। यह मधुमेह के विरुद्ध कार्य करने वाले एलोपैथी और आयुष चिकित्सकों, अनुसंधानकर्ताओं, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और छात्रों को समान मंच प्रदान करेगा।

इस सम्मेलन में भारत और विदेशों से लगभग 400 प्रतिनिधियों और 50 विशेषज्ञों के भाग लेने की आशा है। पारम्परिक चिकित्सा और आयुष प्रणाली के साथ-साथ योग के प्रख्यात विशेषज्ञ भी इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन में शोध, नीति निर्माण और पैनल वार्ता के साथ योग और मधुमेह के विभिन्न पक्षों पर सत्रों का आयोजन सम्मिलित है।

## हथकरघा बुनकरों के लिए बुनकर मित्र हेल्पलाइन ने कामकाज शुरू किया, 05 जनवरी, 2017




हथकरघा बुनकरों के लिए भारत सरकार की हेल्पलाइन "बुनकर मित्र", ने कामकाज शुरू कर दिया है।

इस हेल्पलाइन का शुभारम्भ केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन इरानी ने 25 दिसम्बर 2016 को 'सुशासन दिवस' के अवसर पर किया था।

कॉल हेल्पलाइन एजेंटों की हाउसिंग वाले कॉल सेंटर के एक अधिकारी के साथ बातचीत करते हुए इरानी ने कहा कि यह हेल्पलाइन प्रौद्योगिकी, युवा और परंपरा का एक महान मिश्रण है। उन्होंने मंत्रालय के पदाधिकारियों से

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त होने वाले मुद्दों पर निगरानी रखने के लिए कहा है, ताकि उसी के अनुसार सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। इरानी ने विकास आयुक्त (हथकरघा) को बधाई दी और बुनकरों की पूछताछ और शिकायतों का जवाब देने के लिए इस हेल्पलाइन को जिस तरह समयबद्ध तरीके से डिजाइन किया गया है उसके लिए उनकी सराहना भी की।

यह हेल्पलाइन पूरे देश के हथकरघा बुनकरों को कोई पूछताछ करने और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए संपर्क का एकल बिंदु उपलब्ध कराती है। इस हेल्पलाइन से टोल फ्री नंबर **1800-208-9988** डायल करके संपर्क किया जा सकता है। बुनकर देश के किसी भी हिस्से से कितनी भी संख्या में कॉल कर सकते हैं। यह सेवा सप्ताह के सातों दिन प्रातः दस बजे से सायं छह बजे तक हिन्दी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, कन्नड़ और असमिया सात भाषाओं में उपलब्ध है

### इस हेल्पलाइन के माध्यम से निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध हैं:

- तकनीकी मुद्दों पर सहायता और निम्न सुविधाओं के लिए मार्गदर्शन
- कच्चे माल की आपूर्ति।
- क्रेडिट सुविधा प्राप्त करना।
- गुणवत्ता नियंत्रण।
- विपणन संपर्कों तक पहुंच।
- विभिन्न योजनाओं और प्रक्रियाओं का लाभ उठाने के बारे में जानकारी।

## रणदीप हुड्डा को भारत में दमकल सेवाओं का ब्रांड अंबेसेडर बनाया गया, 07 जनवरी, 2017




केंद्र सरकार की संस्था 'द स्टैंडिंग फायर एडवाइजरी काउंसिल' (एसएफएसी) ने फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा को भारत में दमकल सेवाओं का ब्रांड अंबेसेडर बनाया है।

मुंबई दमकल सेवा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी पी एस रहंगदले ने कहा कि प्रत्येक सेवा का एक ब्रांड अंबेसेडर होता है, इसी तरह हमने भी अपना ब्रांड अंबेसेडर बनाने का निर्णय किया। एसएफएसी और केंद्र सरकार ने अभिनेता से देश में अग्निशमन सेवाओं का चेहरा बनने के लिए संपर्क किया जो पहले ही मुंबई दमकल सेवा से जुड़े हैं।

उन्होंने बताया कि हुड्डा ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वह भविष्य में विभिन्न अग्नि सुरक्षा अभियानों में सम्मिलित होंगे।

## पीयूष गोयल ने विश्व के सबसे बड़े स्ट्रीट लाइट रिप्लेसमेंट कार्यक्रम को राष्ट्र को समर्पित किया, 09 जनवरी, 2017



केन्द्रीय बिजली,कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय स्ट्रीट लाइट कार्यक्रम (एसएलएनपी) देश को समर्पित किया। यह कार्यक्रम अभी दक्षिणी दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में चल रहा है। यह विश्व का सबसे बड़ा स्ट्रीट लाइट प्रतिस्थापन कार्यक्रम है। इसका क्रियान्वयन ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ईईएसएल) द्वारा किया जा रहा है। ईईएसएल भारत सरकार का बिजली मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाला एक संयुक्त उपक्रम है।

इस समय एसएलएनपी कार्यक्रम पंजाब, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा,झारखंड,छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल,गोवा महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में चल रहा है। अब तक पूरे देश में **15.36** लाख स्ट्रीट लाइटस एलईडी बल्बों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा चुके हैं। परिणाम स्वरूप **20.35** करोड़ मेगावाट बिजली की बचत हुई है। इस कारण **50.71** मेगावाट क्षमता को टाले जाने से प्रति वर्ष **1.68** लाख टन ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आई है। भारत में **12** अरब अमेरिकी डॉलर के ऊर्जा दक्षता बाजार के होने का अनुमान है। इससे वर्तमान उपभोग में अभिनव व्यापार और क्रियान्वयन के माध्यम से **20** प्रतिशत ऊर्जा की बचत होने की संभावना है।

एसएलएनपी के अंतर्गत दक्षिणी दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में अकेले दो लाख से अधिक स्ट्रीट लाइट प्रतिस्थापित किए गए हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से दक्षिणी दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में प्रतिवर्ष **2.65** करोड़ मेगावाट बिजली की बचत होती है। इससे **6.6** मेगावाट क्षमता को टालने में सहायता मिली है जिस कारण प्रति दिन **22,000** टन ग्रीन हाउस गैस को कम करने में सहायता मिली है। इसके साथ ही दिल्ली में इस कर्क्रम के अगले चरण-**II** में पार्कों को ध्यान में ध्यान में रखते हुए **75,000** और स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए ईईएसएल ने बीएसईएस और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## प्रधानमंत्री ने किया बीएसई के अंतर्राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज, व्यापार मेले का उद्घाटन, 10 जनवरी, 2017

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात इंटरनेशनल फायनेंस टेक सिटी यानी गिफ्ट सिटी स्थित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज 'इंडिया आईएनएक्स' का उद्घाटन किया जो मात्र चार माइक्रो सेकेंड के न्यूनतम माध्य प्रतिक्रिया अवधि (मेडियन रिस्पांस टाइम अथवा ट्रेड स्पीड) के साथ विश्व का सबसे तेज स्टॉक एक्सचेंज बन गया है।

प्रधानमंत्री ने ईलेक्ट्रॉनिक घंटा बजा कर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले **20** वर्ष में देश को **30** करोड़ रोजगार की आवश्यकता होगी और वित्तीय और तकनीकी क्षेत्र इस मामले में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

इस एक्सचेंज और गिफ्ट सिटी के माध्यम से विश्व भर में फैले मेधावी भारतीय वित्त और तकनीकी विशेषज्ञों को देश से जोड़ने तथा देश में ऐसी नयी पौध तैयार करने में सहायता मिलेगी। यह एक्सचेंज वैश्विक वित्तीय कारोबार और स्टॉक बाजारों पर भारत के प्रभुत्व को मजबूत करेगा।

ज्ञातव्य है कि अब तक सिंगापुर इस मामले में **60** माइक्रो सेकेंड के साथ सबसे तेज अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज था जबकि कुल मिला कर मुंबई स्थित बीएसई का वर्तमान घरेलू एक्सचेंज **6** माइक्रो सेकेंड के साथ तीव्रतम था। नये एक्सचेंज की गति की तीव्रता का अनुमान इस बात से लग सकता है कि एक सेंकेंड में **10** लाख माइक्रो सेकेंड होते हैं।

यानी इसमें एक सेकेंड के ढाई लाखवें भाग में ही शेयर और अन्य कारोबार के बारे में आरम्भी पूछताछ का जवाब मिल जाएगा। इसमें शेयर ट्रेडिंग के अतिरिक्त कमोडिटी एक्सचेंज और मुद्रा विनिमय समेत कई सुविधाएं होंगी।

सेबी ने हाल में इसे समाशोधन यानी क्लियरेंस संबंधी अनुमति भी दे दी है। बीएसई इसमें अगले तीन वर्ष में लगभग **500** करोड़ रूपये का निवेश करेगा। इसके माध्यम से जल्द ही बीएसई के मुंबई एक्सचेंज से कई गुना व्यापार होने लगेगा। **09** जनवरी को उद्घाटन के बाद भी इसके माध्यम से वास्तविक कारोबार की आरम्भ **16** जनवरी को उत्तरायण के बाद होगी। **10** से **15** वर्ष में इसके माध्यम से एक से दो खरब डॉलर का कारोबार होने की आशा है। ज्ञातव्य है कि इस एक्सचेंज के लिए वर्ष **2015** में एमओयू हुआ था। गत वर्ष सितंबर में जरूरी अनुमतियां मिलने के बाद इसकी स्थापना का काम **45** दिन के रिकॉर्ड समय में किया गया है। देश में होने के बावजूद विदेशी क्षेत्र के तौर पर मान्य गिफ्ट सिटी में मिलने वाली कई कर छूटों का लाभ इसके माध्यम से कारोबार करने वालों को भी मिलेगा हालांकि कानूनी प्रतिबंधों के कारण भारतीय लोग व्यक्तिगत हैसियत से इसमें ट्रेडिंग नहीं कर सकेंगे पर कंपनियों को कुछ प्रतिबंधों के साथ इसकी स्वीकृति होगी। इससे पहले मोदी ने हेलीपैड मैदान में आयोजित ग्लोबल गुजरात व्यापार मेले का उद्घाटन किया **114** थीम पर आधारित इस मेले में देश विदेश की कंपनियों और औद्योगिक संस्थाओं के **1500** स्टाल लगाये गये हैं।

## टिकटों की तेज बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी का नया ऐप, 11 जनवरी, 2017



रेलवे ने तेज और आसान तरीके से ट्रेन टिकटों की बुकिंग की सुविधा देने के लिए एक नया टिकटिंग ऐप आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट शुभारम्भ किया।

नवीनतम प्रौद्योगिकी से युक्त नया ऐप तत्काल टिकट, महिला कोटा, प्रीमियम तत्काल कोटा की बुकिंग और वर्तमान आरक्षण की बुकिंग भी संभव बनाएगा।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने इस नए ऐप को अपनी वेबसाइट से जोड़ दिया है। यह ऐप नयी पीढ़ी की ई-टिकटिंग प्रणाली पर आधारित है।

## स्कॉर्पीन श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी खान्देरी का जलावतरण हुआ, 12 जनवरी, 2017



पानी के अंदर या सतह पर तारपीडो के साथ-साथ पोत-रोधी मिसाइलों से वार करने और रडार से बच निकलने की उत्कृष्ट क्षमता से लैस स्कॉर्पीन श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी खान्देरी का मझगान डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में जलावतरण किया गया।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सुभाष भामरे ने खान्देरी के जलावतरण के समारोह की अध्यक्षता की। इस पनडुब्बी का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री की पत्नी बीना भामरे ने किया।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। यहां पनडुब्बी को उस पॅन्टून से अलग किया गया, जिसपर उसके विभिन्न भागों को जोड़कर एकीकृत किया गया था।

स्कॉर्पीन श्रेणी की यह पनडुब्बी अत्याधुनिक फीचर से लैस है। इनमें रडार से बच निकलने की इसकी उत्कृष्ट क्षमता और सधा हुए वार करके दुश्मन पर जोरदार हमला करने की योग्यता सम्मिलित है।

यह हमला तारपीडो से भी किया जा सकता है और ट्यूब-लॉन्चड पोत विरोधी मिसाइलों से भी। रडार से बच निकलने की क्षमता इसे अन्य कई पनडुब्बियों की तुलना में अभेद्य बनाएगी।

पनडुब्बी को इस प्रकार से बनाया गया है की वह हर रूप में कार्य कर सकती है चाहे वह ट्रॉपिक्स ही क्यूँ न हो। नवल टास्क बल के साथ ही साथ संचार के सारे साधन उपस्थित होते हैं जिससे इसको सुचारू रूप से चलाने में बहुत सुविधा मिलेगी।

यह, आधुनिक पनडुब्बी की तरह ही बहुत सारे मिशन पर विविध प्रकार के कार्य कर सकती हैं, जैसेः- सतह युद्ध, पनडुब्बी रोधी युद्ध, खुफिया जानकारी जुटाने, सुरंग बिछाने, क्षेत्र निगरानी, आदि।

खांदेरी, फ्रांस के एम/एस **DCNS** के सहयोग से एमडीएल पर बनाये गए उन छह पनडुब्बियों में से एक है, जोकि भारतीय नौसेना की परियोजना 75 का एक भाग है।

पहले ही, कल्वेरी, का समुद्री परीक्षण हो रहा है और शीघ्र ही उसे भारतीय नौसेना में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

भारतीय नौसेना के पनडुब्बी भाग ने इस वर्ष **8** दिसंबर को **50** वर्ष पूर्ण किये।

## वाणिज्य मंत्रालय द्वारा एसईजेड इंडिया नामक एप लॉन्च किया गया, 16 जनवरी, 2017



वाणिज्य सचिव द्वारा 'एसईजेड इंडिया' नामक एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। वाणिज्य विभाग के एसईजेड प्रभाग ने अपनी व्यापक ई-गवर्नेंस पहल अर्थात एसईजेड ऑनलाइन सिस्टम द्वारा विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के लिए मोबाइल ऐप का विकास किया है। वाणिज्य सचिव ने ऐप लॉन्च किया तथा कहा कि यह ऐप एसईजेड इकाईयों और डेवलपरों को सूचनाओं को आसानी से प्राप्त करने तथा एसईजेड ऑनलाइन सिस्टम पर उनकी लेनदेन को ट्रैक करने में सहायता प्रदान करेगा। अब एसईजेड डेवलपर और इकाईयां एसईजेड ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से अपने लेनदेनों को डिजिटल तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं और एसईजेड इंडिया मोबाइल ऐप के माध्यम से उसकी स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं।

यह ऐप एसईजेड डेवलपरों, इकाईयों, अधिकारियों एवं अन्य लोगों के लिए इस्तेमाल में लाए जाने हेतु एंड्रायड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस ऐप के चार खंड हैं : एसईजेड इनफॉरमेशन, एसईजेड ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, ट्रेड इनफॉरमेशन एवं कॉन्टेक्ट डिटेल्स। इन चारों खंडों की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं :-

एसईजेड इनफॉरमेशन- यह एसईजेड अधिनियम **2005**, एसईजेड नियम **2006**, एमओसीआई परिपत्र, एसईजेड एवं इकाईयों के विवरण आदि का एक सार-संग्रह है। यह उपरोक्त सभी पहलुओं पर व्यापक ताजा विवरण प्रस्तुत करता है।

ट्रेड इनफॉरमेशन - यह प्रावधान विदेश व्यापार नीति, प्रक्रियाओं की लघु पुस्तिका, ड्युटी कैलकुलेटर, सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क अधिसूचनाएं एवं एमईआईएस दरों जैसी महत्वपूर्ण सूचना / टूल्स तक पहुंच प्रदान करता है।

कॉन्टेक्ट डिटेल्स - इस खंड में सभी विकास आयुक्त कार्यालयों, डीजीएफटी, डीजी प्रणाली, डीजीसीआई एवं एस तथा एसईजेड ऑनलाइन के संपर्क विवरण दिए गए हैं।

एसईजेड ऑनलाइन ट्रांजेक्शन - यह एक गतिशील उपविकल्प सूची है जो एंट्री बिल / शिपिंग बिल प्रोसेसिंग स्टेटस को ट्रैक करता है तथा उनका सत्यापन भी करता है। यह एप आईसीईजीएटीई की ईडीआई प्रणाली में 'एंट्री बिल / शिपिंग बिल' के समेकन तथा प्रोसेसिंग के स्टेटस को ट्रैक करने में आयातकों / निर्यातकों की सहायता भी करता है।

## रेलवे मंत्रालय, कर्नाटक ने उपनगरीय रेलवे प्रणाली के लिए सहमतिपत्र पर हस्ताक्षर किये, 17 जनवरी, 2017




कर्नाटक सरकार और रेल मंत्रालय ने एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। इसे इस महानगर की यातायात समस्या को दूर करने के लिए एक उपनगरीय रेलवे प्रणाली की चिरलंबित मांग को पूरा करने की दिशा में उठाये गये कदम के रूप में देखा जा रहा है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

बेंगलूरू में उपनगरीय रेलवे प्रणाली के विकास के लिए सहमति पत्र को रेलवे मंत्री सुरेश प्रभु और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा एक समारोह में जारी किया गया।

बेंगलूरू को एक वैश्विक शहर और देश की प्रौद्योगिकी राजधानी के रूप में गिनाते हुए प्रभु ने कहा कि केन्द्र और राज्य के स्तर पर यह सरकार का दायित्व है कि लोगों की परिवहन आवश्यकता की ओर ध्यान दिया जाये।

## रेल मंत्री ने मिशन 41के प्रस्तुत किया, 18 जनवरी, 2017

रेल मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने भारतीय रेलवे की ऊर्जा संबंधी पहलों पर बाह्य हितधारकों के साथ गोलमेज परिचर्चा के दौरान 'मिशन **41**के' के बारे



में विस्तृत जानकारी दी। सुरेश प्रभु ने कहा कि रेल मंत्रालय ने अगले दशक में रेलवे की ऊर्जा लागत में **41,000** करोड़ रुपये की बचत करने के लिए 'मिशन **41**के' तैयार किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के साथ इस व्यापक रणनीति पर अमल के लिए हम नियामकीय रूपरेखाओं से लाभ उठायेंगे और नई प्रौद्योगिकियों पर गौर करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सभी चीजों पर नये सिरे से गौर करने और एक आदर्श आधार-रेखा निर्धारित करने का एक अच्छा अवसर है।

रेल मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में किये गये समस्त विद्युतीकरण कार्यों को दोगुना किया जायेगा और यह भारतीय रेलवे के ऊर्जा मिश्रण को बदल कर रख देगा। भारतीय रेलवे ने **1000** मेगावाट सौर बिजली और **200** मेगावाट पवन ऊर्जा का लक्ष्य रखा है।

## एम्स ने तीन सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये, 18 जनवरी, 2017

नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने बुनियादी ढांचे एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार करने के लिए यहां एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड और हाइट्स एचएलएल लाइफ




केयर लिमिटेड के साथ तीन सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इन सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह की अध्यक्षता माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा और माननीय केंद्रीय शहरी विकास, शहरी गरीबी उन्मूलन एवं सूचना व प्रसारण मंत्री वेंकैया नायडू ने की।

एम्स ने एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के साथ **4441** करोड़ रुपये, एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के साथ **2500** करोड़ रुपये और हाइट्स एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड के साथ **729** करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किये। ये एमओयू कुल मिलाकर **7670** करोड़ रुपये के हैं।

पुर्नविकास के लिए एनबीसीसी के साथ हुए समझौते के अंतर्गत आर्युविज्ञान नगर परिसर में **3060** आवासीय अपार्टमेंट और पश्चिम अंसारी नगर परिसर में **868** अपार्टमेंट बनाये जायेंगे।

एचएलएल इन्फ्रा टेक सर्विसेज लिमिटेड (हाइट्स) के साथ हुए समझौते के अंतर्गत राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, एम्स, झज्जर, हरियाणा के लिए सभी प्रकार के मेडिकल उपकरण और सेवाएं प्राप्त की जायेंगी जिनमें मेडिकल गैस वितरण प्रणाली, सीएसएसडी, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर्स भी सम्मिलित हैं। इसी तरह झज्जर में एम्स के दूसरे परिसर में प्रस्तावित राष्ट्रीय कार्डियोवैस्कुलर (हृदय) संस्थान (एनसीवीआई) में डिजाइन एवं उपकरण खरीद सहित विभिन्न कार्यों के लिए एचएससीसी का चयन एक परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में किया गया है।

## केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने सर्व शिक्षा अभियान के लिए वेब पोर्टल 'शगुन' का किया शुभारंभ, 19 जनवरी, 2017

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने नई दिल्ली में सर्व शिक्षा अभियान के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल 'शगुन' का शुभारंभ किया।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com




'शगुन' का लक्ष्य प्रमुख योजना 'सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) की सतत निगरानी के माध्यम से भारत में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और प्रगति को दर्शाना है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने 'दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा हेतु शिक्षकों को तैयार करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स हेतु टूलकिट' का भी अनावरण किया।

इसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से विश्व बैंक द्वारा तैयार किया गया है।

इस अवसर पर केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने शिक्षा की 'गुणवत्ता' में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में मानव संसाधन विकास मंत्रालय सही समझ, गणित, भाषा इत्यादि के संबंध में आवश्यक क्षमताओं के लिए मूल्यांकन मानक तय करने हेतु शिक्षण के परिणामों को संहिताबद्ध करेगा और इस तरह यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, **2009** के अंतर्गत प्रथम कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक 'सभी बच्चे कम से कम शिक्षण के न्यूनतम स्तर' को अवश्य ही प्राप्त कर लें।

## रेल बजट विलय के लिए नियम-परिवर्तन को राष्ट्रपति की स्वीकृति, 20 जनवरी, 2017



राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने रेल बजट को केंद्रीय बजट में मिलाने के लिए सरकारी काम काज के नियमों में बदलाव को स्वीकृति दे दी है।

कैबिनेट सचिवालय द्वारा जारी हालिया आदेश के अनुसार आर्थिक मामलों के विभाग को आम बजट (रेल बजट को) तयारी का दायित्व सौपा गया है। इससे पहले तक विभाग रेलवे को छोड़कर अन्य बजट का कामकाज निपटाता था।

राष्ट्रपति ने भारत सरकार (कामकाज का आवंटन) नियम, **1961** में संशोधन को स्वीकृति दे दी है। अब आर्थिक मामलों का विभाग दोनों बजट तैयार करेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले वर्ष सितंबर में वित्त वर्ष **2017-18** से रेल बजट को आम बजट में मिलाने के लिए कुछ ऐतिहासिक बजटीय सुधारों को स्वीकृति दी थी।

रेल बजट को अलग से प्रस्तुत करने की परंपरा **1924** से शुरू हुई थी। स्वतंत्रता के बाद भी यह परंपरा चलती रही जबकि अलग रेल बजट की कोई संवैधानिक विवशता नहीं है।

इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्रिमंडल बजट को फरवरी महीने की अंतिम दिनांक के अतिरिक्त पहले प्रस्तुत करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे चुका है। सरकार वित्त वर्ष **2017-18** का आम बजट एक फरवरी को प्रस्तुत करेगी।

## डॉ. जितेंद्र सिंह और कृषि राज्य मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने भारत के औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया, 20 जनवरी, 2017



केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा व अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के औषधीय और सुगंधित पौधों पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे कि मधुमेह (डायबिटीज मेलिटस) टाइप **2** के लिए समग्र प्रबंधन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि भारत की जनसँख्या के **65-70** प्रतिशत से भी अधिक लोगों की उम्र **40** वर्ष से कम है और युवाओं को मधुमेह एवं दिल का दौरा पड़ना आगे चलकर मुख्य चुनौतियां बनने जा रही हैं, क्योंकि इनसे देश के युवा प्रभावित हो रहे हैं, जबकि राष्ट्र निर्माण के कार्य में उनका विशेष महत्व है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत में पिछले कुछ दशकों के दौरान बीमारियों में हुए परिवर्तन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत संक्रामक रोगों के युग के

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

अतिरिक्त अब गैर-संक्रामक रोगों जैसे कि मधुमेह, दिल का दौरा, लिपिड विकार, उच्च रक्तचाप और अन्य चयापचय (मेटाबोलिक) रोगों के युग में प्रवेश कर गया है।

## भ्रामक विज्ञापनों पर लगाम लगाने के लिए आयुष मंत्रालय और एएससीआई के बीच समझौता, 21 जनवरी, 2017

औषधियों के विज्ञापनों में भ्रामक बातों एवं कदाचार पर लगाम लगाने के लिए आयुष मंत्रालय ने भारतीय विज्ञापन मानक परिषद् (एएससीआई) के साथ सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी औषधियों, उपचारों और संबंधित सेवाओं के संबंध में भ्रामक विज्ञापनों के मामलों से निपटने के लिए एएससीआई प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इन विज्ञापनों की व्यापक रूप से निगरानी करेगी।

इस समझौता ज्ञापन पर आयुष मंत्रालय में सचिव अजीत एम शरण की उपस्थिति में आयुष मंत्रालय में सलाहकार डॉ. डी. सी. कटोच और एएससीआई के अध्यक्ष एस के स्वामी ने हस्ताक्षर किए।

आयुष के संयुक्त सचिव अनिल गनेरीवाला ने कहा कि पारंपरिक औषधियों के गलत विज्ञापन के कारण आयुष के समक्ष विश्वसनीयता का विषय खड़ा हो गया है। हमने एएससीआई के साथ हाथ मिलाया है ताकि हम इन पर दृष्टि रख सके । हम एक निगरानी प्रकोष्ठ बनायेंगे और एएससीआई के साथ समन्वय करके काम करेंगे।

एएससीआई के अनुसार, उसे भ्रामक विज्ञापन के बारे में वार्षिक स्तर पर **1500** शिकायतें प्रतिवर्ष प्राप्त होती है।

आयुष मंत्रालय द्वारा एएससीआई को स्वतः निगरानी निर्देश दिया गया है ताकि आयुष क्षेत्र में संभावित भ्रामक विज्ञापनों को निर्धारित कर इसकी उपभोक्ता शिकायत परिषद् (सीसीसी) के माध्यम से शिकायतों पर कार्रवाई की जाए।

आयुष मंत्रालय भी भ्रामक विज्ञापनों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों को एएससीआई भेजेगा जिनकी एएससीआई नियमावली और दिशा निर्देशों का प्रयोग कर समीक्षा की जाएगी। समझौता ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि एएससीआई औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, **1954** और इसके अंतर्गत बनाई गई नियमावली का संभावित रूप से उल्लंघन करने वाले सभी विज्ञापनों और एएससीआई की प्रस्तावों के अनुपालन को आयुष मंत्रालय को सूचित करेगा ताकि मंत्रालय आगे कार्रवाई कर सके।

## देश के सबसे बड़े जंगी जहाज आईएनएस विक्रमादित्य में लगेगा एटीएम, 21 जनवरी, 2017

भारतीय नौसेना के विशाल युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य को अत्याधुनिक हथियारों के साथ साथ अब एटीएम से भी युक्त किया जा रहा है जिससे



इस पर सवार नौसैनिक आवश्यकता के समय पैसे निकाल सकेंगे।

नौसेना के सूत्रों के अनुसार देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक कल इस युद्धपोत पर अपने एटीएम को चालू करने जा रहा है। संभवत यह पहला अवसर है जब किसी युद्धपोत पर एटीएम लगाया जा रहा है। यह एटीएम उपग्रह के माध्यम से संचालित होगा और इससे आईएनएस युद्धपोत पर सवार लगभग दो हजार नौसैनिकों को लाभ होगा।

युद्धपोत पर इसके लिए करंसी चेस्ट भी होगा जिससे एटीएम में आवश्यकता पड़ने पर पैसा डाला जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार इतने बड़े युद्धपोत पर एटीएम की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी क्योंकि जब युद्धपोत बंदरगाह पहुंचता है तो नौसैनिकों को पैसे की आवश्यकता होती है और अब इसके लिए उन्हें अपने साथ नगदी लेकर चलने की आवश्यकता नहीं होगी।

## भारत ने हिंद महासागर रिम संघ (आईओआरए) के सदस्य देशों के बीच एमएसएमई संबंधी सहयोग के समझौते ज्ञापन को पूरा किया, 21 जनवरी, 2017

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय ने हिंद महासागर रिम संघ (आईओआरए) के सदस्य देशों के बीचएमएसएमई संबंधी सहयोग के समझौते ज्ञापन को अंतिम रूप दे दिया है। पांच देशों के हस्ताक्षर के बाद यह प्रत्येक सदस्य देश पर लागू हो जाएगा। फाइनल एमओयू पर उपयुक्त मंच पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

एमओयू में निम्न बातों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगाः

1. अपने-अपने देश के विकास में जुटे एमएसएमई संगठनों, संघों और विभिन्न संस्थाओं के बीच कड़ियों और गठजोड़ को अंतिम रूप देने के लिए।
2. एमएसएमई विकास के लिए सर्वोत्तम नीतियों और कार्यक्रमों का आदान-प्रदान।
3. वैश्विक आपूर्ति चेन में विभिन्न एमएसएमई की अधिक से अधिक भागदारी, बाजार तक उनकी पहुंच बढ़े।
4. युवाओं और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना।
5. आईओआरए मंच के साथ सहयोग को प्रोत्साहित किया जाए।

समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन के लिए मॉरिशस में स्थित आईओआरए सचिवालय समन्वय एजेंसी होगी। इस सहमति पत्र में उल्लिखित गतिविधियों को पूरा करने के लिए सदस्य देशों के लिए आईओआर विशेष कोष भी बनाया गया है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा ने भारत पर्व का उद्घाटन किया, 27 जनवरी, 2017




केंद्रीय संस्कृति मंत्री महेश शर्मा ने छह दिवसीय 'भारत पर्व' का उद्घाटन किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना उत्पन्न करना, देश की सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विचार को लोकप्रिय करना है ।

कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में शर्मा ने कहा कि भारत में लोगों की भाषा, संस्कृति, परिधान, खानपान हर 50-100 किलोमीटर पर बदलते हैं।

'भारत पर्व' में राज्यों के 11 थीम पवेलियन होंगे जिनमें प्रत्येक राज्य अपनी उपलब्धियों, पहलों, पर्यटन उत्पादों आदि को प्रदर्शित करेगा ।

मंत्री ने बताया कि 'भारत पर्व 2017' में देश के सभी सात सांस्कृतिक क्षेत्रों के कलाकार प्रस्तुति देंगे । लोग इस कार्यकम में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक दोपहर 12 बजे से रात नौ बजे तक भाग ले सकेंगे । इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को स्वीकृति दी, 27 जनवरी, 2017




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को स्वीकृति दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना 2017 को शुरु करने के लिए स्वीकृति दे दी है।

वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजना के एक भाग के रूप में वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को स्वीकृति मिली।

वित्त मंत्रालय ने कहा की यह योजना अनिश्चित बाजार की स्थितियों के कारण वृद्धावस्था के दौरान 60 वर्ष के ऊपर के आयुवर्ग के लोगों को भविष्य में उनकी ब्याज आय में गिरावट से बचाने हेतु सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगी।

इसे चालू वित्तवर्ष में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से लागू किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत 10 वर्ष के लिए 8 प्रतिशत के वार्षिक गारंटीशुदा रिटर्न के साथ पेंशन सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिसमें मासिक, त्रैमासिक, छमाही या वार्षिक आधार पर पेंशन लेने का विकल्प दिया जाएगा।

इस योजना का उद्देश्य 60 वर्ष या उससे ऊपर के बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना 2017 शुभारंभ की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए सदस्यता हेतु खुली रहेगी। यह योजना सरकार की सामाजिक सुरक्षा तथा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का एक हिस्सा है।

एलआईसी इस योजना के अंतर्गत प्राप्त रकम को निवेश करेगी, इस निवेश पर मिलने वाला रिटर्न यदि 8 प्रतिशत से कम होता है तो इसकी भरपाई वार्षिक आधार पर सब्सिडी के तौर पर करेगी।

## रिलायंस डिफेंस को रक्षा मंत्रालय से 916 करोड़ रुपये का ठेका मिला, 30 जनवरी, 2017



रिलायंस डिफेंस एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड और रक्षा मंत्रालय बीच 916 करोड़ रपये का एक समझौता हुआ है। इसके अंतर्गत रिलायंस भारतीय तटरक्षक के लिए 14 त्वरित पेट्रोल नौकाओं का डिजाइनिंग और निर्माण करेगी। उल्लेखनीय है कि रिलायंस डिफेंस एंड इंजीनियरिंग, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पूर्ण-स्वामित्व वाली एक अनुषंगी कंपनी है।

कंपनी ने एक कथन में बताया कि रिलायंस डिफेंस को यह ठेका एक प्रतिस्पध्र्ाी नीलामी प्रक्रिया के बाद मिला है। इसमें सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्र की लगभग सभी कंपनियों ने हिस्सेदारी की थी जिनमें एलएंडटी, कोचीन शिपयार्ड, गोवा शिपयार्ड, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड सम्मिलित हैं। यह पहली बार है कि जब किसी निजी क्षेत्र की जहाज बनाने वाली कंपनी को इस तरह का ठेका मिला है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## राज्य — माह के ज्वलंत मुद्दे

1. विशाखापत्तनम में ई-गवर्नेंस पर दो दिवसीय 20वें राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन।
2. वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक सम्मेलन में 25,000 एमओयू पर हस्ताक्षर।
3. असम का पहला साहित्यिक महोत्सव गुवाहाटी में शुरू होगा।

### उदय योजनाः तेलंगाना की सरकारी बिजली कंपनियों का केंद्र के साथ समझौता, 04 जनवरी, 2017



तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने राज्य विधानसभा को सूचना दी कि दो सरकारी बिजली वितरण कंपनियों ने उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) से हाथ मिलाने के लिए केंद्र सरकार के साथ समझौता किया है।

विधानसभा में अपने कथन में राव ने कहा कि 30 सितंबर 2015 तक सरकारी कंपनी टीएसएसपीडीसीएल पर 7392 करोड़ रुपये और टीएसएनपीडीसीएल पर 4505 करोड़ रुपये का ऋण बकाया है। उदय योजना के अंतर्गत राज्य सरकार इन दोनों कंपनियों के 75 प्रतिशत ऋण यानी कुल 8923 करोड़ रुपये के ऋण का अधिग्रहण करेगी।

उन्होंने कहा कि बचे हुए 2974 करोड़ रुपये के ऋण का कंपनियां पुनर्गठन करेंगी और इसके लिए सरकारी गारंटी पर बांड जारी करेंगी। सरकार द्वारा कंपनियों के ऋण का अधिग्रहण करने से कंपनियों को हर वर्ष 890 करोड़ रुपये के ब्याज से राहत मिलेगी।

### नेत्रहीनों के टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा हैदराबाद, 06 जनवरी, 2017

हैदराबाद 10 फरवरी को नेत्रहीनों के लिये दूसरे टी20 विश्व कप क्रिकेट के एक सेमीफाइनल मुकाबले की मेजबानी करेगा।



भारत में नेत्रहीनों की क्रिकेट संघ (सीएबीआई) की मूल संस्था समर्थानाम ट्रस्ट के अनुसार टूर्नामेंट 28 जनवरी से 12 फरवरी तक खेला जायेगा, जिसका आरंभिक मैच नयी दिल्ली और फाइनल बेंगलुरू में खेला जायेगा।

संस्थापक प्रबंध ट्रस्टी महनटेश जीके ने पत्रकारों से कहा कि भारत, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, नेपाल, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज टूर्नाममेंट में भाग लेंगे जो भारत के 10 शहरों में लीग-कम-नाकआउट आधार पर खेला जायेगा।

पिछले वर्ष नंवबर में राहुल द्रविड़ को इस चरण के विश्व कप का 'ब्रांड दूत' घोषित किया गया था।

### मध्यप्रदेश में अनुसंधान केन्द्र बनायेगा डी. आरडीओ, 06 जनवरी, 2017



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में अपना एक महत्वपूर्ण अनुसंधान केन्द्र विकसित करने की योजना बना रहा है। केन्द्र 900 हेक्टेयर से अधिक भूमि में बनेगा।

अनुसंधान केन्द्र के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

मुरैना के जिलाधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि हमने कैलारस तहसील में डीआरडीओ केन्द्र की स्थापना हेतु 930 हेक्टेयर (लगभग 2300 एकड़) जमीन चिन्हित की है।

जो जमीन इसके लिए चिन्हित की गई है, उसमें 34 हेक्टेयर निजी जमीन और कुछ वन भूमि सम्मिलित है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

डीआरडीओ द्वारा इस परियोजना के लिए अधिगृहित की जा रही भूमि में कुछ वन क्षेत्र भी सम्मिलित है। उस क्षेत्र को राजस्व विभाग को सौंप दिया गया है।

मध्यप्रदेश के प्रधान सचिव (राजस्व) अरण कुमार पांडे ने कहा कि डीआरडीओ के लिए जमीन आवंटन हेतु जल्द ही एक प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष चर्चा एवं स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

## विशाखापत्तनम में ई-गवर्नेंस पर दो दिवसीय 20वें राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन, 11 जनवरी, 2017




विशाखापत्तनम में ई-गवर्नेंस पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी एवं विधि और न्याय राज्य मंत्री पी. पी. चौधरी ने ई-गवर्नेंस पर 20 राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में पी. पी. चौधरी ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच डिजिटल अंतर को समाप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भारतीयों के द्वारा अनुसंधान और विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अभिनव पारिस्थितिकी - प्रणाली एवं बौद्धिक संपदा अधिकारों के अधिग्रहण को प्रोत्साहन देती है।

## गुवाहाटी में दो दिवसीय डिजिधन मेले का शुभारंभ, 12 जनवरी, 2017

असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल और केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री किरेन रिजिजू ने गुवाहाटी में आयोजित डिजिधन मेले का उद्घाटन किया। इस दो दिवसीय डिजिधन मेले का आयोजन वास्तविक समय पर डिजिटल लेनदेन को अपनाने और इससे परिचित होने के लिए नागरिकों और व्यापारियों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से किया जाता है।

इस अवसर पर सर्बानंद सोनोवाल ने नकदी रहित अर्थव्यवस्था की दिशा में पहल के लिए ई-वॉलेट 'टोका पैसा' का शुभारंभ किया इस मेले का आयोजन असम सरकार के साथ सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और नीति आयोग के समन्वय से किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि विमुद्रीकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया गया एक साहसिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि विमुद्रीकरण का निर्णय देश के सबसे गरीब वर्ग के हित में किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विमुद्रीकरण के निर्णय के बाद नगदी रहित लेनदेन की दिशा में पूर्वोत्तर क्षेत्र में कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अपनी आय में बिना किसी कटौती के पूरी मजदूरी प्राप्त होने से चाय बागानों के श्रमिक बेहद पसंद है और वे नगदी रहित अर्थव्यवस्था को स्वीकार करके प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि नगदी रहित अर्थव्यवस्था से देश के सामाजिक व्यवहार के साथ-साथ आर्थिक प्रबंधन में  सुधार में भी सहायता मिलेगी।

किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत डिजिटल लेनदेन की ओर परिवर्तित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास और भारत के परिवर्तन की दिशा में पूर्वात्तर क्षेत्र को अवश्य सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असम में आयोजित डिजिधन मेला पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ-साथ समूचे भारत में ऐतिहासिक कदम है।

नीति आयोग के सलाहकार जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नगदी रहित लेनदेनों से हमारी अर्थव्यवस्था में सुधार होता है और यह सुद्रढ़ बनती है उन्होंने कहा कि डिजिधन मेले से नगदी रहित लेनदेनों की दिशा में आम आदमी को प्रोत्साहन देने में सहायता मिलेगी।

इस मेले में विभिन्न सरकारी विभागों, बैंकों, मोबाइल वॉलेट संचालकों और अन्य विक्रेताओं के सौ से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं।

## सुजलोन को 226.8 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका, 12 जनवरी, 2017



विंड टरबाइन बनाने वाली सुजलोन ग्रुप ने कहा कि उसे आंध्र प्रदेश में 226.8 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

सुजलोन ने बीएसई को सूचित किया है कि इस ऑर्डर के अंतर्गत वह 2.1 मेगावाट की 108 इकाइयों की आपूर्ति करेगी।

यह परियोजना आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में, मार्च 2017 तक पूरी होगी।

## वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक सम्मेलन में 25,000 एमओयू पर हस्ताक्षर, 13 जनवरी, 2017




गुजरात सरकार ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक सम्मेलन में कुल 25,578 सहमति ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि इस अनुबंध से राज्य में कितना निवेश आएगा।

राज्य सरकार ने इस बार द्विवार्षिक सम्मेलनों के पिछले सात संस्करणों की परंपरा से हटते हुए यह नहीं बताया कि इन एमओयू से कितना निवेश आएगा। 2015 में हुए पिछले सम्मेलन में राज्य सरकार ने कहा था कि उसने कुल 22,602 एमओयू किए हैं जिनसे राज्य में 25 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

गुजरात के उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि इस तीन दिन के आयोजन में 25,578 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

## हिमाचल के सीएम वीरभद्र सिंह ने धर्मशाला को राज्य की दूसरी राजधानी बनाया, 21 जनवरी, 2017



हिमाचल प्रदेश के सीएम वीरभद्र सिंह ने धर्मशाला को राज्य की दूसरी राजधानी घोषित किया। धर्मशाला धौलाधार पर्वत श्रंखला पर स्थित है। 1960 में दलाई लामा ने इस शहर को अपना मुख्यालय बनाया था, तभी से वह यहां से तिब्बत की निर्वासित सरकार चला रहे हैं।

सर्दियों में अपने प्रवास पर धर्मशाला आए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा का अपना इतिहास और महत्व है। साथ ही यह राज्य की दूसरी राजधानी बनने का हकदार है। उन्होंने कहा कि राज्य के निचले क्षेत्रों जैसे कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिले में इस शहर का अपना महत्व है।

इस क्षेत्र के लोगों को अब इस विशेष दर्जे का लाभ होगा और उन्हें अपने काम के लिए शिमला नहीं जाना होगा। सीएम वीरभद्र सिंह ने कहा कि धार्मिक और अडवेंचर टूरिज्म के महत्व के चलते धर्मशाला का केवल भारत के नक्शे पर ही नहीं बल्कि दुनिया के नक्शे पर भी महत्वपूर्ण स्थान है।

धर्मशाला को दलाई लामा का घर बताते हुए राज्य के सीएम ने कहा कि विश्व के प्रतिष्ठित लोगों का यहां आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने कहा कि दलाई लामा के चलते सम्पूर्ण विश्व से कई लोग इस क्षेत्र के दौरे पर आते हैं। सीएम ने कहा कि पहली बार 2005 में विधानसभा के शीतकालीन सत्र का शिमला से बाहर आयोजन किया गया था।

## रेलवे और झारखंड की जॉइंट वेंचर कंपनी बिछाएगी नई रेलवे लाइन, 21 जनवरी, 2017




झारखंड में अलग-अलग स्थानों को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने झारखंड सरकार के साथ जॉइंट वेंचर समझौता किया है। इस समझौते के बाद झारखंड में अलग-अलग स्थानों के लिए रेल लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। झारखंड सरकार ने इसके लिए अपनी योजना पहले ही रेल मंत्रालय को सौंप दी है।

झारखंड सरकार और रेलवे में हुए जॉइंट वेंचर समझौते के बदौलत रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों में राज्य सरकार की भागीदारी बढ़ेगी। रेलवे की विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने का उत्तरदायित्व अब सिर्फ केंद्र सरकार पर ही नहीं रहेगा, बल्कि राज्य सरकार को भी इसमें पूरा सहयोग देना पड़ेगा। किसी विशेष रेलवे प्रोजेक्ट में केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार और दूसरी संबंधित संस्थाओं को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने में सहायता करनी होगी।

झारखंड सरकार ने सबसे पहले तीन रेलवे प्रोजेक्टों को तवज्जो दी है। ये रेलवे प्रोजेक्ट हैं: नामकुम-कंदरा, गिरिडीह-पारसनाथ-मधुबन और

तोरी-चतरा रेलवे लाइन। इन रेल लाइनों की कुल लंबाई 222 किलोमीटर है और इन सभी प्रोजेक्ट्स में 2150 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। ये तीनों रेल लाइनें झारखंड और रेलवे के जॉइंट वेंचर के तहत बिछाई जाएंगी। इस ज्वाइंट वेंचर कंपनी में झारखंड सरकार की 51 फीसदी भागीदारी होगी।

## कोच्चि में आईटी भवन का उद्घाटन, 23 जनवरी, 2017



केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने इन्फोपार्क में आधुनिक आईटी भवन 'ज्योर्तिमय' का उद्घाटन किया।

नौ मंजिल का यह भवन छह एकड़ से अधिक जमीन पर बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ज्योर्तिमय' का निर्माण इन्फोपार्क के विकास के दूसरे चरण में किया गया है और इससे आईटी क्षेत्र में रोजगार के 4000 अवसर उत्पन्न होंगे।

इस परियोजना के दूसरे चरण का विकास कदमपरयार नदी के किनारे 160 एकड़ में किया जा रहा है। इन्फोपार्क के दोनों चरणों का काम पूरा होने पर कुल एक लाख रोजगार अवसर सृजित होंगे।

## असम का पहला साहित्यिक महोत्सव गुवाहाटी में आरम्भ होगा, 27 जनवरी, 2017



असम भी साहित्यिक महोत्सव का आयोजन करने वाले राज्यों में सम्मिलित हो गया है। यहां तीन दिनों तक चलने वाले ब्रह्मपुत्र साहित्य महोत्सव (बीएलएफ) का आयोजन आरम्भ होगा। इस महोत्सव में भारत और विदेश के 150 से अधिक लेखक भाग ले रहे हैं।

इस महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) और असम सरकार कर रही है। यहां 60 पैनल चर्चा, किताब विमोचन, किताबों का पठन-पाठन और किताबों पर आधारित बनी फिल्मों की स्क्रीनिंग से लेकर संगीत और नृत्य का भी आयोजन होगा।

तीन दिन तक चलने वाले इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण भारत के उत्तर-पूर्वी भाषा, साहित्य, संस्कृति, समाज, राजनीति, सांस्कृतिक प्रदर्शन, संगीत के साथ ही साथ इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय तत्वों को भी समाहित किया गया है।

एनबीटी की निदेशक एवं असम की साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता डाक्टर रीता चौधरी ने पीटीआई भाषा को बताया कि उनका लक्ष्य इस महोत्सव को देश के विशिष्ट आयोजनों में स्थापित करना है। इस महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावेड़कर करेंगे।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## असम के राज्यपाल को मेघालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया, 28 जनवरी, 2017



वी षणमुगनाथन के त्यागपत्र के बाद असम के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को मेघालय के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

एक आधिकारिक कथन में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने असम के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को मेघालय के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कथन के अनुसार पुरोहित असम के राज्यपाल की भूमिका का निर्वहन करने के साथ मेघालय के राज्यपाल का कामकाज भी देखेंगे।

## एयरो स्किल एकेडमी के लिए समझौता, 28 जनवरी, 2017




तेलंगाना सरकार ने एयरो स्किल एकेडमी स्थापित करने के लिए फ्रेंच एयरोकैंपस एक्विटाइन के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आधिकारिक कथन के अनुसार इस भागीदार का उद्देश्य यहां विश्वस्तरीय कौशल विकास अकादमी स्थापित करना है।

प्रस्तावित अकादमी अभियांत्रिकी में विशेष एयरोनोटिक्ल पाठ्यक्रमों की प्रस्तुति करेगी।

## एचपीसीएल, गेल का आंध्र प्रदेश के साथ समझौता, 28 जनवरी, 2017



सार्वजनिक रिफाइनरी कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) तथा गैस कंपनी गेल इंडिया ने 40,000 करोड़ रुपये की पेट्रोकेमिक्ल परियोजना के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ समझौता किया।

इस समझौते के अंतर्गत 50:50 अनुपात का संयुक्त उद्यम 15 लाख टन का एथीलीन डेरीवेटिव्ज संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र में डिटरजेंट, पेंट व कोटिंग, कास्मेटिक व एडेसिव आदि के विनिर्माण के लिए पेट्रोकेमिक्ल कच्ची सामग्री का उत्पादन होगा।

आंध्र प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचा, बिजली, सड़क व अन्य स्वीकृतियों के माध्यम से इस परियोजना का समर्थन करेगी।यह सयंत्र पेट्रोलियम, रसायन व पेट्रोकेमिकल्स निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) में स्थापित किया जाना है।

इस आशय के सहमति पत्र पर त्रिपाठी, एचपीसीएल के चेयरमैन मुकेश के सुराना व आंध्र प्रदेश सरकार में उद्योग निदेशक कार्तिकेय मिश्रा ने हस्ताक्षर किए।

यह परियोजना आंध्र प्रदेश में पूर्व प्रस्तावित रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल्स परिसर का संक्षिप्त संस्करण है। एचपीसीएल ने नयी रिफाइनरी लगाने की योजना को तत्काल प्रभाव से टाल दिया है और वह केवल पेट्रोकेमिकल्स परियोजना पर काम कर रही है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

# अंतर्राष्ट्रीय

**माह के ज्वलंत मुद्दे**

1. चेन्नई, वाराणसी के विकास में सहयोग करने को तैयार जापान।
2. चीन का 158 देशों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग।
3. भारत सर्न का सहयोगी सदस्य राज्य बना।

## भारत, पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया, 02 जनवरी, 2017



भारत और पाकिस्तान ने द्विपक्षीय समझौते के अंतर्गत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ने नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से उन परमाणु प्रतिष्ठानों एवं स्थलों की सूची का आदान-प्रदान किया जो भारत और पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठानों के विरुद्ध हमले को रोकने वाले समझौते के अंतर्गत आता है। दोनों देशों के बीच 31 दिसंबर, 1988 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था और यह 27 जनवरी, 1991 को अमल में आया था।

समझौते के अंतर्गत दोनों देश हर वर्ष जनवरी को एक दूसरे के उन परमाणु प्रतिष्ठानों और स्थलों के बारे में सूचित करते हैं जो इस समझौते के अंतर्गत आते हैं।

दोनों देशों ने 26वीं बार इस प्रकार की सूची का आदान-प्रदान किया है। पहली बार एक जनवरी, 1992 को इस सूची का आदान-प्रदान हुआ था।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने राजनयिक माध्यमों से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक दूसरे के उन नागरिकों की सूची का अभी आदान-प्रदान किया जो जेलों में बंद हैं। सूची का आदान-प्रदान कूटनीतिक सहायता से संबंधित समझौते के प्रावधानों के अनुसार होता है। इस समझौते पर 21 मई, 2008 को हस्ताक्षर किया गया था। इसके अंतर्गत वर्ष में दो बार एक दूसरे की जेलों में बंद नागरिकों की सूची का आदान-प्रदान होता है। एक जनवरी और एक जुलाई को ये सूची एक दूसरे को सौंपी जाती हैं।

## पाकिस्तान के नए मुख्य न्यायाधीश ने शपथ ग्रहण की, 03 जनवरी, 2017



न्यायाधीश मिया साकिब निसार ने पाकिस्तान के 25वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। निसार (62) ने न्यायाधीश अनवर जहीर जमाली का स्थान लिया, जो हाल में सेवानिवृत्त हो गए।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, सीनेट अध्यक्ष, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, संघीय मंत्रियों, सेना के अलग-अलग अंगों के प्रमुखों, सांसदों, राजनयिकों और न्यायाधीशों ने भाग लिया।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति ममनून हुसैन ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को शपथ दिलायी। हुसैन ने सात दिसंबर को निसार को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया था।

निसार अभी पाकिस्तान के वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं। 18 फरवरी, 2010 को उनकी नियुक्ति शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में हुई थी। वह लाहौर उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रह चुके हैं।

## पॉल रेयान फिर चुने गए प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष, 04 जनवरी, 2017



46 वर्ष के पॉल रेयान को एक बार फिर से अमरीकी प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष चुना गया है।अमरीकी सांसदों ने बहुमत से पॉल रेयान को प्रतिनिधि सभा का स्पीकर निर्वाचित किया है। प्रतिनिधि सभा का स्पीकर निर्वाचित होने के बाद कांग्रेस में रेयान की भूमिका अति महत्वपूर्ण रहेगी। बता दें कि

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

बतौर राष्ट्रपति बराक ओबामा का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद ग्रहण करने जा रहे हैं।

सदन के सदस्यों में से 239 ने रेयान के पक्ष में वोट किया। जबकि शीर्ष डेमोक्रेट एवं पूर्व स्पीकर नैन्सी पलोसी को 189 वोट मिले। पांच सांसदों ने अन्य को वोट दिए।

## मंत्रिमंडल ने केन्या के साथ कृषि समझौते को स्वीकृति दी, 04 जनवरी, 2017



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और केन्या के बीच कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्तक्षार को स्वीकृति दे दी। कैबिनेट विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि इस संबंध में एक संयुक्त कार्यकारी समूह का गठन किया जाएगा, जिसमें दोनों देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। वे समझौता ज्ञापन के निष्पादन के लिए कार्यक्रमों को विकसित करेंगे तथा उसकी निगरानी करेंगे।

इस समझौता ज्ञापन में कृषि अनुसंधान, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन, बागवानी, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, मृदा एवं संरक्षण, जल प्रबंधन, सिंचाई व खेती प्रणाली के विकास और संबद्ध क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों को सम्मिलित किया जाएगा।

कथन में कहा गया है कि समझौता ज्ञापन पर जिस दिन हस्ताक्षर किया जाएगा, उसी दिन से यह लागू हो जाएगा और पांच वर्षों के लिए वैध रहेगा। वैधता अवधि की समाप्ति के बाद यह अगले पांच वर्षों के लिए स्वचालित रूप से वैध हो जाएगा, जब तक कि दोनों में से कोई भी पक्ष दूसरे पक्ष को वैधता से छह महीने पहले लिखित रूप से इसे रद्द करने की जानकारी नहीं देता है।

## यूरोपीय संघ में ब्रिटेन के नए राजदूत नियुक्त, 04 जनवरी, 2017

ब्रिटेन सरकार ने वरिष्ठ राजनयिक टिम बैरो को यूरोपीय संघ (ईयू) में ब्रिटेन का नया राजदूत नियुक्त किया है।

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब इससे एक दिन पहले ही ईयू में ब्रिटेन के राजदूत ने पद से त्यागपत्र दे दिया था।



बैरो, रूस में ब्रिटेन के राजदूत रह चुके हैं। वह ब्रेक्जिट पर चर्चा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## चेन्नई, वाराणसी के विकास में सहयोग करने को तैयार जापान, 06 जनवरी, 2017



जापान ने चेन्नई, अहमदाबाद और वाराणसी को स्मार्ट शहरों के तौर पर विकसित करने में भारत का सहयोग करने का निर्णय किया है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री एम. वेंकैया नायडू के साथ भारत में जापान के राजदूत केनजी हिरामात्सू की एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि भारत सरकार की शहरी विकास की पहल में जापान की 'काफी दिलचस्पी' है और इसने एक साझीदार बनने का निर्णय किया है।

त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता के बारे में नायडू के अवलोकन पर जवाब देते हुए जापानी राजदूत ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली इस सरकार के कार्योन्मुखी दृष्टिकोण से बराबरी करना चाहेंगे। इस बीच, ब्रिटेन के उच्चायुक्त डोमिनिक एसक्विथ ने भी नायडू से भेंट की और शहरी विकास के क्षेत्र में सहयोग पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को कार्यवाही में रूपांतरित करने पर चर्चा की।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## चीन ने सबसे लंबी बुलेट ट्रेन शुरू किया, 06 जनवरी, 2017



चीन ने कुनमिंग से राजधानी बीजिंग तक के लिए अपनी सबसे लंबी बुलेट ट्रेन "शांगरी-ला ऑफ द वर्ल्ड" शुरू किया है। हाई स्पीड ट्रेन के नेटवर्क में लगभग **20,000** किलोमीटर की वृद्धि करते हुए चीन ने अपने लगभग सभी प्रांतों को इससे जोड़ लिया है।

कुनमिंग चीन के दक्षिणी-पश्चिमी प्रांत युन्नान की राजधानी है।

कुनमिंग से यह ट्रेन प्रातः **11** बजकर **05** मिनट पर रवाना हुई और **2,760** किलोमीटर की यात्रा लगभग **13** घंटे में पूरा करके बीजिंग पहुंची।

ट्रेन का नाम वृद्धि में प्रसिद्ध युन्नान के रिसॉर्ट शांगरी-ला पर रखा गया है। यह नाम पहली बार ब्रिटिश उपन्यासकार जेम्स हिल्टन की पुस्तक "लॉस्ट होराइजन" में आया था।

कुनमिंग से बीजिंग की ट्रेन में द्वितीय श्रेणी के टिकट का मूल्य **1,147.5** युआन (**166** डॉलर) है।

यह चीन में पूर्व-पश्चिम हाई-स्पीड रेलवे की सबसे लंबी लाइन है।

चीन ने अभी तक **20,000** किलोमीटर हाई-स्पीट ट्रेन की पटरियां बिछा ली हैं। सरकार का कहना है कि वर्ष **2030** तक इनकी लंबाई **45,000** किलोमीटर हो जाएगी।

जापान के साथ प्रतिद्वंद्विता करते हुए चीन अपने बुलेट ट्रेन का भारत सहित अन्य देशों में जमकर प्रचार कर रहा है।

## भारत-कजाकिस्तान कर संधि में संशोधन का समझौता, 06 जनवरी, 2017



भारत और कजाकिस्तान ने दो दशक पुरानी द्विपक्षीय कर संधि में संशोधन करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संधि के अंतर्गत दोनों देशों के बीच साझा की जाने वाली जानकारियों को अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ भी साझा किया जा सकेगा।

एक आधिकारिक कथन में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच वर्तमान दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएसी) में संशोधन कर इसे कर मामलों पर जानकारी के प्रभावी आदान-प्रदान को ध्यान में रखकर, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा।

इसमें कहा गया है कि कर संबंध में दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान की जाने वाली जानकारियों को अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच उनके समकक्ष एजेंसियों के अधिकृत करने के बाद आपस में साझा किया जा सकेगा। वर्तमान डीटीएसी नौ दिसंबर **1996** को हुआ था।

## आधी सदी में पहली बार क्यूबा से अमेरिका को निर्यात, 06 जनवरी, 2017

आधी सदी में पहली बार क्यूबा से अमेरिका को वाणिज्यिक निर्यात करने के लिए दो कंपनियों ने समझौता किया है। दोनों देशों के रिश्तों में यह एक ऐतिहासिक क्षण है।

क्यूबा की क्यूबा एक्सपोर्ट कंपनी ने अमेरिका की कोआबाना ट्रेडिंग को चारकोल बेचने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत क्यूबा की कंपनी अमेरिका को **420** डॉलर प्रति टन के हिसाब से चारकोल की बिक्री करेगी।

हालांकि अमेरिका द्वारा क्यूबा पर लगाया गया लगभग **55** वर्ष का व्यापारिक प्रतिबंध जारी रहेगा लेकिन इन निर्यातों को निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने विशेषतौर पर अधिकृत किया है।

ओबामा और क्यूबा के राष्ट्रपति राउल कास्त्रो ने **2014** के अंत में दोनों देशों के रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में प्रयास शुरू किए थे।

ग्रानमा ने ऑनलाइन जानकारी दी है कि निर्यात की पहली खेप की आपूर्ति **18** जनवरी को होगी।

## यौन उत्पीड़न से निपटने वाली संयुक्त राष्ट्र की समिति में शीर्ष भारतीय राजनयिक सम्मिलित, 07 जनवरी, 2017



Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

संयुक्त राष्ट्र के नये महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों द्वारा किये जाने वाले यौन शोषण और उत्पीड़न को रोकने और इससे संबंधित 'महत्वपूर्ण बदलाव लाने वाली' रणनीति के विकास के लिए एक कार्यदल का गठन किया है। इस दल में एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को भी स्थान मिला है।

संयुक्त राष्ट्र में शीर्ष शांतिरक्षक अधिकारी और वरिष्ठ राजनयिक अतुल खरे इस उच्च-स्तरीय कार्यदल के सदस्य बनाये गये हैं। खरे वर्तमान में फील्ड सपोर्ट विभाग में अपर महासचिव हैं।

गुटेरेस ने यौन शोषण और उत्पीड़न को लेकर संगठन की प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने के लिए नियुक्त विशेष समन्वयक जेन हॉल ल्यूट को ऐसे मामलों को रोकने की दिशा में रणनीति तैयार करने के लिए एक उच्च-स्तरीय कार्यदल गठित करने का निर्देश दिया था। संयुक्त राष्ट्र में आधिकारिक पदों पर तैनात इस कार्यदल के सभी सदस्य इस संबंध में रणनीति तैयार करने के लिए यौन शोषण से सुरक्षा के लिए विशेष उपायों पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की आगामी रिपोर्ट का उपयोग करेंगे।

गुटेरेस ने कहा कि वह चाहते हैं कि रणनीति का विकास तत्कालिकता के आधार पर किया जाए और उन्होंने सदस्य देशों एवं संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत काम करने वाले सभी संबद्ध संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया।

## भारत, पुर्तगाल के बीच रक्षा सहित 6 समझौतों पर हस्ताक्षर, 07 जनवरी, 2017



भारत और पुर्तगाल के बीच रक्षा सहयोग समेत **6** समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुर्तगाल के उनके समकक्ष एंटोनियो कोस्टा से औपचारिक भेंट के बाद ये समझौते किए गए। दोनों नेताओं ने आतंकवाद, सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश सहित विभिन्न द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया।

मोदी ने पत्रकारों को जारी कथन में कहा कि व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना दोनों देशों की प्राथमिकता है। बुनियादी ढांचा, नवाचार, स्टार्टअप, सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अवसर की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोस्टा के साथ आतंकवाद और हिंसा के खतरे के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय समुदाय को शीघ्र कदम उठाने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के प्रयास को लगातार समर्थन देने और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में (एनएसजी) भारत की सदस्यता के लिए सहयोग करने पर पुर्तगाल का आभार भी प्रकट किया। मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री कोस्टा के साथ सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्रों में भी भागीदारी मजबूत करने पर सहमति बनी है। रक्षा सहयोग में हुए समझौते से दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों में मजबूती लाने में सहायता मिलेगी।

## पाकिस्तान ने किया पहला परमाणु सक्षम पनडुब्बी क्रूज मिसाइल बाबर-3 का परीक्षण, 10 जनवरी, 2017



पाकिस्तान ने परमाणु आयुध को **450** किलोमीटर तक ले जाने में सक्षम पनडुब्बी से दागी जाने वाली पहली क्रूज मिसाइल का हिंद महासागर में अज्ञात स्थान से सफल परीक्षण किया।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक कथन में बताया कि बाबर-**3** नामक इस मिसाइल को पानी के अंदर ही चलते-फिरते मंच से छोड़ा गया, जिसने बिल्कुल सटीकता से लक्ष्य पर प्रहार किया।

बाबर-**3** सतह से दागी जाने वाली क्रूज मिसाइल (जीएलसीएम) बाबर-**2** की समुद्री किस्म है, जिसका पिछले वर्ष दिसंबर के प्रारंभ में सफल परीक्षण किया गया था।

बाबर-**3** एसएलसीएम में पानी के अंदर ही नियंत्रित प्रणोदन, उन्नत मार्गदर्शन एवं नौवहन विशेषता, आदि समेत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार इस मिसाइल में शत्रु रडार एवं वायु रक्षा से बच निकलने जैसी क्षमता है। बाबर-**3** एसएलसीएम सतह पर आक्रमण करने के दौर में विभिन्न प्रकार के भारों को ले जाने में सक्षम है और वह परमाणु आक्रमण की स्थिति में पलटवार करने की भरोसेमंद क्षमता प्रदान करती है।

प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने 'बाबर-**3**' के सफल परीक्षण पर राष्ट्र और सेना को बधाई दी। द्यउन के कार्यालय से जारी कथन के अनुसार उन्होंने

कहा, 'बाबर-3 का सफल परीक्षण पाकिस्तान की प्रौद्योगिकी तरक्की एवं आत्मनिर्भरता का एक परिचायक है।' शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति पर चलता है लेकिन यह परीक्षण भरोसेमंद न्यूनतम प्रतिरोध की नीति की दिशा में एक कदम है। परीक्षण के अवसर पर कई शीर्ष सैन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक आदि उपस्थित थे।

## पेंटागन ने सफलतापूर्वक सूक्ष्म ड्रोनों का परीक्षण किया, 10 जनवरी, 2017



पेंटागन ने **103** सूक्ष्म ड्रोनों के एक समूह का सफल परीक्षण कर लिया है, और जल्द ही वह अपने विरोधियों को टिड्डियों जैसे आकार के **21**वीं सदी के ड्रोनों के समूह से भेंट कर सकता है।

पेंटागन के अधिकारी ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता में सुधार कर नई स्वायत्त हथियार प्रणालियों के विकास में एक महत्वपूर्ण प्रगति ने इस संभावना का द्वार खोला है कि छोटे रोबोटों का समूह मानव निर्देशन में कार्य कर सकेगा।

सैन्य रणनीतिकारों को इस प्रकार के ड्रोन समूहों से बहुत आशाएं हैं क्योंकि आसानी से उन्हें बहुत कम लागत से बनाया जा सकता है और इन समूहों से विरोधियों के गढ़ को भी हिलाया जा सकता है।

पेंटागन ने एक कथन में बताया कि कैलीफोर्निया में अक्टूबर में कुल **103** सूक्ष्म ड्रोनों के समूह का सफल परीक्षण किया गया। इनमें से प्रत्येक ड्रोन लगभग छह इंच (लगभग **16** सेंटीमीटर) आकार का है। इन्हें एफ ए-**18** सुपर होरनेट फाइटर जेट से छोड़ा गया था।

## भारत और पुर्तगाल, फिल्म क्षेत्र में सह-निर्माण समझौता करेंगे, 10 जनवरी, 2017

भारत और पुर्तगाल फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक दूसरे के साथ सहयोग करेंगे और दोनों देशों ने इस उद्देश्य के लिए फिल्म सह-निर्माण समझौते की रूपरेखा तैयार करने पर सहमति व्यक्त की है। सूचना प्रसारण राज्यमंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की पुर्तगाल के संस्कृति मंत्री लुई फिलिप कास्त्रो मेंडेस के बीच बैठक में इस बारे में चर्चा की गई ।

सूचना प्रसारण मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों देशों के बीच प्रस्तावित समझौतों के वैधानिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस समझौते को समयबद्ध तरीके से तैयार किया जाएगा।

राठौर और मेंडेस के बीच बैठक के दौरान दोनों देशों के सरकारी प्रसारकों के बीच समझौता ज्ञापन की संभावनाओं और सर्वश्रेष्ठ तौर तरीकों तथा तकनीकी एवं सामग्री से संबंधित मुद्दों पर सहयोग के बारे में भी चर्चा की गई।

दोनों नेताओं के बीच हुए विचार-विमर्श के दौरान कर्नल राठौड़ ने पुर्तगाल के मंत्री को देश में फिल्म सुविधा कार्यालय के माध्यम से विदेशी फिल्म निर्माताओं को स्वीकृति के लिए एकल खिड़की उपलब्ध कराने की सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल के बारे में जानकारी दी।

सूचना प्रसारण राज्य मंत्री राठौर ने देश की समृद्ध फिल्मी धरोहरों का डिजीटलीकरण और उन्हें संरक्षित करने के सरकार के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म विरासत अभियान के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर मंत्री महोदय ने पुर्तगाल के मंत्री को देश में पत्रकारिता और फिल्म निर्माण के प्रमुख शैक्षिक संस्थानों क्रमशरू भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) और भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के बारे में भी बताया।

## चीन का 158 देशों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग, 13 जनवरी, 2017



चीन के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में विश्व के **158** देशों तथा क्षेत्रों के साथ सहयोग संबंध स्थापित किया गया है।

ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने विज्ञान व प्रौद्योगिकी सहयोग पर **111** अंतरसरकारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और चीन ने इस तरह के सहयोग के लिए समर्पित **200** से अधिक अंतरसरकारी संगठनों में भाग लिया है।

एक स्थिर अंतरसरकारी सहयोग प्रणाली आकार ले चुका है, जिसमें कई महत्वपूर्ण देश, क्षेत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठन सम्मिलित हैं। यह प्रणाली विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी सहयोग के सुधार में योगदान कर रही है।

मंत्रालय के आंकड़ों से यह बात सामने आती है कि **47** देशों, क्षेत्रों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों व बहुपक्षीय प्रणालियों के चीनी दूतावासों, वाणिज्य दूतावासों तथा कूटनीतिक मिशन में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के लगभग **80** कार्यालय स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें **146** राजनयिक कार्यरत हैं।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## भारत, अमेरिका ने तीसरे विश्व के राष्ट्रों में सहयोग के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये, 14 जनवरी, 2017



भारत और अमेरिका ने तीसरे विश्व के देशों में विकासात्मक गतिविधियों तथा सहायता के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं।

मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन (एमसीसी) और भारत के विदेश मंत्रालय के डेवलपमेंट पार्टनरशिप एडमिनिस्ट्रेशन (डीपीए) के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए हैं। एमसीसी एक अमेरिकी एजेंसी है जो सतत आर्थिक विकास के माध्यम से गरीबी दूर करने लिए आर्थिक सहयोग देकर तीसरे विश्व के देशों की सहायता कर रह रही है।

डीपीए भागीदार देशों के साथ भारत के विकास सहयोग कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर ध्यान देता है।

समझौता पत्र पर हस्ताक्षार किये गये और इसके अनुसार दोनों देश भागीदार देशों में विकासात्मक गतिविधियों के लिए सेक्टर में या संबंधित मुद्दों पर सूचना और अनुभव का आदान प्रदान कर सहयोग करेंगे। भारत और अमेरिका सेक्टर नीति सुधार, परियोजना और क्षेत्र प्रबंधन, परियोजना कार्यान्वयन और संबंधित सेक्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की रणनीतियों के लिए तीसरी विश्व को परामर्श और तकनीकी सहायता भी दे सकते हैं।

## ओबामा ने 16 जनवरी को धार्मिक स्वतंत्रता दिवस घोषित किया, 14 जनवरी, 2017

अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने देश के नागरिकों से धार्मिक असहिष्णुता के विरुद्ध खड़े होने की अपील करते हुए वार्षिक परंपरा के अनुसार **16** जनवरी को 'धार्मिक स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया।



ओबामा ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता का सिद्धांत साझी संस्कृति, धर्म या विश्वास पर आधारित नहीं है बल्कि स्वतंत्रता के लिए हमारी साझी प्रतिबद्धता पर आधारित है और एक अमेरिकी होने के नाते यह हम सबके दिलों में बसता है। राष्ट्रपति की उद्घोषणा के अंतर्गत हर वर्ष अमेरिका में **16** जनवरी को 'धार्मिक स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया गया है।

ओबामा ने नागरिकों से ऐसी राजनीति को नकारने की अपील की जो लोगों को उनके धर्म के कारण निशाना बनाती है।

ओबामा ने इस बात पर खेद प्रकट किया कि वर्ष **2015** में हुए घृणा अपराधों में लगभग **20** प्रतिशत पीड़ितों को धार्मिक भेदभाव के कारण निशाना बनाया गया।

उन्होंने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता अमेरिकी जीवन की 'आधारशिला' है और यह ऐसा सार्वभौमिक अधिकार है जिसे छीना नहीं जा सकता।

## संयुक्त अरब अमीरात ने अपनी पहली रोबोट फार्मेसी आरम्भ की, 14 जनवरी, 2017



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दुबई में अपने पहले "रोबोट फार्मेसी" का आरम्भ किया है, जहां सिर्फ एक बटन की क्लिक पर रोबोट लोगों को डॉक्टर की बताई दवा देंगे।

दुबई हेल्थ अथॉरिटी बोर्ड के अध्यक्ष एवं महानिदेशक हुमैद अल कातमी ने कहा कि यूएई की **2016-2021** की नीति को प्राप्त करने की दिशा में अधिकारियों द्वारा स्वीकृत यह सबसे स्मार्ट तकनीक है जिसका लक्ष्य एक खुशहाल और स्वस्थ समाज को पाना है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

सउदी समाचार एजेंसी 'डब्ल्यूएएफ' की रिपोर्ट के अनुसार, यह रोबोट 35,000 दवाइयों का भंडारण कर सकता है और एक मिनट से भी कम समय में लगभग 12 दवा पर्चियों के अनुसार दवाइयां बांट सकता है।

फार्मास्युटिकल सर्विसेज डिपार्टमेंट के निदेशक अली अल सैयद, हॉस्पिटल सर्विसेज सेक्टर के सीईओ अहमद बिन कलबान और राशिद हॉस्पिटल की सीईओ आलिया अल मजरूई की उपस्थिति में स्मार्ट फार्मेसी का आरम्भ किया गया।

अल सैयद ने कहा कि चूंकि यह रोबोट एक मिनट से भी कम समय में 12 दवा पर्चियों का निपटारा कर सकता है ऐसे में किसी व्यक्ति के प्रतीक्षा के समय में उल्लेखनीय कमी आएगी।

दवा देने की प्रक्रिया कागज रहित होगी और जितनी जल्दी डॉक्टर इसका इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख तैयार करेंगे उतनी जल्दी रोबोट दवा पर्ची का भंडारण करेगा।

उन्होंने कहा कि दवा देने की प्रक्रिया में रोबोट के उपयोग से दवा विक्रेता उपभोक्ताओं को दवा लेने से जुड़े सही सुझाव देने पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।

## इक्वाडोर को जी-77 देशों की अध्यक्षता प्राप्त हुई, 16 जनवरी, 2017



इक्वाडोर को संयुक्त राष्ट्र के समूह 77 (जी-77) की अध्यक्षता प्राप्त हुई। इक्वाडोर को थाईलैंड से जी-77 की अध्यक्षता मिली।

अध्यक्षता प्राप्त होने पर इक्वाडोर के राष्ट्रपति राफेल कोरेया ने कहा कि वे समाजिक और आर्थिक एकता का प्रसार करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब गरीबी, असमानता एवं अन्य कुरीतियों की समाप्ति होगी। इससे सभी देशों को संप्रभुता, गरिमा और शांति से रहने का अवसर प्राप्त होगा।

थाईलैंड के विदेश मंत्री डॉन प्रामुडविनई ने कहा कि वर्ष 2016 में थाईलैंड ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2030 के लिए निर्धारित किये गये 17 लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ध्यान केन्द्रित किया। इससे विकास को बढ़ावा देने, सुशासन लाने तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए अच्छा वातावरण तैयार हो सकेगा। थाईलैंड ने बैटन इक्वाडोर को सौपते हुए यह घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने कहा कि वे जी-77 का सम्मान करते हैं तथा इस समूह के द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में विश्वास रखते हैं।

### जी-77 के बारे में:-

जी-77 विकासशील देशों द्वारा बनाया गया एक समूह है। इसका निर्माण विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया गया जिसे इन सभी देशों द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त किया जाना है।

जी-77 134 विकासशील देशों का संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधित्व करता है, इस समूह में चीन भी सम्मिलित है।

चीन जी-77 के साथ अधिकारिक रूप से नहीं जुड़ा है लेकिन वर्ष 1994 से राजनैतिक तथा आर्थिक सहयोग देता रहा है।

इस समूह का नाम जी-77 इसलिए रखा गया क्योंकि इसकी स्थापना के समय इसमें 77 सदस्य थे। नवम्बर 2013 तक समूह में 134 सदस्य राष्ट्र सम्मिलित मिल हो गये। इस समूह की स्थापना 15 जून 1964 को जिनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र ट्रेड एंड डेवलपमेंट सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) में की गयी।

## फिजी में 25वें एपीपीएफ का शुभारम्भ, 16 जनवरी, 2017

फिजी में 25वें एशिया प्रशांत संसदीय फोरम (एपीपीएफ) का शुभारम्भ हो गया। इस फोरम का उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा के लिए संसदीय भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करना है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इस पांच दिवसीय फोरम में एशिया प्रशांत क्षेत्र के 20 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं जिसमें आस्ट्रेलिया, चीन, जापान, पेरू, फिलीपींस और रूस हैं।

फिजी के प्रधानमंत्री वोरेक बेनीमारमा ने संसदीय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए साझेदारों का आह्वान किया। इस फोरम में आम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न देशों से संबद्ध मुद्दों पर चर्चा होगी। 2016 में 24वें एपीपीएफ का आयोजन कनाडा में हुआ था।

## भारत और मॉरीशस ने सहकारी एवं इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, 17 जनवरी, 2017

केंद्रीय कृषि एंव किसान कल्याण मंत्री, राधा मोहन सिंह और व्यापार, उद्यम और सहकारी समिति मंत्री, मॉरीशस सरकार, सुमिल दत्त भोलहा ने सहकारी एवं इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता दोनों ही देशों को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करने में सहायता करेगा जिससे हजारों मॉरीशसवासियों को लाभ



पहुंच सकता है। भारत ने कृषि उद्योग, मत्स्यपालन और डेयरी के क्षेत्र में मॉरीशस के साथ अपनी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान का प्रस्ताव दिया।

दोनो मंत्रियों ने भारत और मॉरीशस के बीच साझा सांस्कृतिक और पूर्वजों के समय से बने संबंध,जो कि समय गुजरने के साथ मजबूत हुए हैं और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं, पर संतुष्टि जताई तथा यह विचार व्यक्त किया कि समय - समय पर दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय दौरों के माध्यम से पारस्परिक संबंधों में और अधिक मजबूती आई है।

## पेरिस में मध्य पूर्व शांति शिखर सम्मेलन आयोजित, 17 जनवरी, 2017




इजरायल एवं फिलिस्तीन के मध्य ठप पड़ी शांति वार्ता को गति देने के लिए मध्य पूर्व शांति शिखर सम्मेलन पेरिस में आयोजित हुआ।

इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए 70 देशों के प्रतिनिधि यहां एकत्रित हुए हैं। फिलिस्तीनियों ने फ्रांसीसी पहल का स्वागत किया है, लेकिन इजरायल का कहना है कि सम्मेलन उसके विरुद्ध है।

यह भी सिद्ध किया जाएगा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय दोनों पक्षों के मध्य किसी समझौते के बगैर इजरायल की 1967 के पूर्व की स्थिति में बदलावों को मान्यता नहीं देगा।

हालांकि इजरायल सम्मेलन में भाग नहीं ले रहा है। बैठक के लिए एक मसौदा कथन में कहा गया है की इजरायल और फिलिस्तीन समस्या के द्वि राष्ट्र समाधान के प्रति अपनी बचनबद्धता फिर से जाहिर करें एवं कोई ऐसा एकतरफा कदम न उठाएं जिससे अंतिम दर्जे के लिए होने वाली वार्ता के परिणाम प्रभावित हों।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पेरिस सम्मेलन को एक छलावा बताया है, जिससे इजरायल बंधा नहीं होगा।

इजरायल ने शांति प्रक्रिया में अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को निरस्त कर दिया है और कहा है कि केवल सीधी वार्ता के द्वारा ही समस्या का हल निकल सकता है।

## भारत सर्न का सहयोगी सदस्य राज्य बना, 18 जनवरी, 2017




केंद्र सरकार द्वारा सहमति दिए जाने के उपरांत भारत 16 जनवरी 2017 को यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन (सर्न) का सहयोगी सदस्य राज्य बना।

इससे पहले नवम्बर 2016 को भारत ने इस संगठन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते पर परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष शेखर बासु एवं सर्न के महानिदेशक फैबिओला जियानोती द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

सहयोगी सदस्य होने के नाते भारत को सर्न के डाटा पर पूरा अधिकार होगा। अब अतिरिक्त शुल्क देने पर भारत सर्न द्वारा किये जाने वाले सभी अनुसंधानों में भाग ले सकेगा। भारतीय उद्योगपति सर्न की निविदाओं में भी भाग ले सकेंगे। सहयोगी सदस्य के रूप में भारत को प्रत्येक वर्ष सर्न को 40 करोड़ रुपये देने होंगे।

### भारत-सर्न संबंध

- भारत और सर्न के संबंध 1991 में उस समय आरंभ हुए जब दोनों ओर से सहयोग समझौता किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रोटोकॉल पर भी समझौता किया गया।
- भारत के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च ने 1960 से ही सर्न के साथ काम करना शुरू कर दिया था। संस्थान के भौतिकशास्त्री सर्न में सक्रिय रूप से भाग ले रहे थे।
- इनके बाद राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों द्वारा 1990 में सर्न में भागीदारी आरंभ की गयी।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- यह संस्थान एलईपी एक्सीलेटर एवं एल3, डब्ल्यूए93 तथा डब्ल्यूए89 डिटेक्टर्स का निर्माण भी करता है।
- भारत के वैज्ञानिकों के इस कार्य के चलते उन्हें लार्ज हैड्रन कोलाईडर के निर्माण में सहयोगी भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हुआ।
- भारत द्वारा दिए गये योगदान के चलते वर्ष 2002 में भारत को सर्न काउंसिल का प्रेक्षक बनाया गया।
- भारतीय वैज्ञानिक आईएसओएलडीई में भी भागीदार रहे। यह एक उच्च तकनीकी पार्टिकल डिटेक्टर है।

## सरकार ने कृषि में सहयोग के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ सहमति पत्र को स्वीकृति दी, 19 जनवरी, 2017



सरकार ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच कृषि एवं सहायक क्षेत्रों में समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने को स्वीकृति दी है।

एक सरकारी कथन में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच कृषि एवं सहायक क्षेत्रों में सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

कथन में कहा गया है कि कृषि प्रौद्योगिकी में सहयोग से दोनों पक्षों को एक दूसरे के यहां कृषि की सर्वोत्तम पद्धतियों को समझने में सहायता मिलेगी और इससे किसानों की उपज बढेगी तथा विश्वबाजार में माल पहुंचाने में असानी होगी। इस तरह के सहयोग से समावेशी और न्यायोचित विकास को बल मिलेगा।

## वर्जीनिया में पहला भारतवंशी बना न्यायाधीश, 20 जनवरी, 2017




भारतीय मूल के अमेरिकी रुपेन आर. शाह वर्जीनिया के न्यायाधीश निर्वाचित हुए हैं। इस पद पर आसीन होने वाले वह पहले भारतवंशी हैं, जो वर्तमान में अगस्ता काउंटी कॉमनवेल्थ के वर्तमान चीफ डेप्यूटी हैं।

स्थानीय जनरल असेंबली डेलीगेशन की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शाह स्टाउंटोन सिटी के निवासी हैं और वर्जीनिया के न्यायाधीश के रूप में उनके छह वर्षो का कार्यकाल एक फरवरी से शुरू होगा।

शाह एक्जेक्यूटिव कमेटी तथा काउंसिल ऑफ वर्जीनिया स्टेट बार के साथ ही डायवर्सिटी कांफ्रेंस ऑफ वर्जीनिया स्टेट बार के लिए भी काम कर चुके हैं।

स्टेट बार ने वर्ष 2009 में उन्हें स्थानीय नेता के रूप में मान्यता दी थी और वह वर्ष 2008-09 के दौरान अगस्ता काउंटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

न्यूयॉर्क के साइराक्यूज यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री लेने वाले शाह ने गैर लाभकारी वैली चिल्ड्रन्स सेंटर की स्थापना की थी, जो कानून प्रवर्तन तथा बाल सुरक्षा सेवा को उत्पीड़न के शिकार व नजरअंदाज किए गए बच्चों के साक्षात्कार में सहायता प्रदान करता है।

शाह को कानून पढ़ाने का भी विशेष अनुभव है।

अगस्ता काउंटी कॉमनवेल्थ के अटॉर्नी टीम मार्टिन ने कहा कि शाह न्यायाध ीश पद के योग्य उम्मीदवार हैं।

## पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में चीन की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी, 21 जनवरी, 2017



Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

चीनी कंपनियों के एक समूह ने 8.5 करोड़ डॉलर में पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य पाकिस्तान के पूंजी बाजार में चीन को प्रवेश देना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के लिए कोष जुटाना है।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक दार की उपस्थिति में कराची में एक बिक्री-खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इन चीनी कंपनियों के समूह में चाइनीज फाइनेंशियल फ्यूचर्स एक्सचेंज कंपनी लिमिटेड, शंघाई स्टॉक एक्सचेंज, शेनजेन स्टॉक एक्सचेंज और दो स्थानीय सहयोगी पाक-चाइना इवेंस्टमेंट कंपनी और हबीब बैंक लिमिटेड समिल्लित हैं।

समूह ने 32 करोड़ शेयरों के लिये 28 रुपये (पाकिस्तानी रुपये) प्रति शेयर के हिसाब से बोली लगाई। कुल मिलाकर यह सौदा 8.96 अरब रुपये (8.50 करोड़ डालर) का हुआ। बोली दिसंबर में लगाई गई थी। पाकिस्तान शेयर बाजार इंफ्रास्ट्रक्चर बॉंड जारी करने की भी योजना बना रहा है जिससे मिलने वाली राशि का उपयोग 46 अरब डालर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना में किया जायेगा। यह गलियारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर बनाये जाने की योजना है।

## शी को सैन्य, असैन्य विकास के नए आयोग का प्रमुख बनाया गया, 23 जनवरी, 2017




चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग समेकित सैन्य एवं असैन्य विकास के नए आयोग के प्रमुख बने और इस तरह उन्होंने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ ही जनमुक्ति सेना एवं सरकार पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली।

सरकारी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति के पोलित ब्यूरो की एक बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता शी ने की।

केन्द्रीय आयोग एक केन्द्रीय एजेंसी होगा जिसकी जिम्मेदारी समेकित सैन्य एवं असैन्य विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर नीति निर्धारण, विवेचना और समन्वय होगी।

एक कथन में पोलित ब्यूरो ने शी के केन्द्र में रखते हुए केन्द्रीय समिति के प्राधिकार को बुलंद करने और उसके केन्द्रीकृत एवं एकीकृत नेतृत्व को मानने और प्रमुख नीतियों को पूरी तरह लागू करने का आह्वान किया।

पिछले वर्ष अक्तूबर में एक महत्वपूर्ण पार्टी बैठक में शी को 'कोर लीडर' की मान्यता दी गई और उन्हें पार्टी के संस्थापक माओ त्से तुंग के बराबर दर्जा दिया गया।

शी चीन के राष्ट्रपति होने के साथ ही पार्टी के महासचिव, केन्द्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष और 23 लाख सैन्यकर्मियों पर आधारित चीनी सेना के हाई कमान भी हैं।

'कोर लीडर' शी को पार्टी नेतृत्व के बाकी लोगों से ऊपर का दर्जा देगा। पार्टी सामुहिक नेतृत्व के सिद्धांत का पालन करती है।

## चीन ने 31वें स्टील्थ युद्धपोत का जलावतरण किया, 23 जनवरी, 2017



चीन ने अपने नौसैनिक बेड़े में तेजी से विस्तार करते हुए अपना 31वें स्टील्थ युद्धपोत का जलावतरण किया जबकि उसका पहला विमानवाहक पोत तैयार है।

सरकारी मीडिया के अनुसार चीन की जनमुक्ति सेना नौसेना ने 31वां टाइप-056 वर्ग के करवेट का जलावतरण किया जो आधुनिक करवेट पोतों के विश्व के सबसे बड़े बेड़े में नया नयी वृद्धि है।

चीनी सेना के आधिकारिक मुखपत्र पीएलए डेली के अनुसार इस पोत की अधिकतम गति 52 किलोमीटर प्रति घंटे है। इसमें उच्च स्तर का स्वचालन और दुश्मनों की निगाह से छुपने की क्षमता है। यह विमानों, पोतों और पनडुब्बियों को निशाना बनाने में सक्षम है।

हल संख्या 513 के साथ सीएनएस एझोउ फुजियान प्रांत के एक नौसैनिक अड्डे में पूर्वी सागर बेड़े को सौंपा गया।

यह पोत तटीय गश्त, पनडुब्बी विरोधी और पोत विरोधी अभियानों का संचालन करेगा।

इस वर्ष के आरम्भ के बाद यह दूसरा पोत है जो चीनी जनमुक्ति सेना नौसेना को सौंपा गया है। इससे पहले सीएनएस कैयांगशिंग सौंपा गया था जो टाइप-815, वर्ग का इलेक्ट्रानिक टोही पोत है। यह अब उत्तर सागर बेड़े के पास है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

रिपोर्ट में रक्षा विश्लेषकों के हवाले से बताया गया है कि रूस के पास सबसे अधिक **80** करवेट पोत हैं, लेकिन उनमें से अधिकतर **1980** और **1990** दशक के बने हैं और वे प्रौद्योगिकी तथा साजो सामान में टाइप **056** से मुकाबला नहीं कर सकते।

रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी बेड़ा सभी नौसेनाओं के करवेट में सबसे बड़ी शक्ति है।

सरकारी अखबार चाइना डेली की एक रिपोर्ट के अनुसार पीएलए ने **2015** में और पिछले वर्ष **20** नए पोत तैनात किए हैं और माना जाता है कि इस दौरान उसने कई अत्याधुनिक परमाणु पनडुब्बी तैनात किए हैं।

फिलहाल, नौसेना दूसरा विमानवाहक पोत तैयार कर रहा है जबकि तीसरे की भी योजना है।



## ऑस्ट्रिया में वामपंथी झुकाव वाले बेलें ने राष्ट्रपति की शपथ ली, 23 जनवरी, 2017

ऑस्ट्रिया के वामपंथी झुकाव के नए राष्ट्रपति अलेक्जैंडर वान डेर बेलें ने शपथ लेने के बाद विचारधारात्मक एवं नस्ली घृणा से मुक्त सहिष्णु एवं विविधतापूर्ण देश के निर्माण का आह्वान किया।

राष्ट्रपति बेलें ने कहा कि सभी आस्ट्रियावासियों के साथ एक समान व्यवहार होना चाहिए, चाहे वे पीढ़ियों से यहां रहते हों या नहीं रहते हों,चाहे वह पुरूष से प्यार करते हों या स्त्री से, और चाहे वह पुरूष हों या स्त्री।

उन्होंने एक एकीकृत यूरोप को आदर्श घोषित किया है और शांति की एक परियोजना के रूप में एक साझे यूरोप के पक्ष में राष्ट्रवाद को निरस्त कर दिया।

ऑस्ट्रिया में राष्ट्रपति का पद प्रतीकात्मक होता है, लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत और ब्रिटेन के बेक्जिट वोट से घबराए स्थापित यूरोपीय पार्टियों ने वान डर बेलें की विजय का स्वागत किया है।




Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

# बजट का सार 2017-2018

1. बजट के सार में बजट अनुमानों को स्थूल समूहों में बांट कर परिलक्षित किया जाता है ताकि बजट को आसानी से समझा जा सके। यह दस्तावेज प्राप्तियों एवं व्यय के साथ-साथ राजकोषीय घाटे, प्रभावी राजस्व घाटे एवं प्राथमिक घाटे को दर्शाता है। दस्तावेज में प्राप्तियों के स्त्रोतों और उनके अनुप्रयोगों की उपयुक्त चार्टों और ग्राफों के माध्यम से विस्तृत व्याख्या की जाती है। इसके अतिरिक्त, इस दस्तावेज में राज्यों को किए गये संसाधनों के अंतर और स्कीमों पर आवंटन सन्निहित हैं।

2. राजकोषीय घाटा राजस्व प्राप्तियों जमा ऋण-भिन्न पूंजी प्राप्तियों तथा कुल व्यय, के बीच का अंतर है। यह सभी स्त्रोतों से सरकार की कुल उधार संबंधी आवश्यकताओं को दर्शाता है। राजस्व घाटे का अर्थ राजस्व प्राप्तियों की तुलना में राजस्व व्यय अधिक होना है। प्रभावी राजस्व घाटा राजस्व घाटे तथा पूंजीगत आस्तियों के सृजन के लिए अनुदानों के बीच का अन्तर है। प्राथमिक घाटे को ब्याज अदायगियां घटाकर राजकोषीय घाटे द्वारा मापा जाता है।

3. माननीय वित्त मंत्री द्वारा 2016-17 के बजट भाषण में बजटीय प्रक्रिया की अति महत्वपूर्ण सुधारात्मक पहल के रूप में घोषणा की गई थी- व्यय बजट में आयोजना और योजना-भिन्न के अंतर का विलय। इसे बजट 2017-18 में क्रियान्वित किया गया है। इस अंतर को समाप्त करने के साथ ही, यह आशा की जाती है कि खर्च करने और परिणामों के बीच का तालमेल सुधरेगा और यह और अधिक समग्र और एकाग्र होगा।

4. बजट 2017-18 एक ओर कृषि, सामाजिक क्षेत्र, अवसंरचना और रोजगार सृजन के निवेश को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूसरी ओर साथ ही साथ राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग पर डटे रहने को दर्शाता है।

   इसमें राजकोषीय घाटे के 3.2 प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप रहते हुए संशोधित अनुमान 2016-17 की तुलना में 1,32,328 करोड़ रूपए की वृद्धि की पुष्टि की गई है।

5. सं.अ. (2016-17) में रू. 20,14,407 करोड़ का कुल व्यय ब.अ. (2016-17) के रू. 36347 करोड़ अधिक है। तद्नुसार, 2016-17 में 3.5 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सं.अ. अवस्था में व्यय में कटौती किए बगैर हासिल कर लिया गया है।

6. वर्ष 2015-16 से, करों में राज्यों के हिस्से के अंतरण में भारी उछाल देखा गया। इस प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, राज्यों को जाने वाले कुल संसाधन, जिनमें करों में राज्य के हिस्से का अंतरण, अनुदान/ऋण और केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत जारी निधियां शामिल हैं, वे ब.अ. (2017-18) में रू. 10,8,5075 करोड़ है, जो सं.अ. (2016-17) की तुलना में रू. 94,764 करोड़ का उछाल है और वास्तविक (2015-16) से रू. 2,50,592 करोड़ अधिक है।

   ये तथ्य सरकार के सहकारी संघवाद तथा जब राज्य विकास करते हैं, तब राष्ट्र विकास करता है, के सिद्धान्त में दृढ़ विश्वास के प्रति वचनबद्धता दर्शाते हैं।

**रुपया आता है Rupee Comes From**

(बजट Budget 2017-18)




टिप्पणियां:- 1. कुल प्राप्तियों में करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा शामिल है, जिन्हें पृष्ठ 1 पर सारणी में घटा दिया गया है।
2. आंकड़ो को पूर्णांकित किया गया है।

Notes:- 1. Total receipts are inclusive of States' share of taxes and duties which have been netted in the table on page1.
2. Figures have been rounded.

**रुपया जाता है Rupee Goes To**

(बजट Budget 2017-18)




टिप्पणियां:- 1. कुल प्राप्तियों में करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा शामिल है, जिन्हें पृष्ठ 1 पर सारणी में घटा दिया गया है।
2. आंकड़ो को पूर्णांकित किया गया है।

Notes:- 1. Total receipts are inclusive of States' share of taxes and duties which have been netted in the table on page1.
2. Figures have been rounded.

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

# आर्थिक विकास की समीक्षा - 2016-17

- वैश्विक स्तर पर सुस्ती छाई रहने के बावजूद भारत अपेक्षाकृत कम महंगाई, राजकोषीय अनुशासन एवं सामान्य चालू खाता घाटे के साथ-साथ आम तौर पर स्थिर रुपया-डॉलर विनिमय दर के वृहद आर्थिक परिदृश्य को बरकरार रखने में सफल रहा है।
- केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष **2016-17** के दौरान स्थिर बाजार मूल्यों पर जीडीपी वृद्धि दर **7.1** प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्त वर्ष **2015-16** में यह दर **7.6** प्रतिशत थी। यह अनुमान मुख्यतरू वित्त वर्ष के प्रथम **7-8** महीनों के लिए प्राप्त सूचना के आधार पर लगाया गया है। सरकार का अंतिम उपभोग व्यय चालू वर्ष के दौरान जीडीपी में हुई वृद्धि में मुख्य रूप से सहायक रहा है।
- वित्त वर्ष **2016-17** में नियत निवेश (सकल नियत पूंजी निर्माण) एवं जीडीपी का अनुपात (वर्तमान मूल्यों पर) **26.6** प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्त वर्ष **2015-16** में यह अनुपात **29.3** प्रतिशत था।
- वित्त वर्ष **2017-18** में विकास की रफ्तार सामान्य हो जाने की आशा है, क्योंकि अपेक्षित मात्रा में नये नोट चलन में आ गए हैं, और इसके साथ ही विमुद्रीकरण के बाद आवश्यक कदम भी उठाए गए हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था फिर से तेज रफ्तार पकड़ कर वर्ष **2017-18** में **6.75** प्रतिशत से लेकर **7.5** प्रतिशत के स्तर तक आ जाएगी।




## राजकोषीय

- अप्रत्यक्ष करों के संग्रह में अप्रैलदृनवम्बर **2016** के दौरान **26.9** प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।
- अप्रैल-नवम्बर **2016** के दौरान राजस्व व्यय में हुई खासी वृद्धि मुख्यतरू सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर अमल के फलस्वरूप वेतन में हुई **23.2** प्रतिशत की बढ़ोतरी और पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिए अनुदान में की गई **39.5** प्रतिशत की वृद्धि की बदौलत संभव हो पाई।

## मूल्य

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुख्य महंगाई दर लगातार तीसरे वित्त वर्ष के दौरान नियंत्रण में रही। सीपीआई आधारित औसत महंगाई दर वर्ष **2014-15** के **5.9** प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष **2015-16** में **4.9** प्रतिशत के स्तर पर आ गई और अप्रैल-दिसंबर **2015** के दौरान यह **4.8** प्रतिशत दर्ज की गई थी।
- थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर वित्त वर्ष **2014-15** के **2.0** प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष **2015-16** में (-)**5** प्रतिशत रह गई और यह अप्रैल-दिसंबर **2016** में औसतन **2.9** प्रतिशत आंकी गई।
- महंगाई दर पर बार-बार खाद्य वस्तुओं के संक्षिप्त समूह का ही असर देखा जा रहा है। इन वस्तुओं में से दालों का सर्वाधिक योगदान खाद्य महंगाई में निरंतर देखा जा रहा है।
- सीपीआई आधारित कोर महंगाई दर चालू वित्त वर्ष के दौरान औसतन लगभग **5** प्रतिशत के स्तर पर टिकी हुई है।

## व्यापार

- निर्यात में दर्ज की जा रही ऋणात्मक वृद्धि का रुख कुछ हद तक वर्ष **2016-17** (अप्रैल-दिसंबर) में सुधार के लक्षण दर्शाने लगा, क्योंकि निर्यात **0.7** प्रतिशत की वृद्धि के साथ **198.8** अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, वर्ष **2016-17** (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान आयात **7.4** प्रतिशत घटकर **275.4** अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गया।
- वर्ष **2016-17** (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान व्यापार घाटा कम होकर **76.5** अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह **100.1** अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया था।
- वर्ष **2016-17** की प्रथम छमाही में चालू खाता घाटा (सीएडी) कम होकर जीडीपी के **0.3** प्रतिशत पर आ गया, जबकि वित्त वर्ष **2015-16** की प्रथम छमाही में यह **1.5** प्रतिशत और **2015-16** के पूरे वित्त वर्ष में यह **1.1** प्रतिशत रहा था।
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की तेज आवक और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की शुद्ध आवक सीएडी के वित्त पोषण के लिहाज से पर्याप्त रहीं, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष **2016-17** की प्रथम छमाही में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का रुख रहा।
- वित्त वर्ष **2016-17** की प्रथम छमाही में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीओपी के आधार पर **15.5** अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

- वर्ष 2016-17 के दौरान रुपये का प्रदर्शन अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं के मुकाबले बेहतर रहा है।

## विदेशी कर्ज

- सितंबर 2016 के आखिर में भारत पर विदेशी कर्ज का बोझ 484.3 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया, जो मार्च 2016 के आखिर में दर्ज किये गये विदेशी कर्ज बोझ के मुकाबले 0.8 अरब अमेरिकी डॉलर कम है।
- सितंबर 2016 में विदेशी कर्ज के ज्यादातर मुख्य संकेतकों ने मार्च 2016 के मुकाबले सुधार का रुख दर्शाया। कुल विदेशी कर्ज में अल्पकालिक ऋणों का हिस्सा सितंबर 2016 के आखिर में कम होकर 16.8 प्रतिशत रह गया और विदेशी मुद्रा भंडार ने कुल विदेशी कर्ज बोझ के 76.8 प्रतिशत को कवर किया।
- कर्ज बोझ से दबे अन्य विकासशील देशों के मुकाबले भारत के मुख्य ऋण संकेतक बेहतर रहे हैं और भारत की गिनती अब भी इस लिहाज से कम असुरक्षित देशों में होती है।

## कृषि

- कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर वर्ष 2016-17 में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2015-16 में यह दर 1.2 प्रतिशत रही थी। कृषि क्षेत्र के शानदार प्रदर्शन को आश्चर्यजनक नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि पिछले दो वर्षों के मुकाबले चालू वर्ष में मानसून काफी बढ़िया रहा।
- वर्ष 2016-17 के दौरान 13 जनवरी 2017 को रबी फसलों का कुल बुवाई रकबा 616.2 लाख हेक्टेयर आंका गया, जो पिछले वर्ष के समान सप्ताह में दर्ज किये गये रकबे के मुकाबले 5.9 प्रतिशत अधिक है।
- वर्ष 2016-17 के दौरान 13 जनवरी 2017 को गेहूं का बुवाई रकबा पिछले वर्ष के समान सप्ताह में दर्ज किये गये रकबे की तुलना में 7.1 प्रतिशत अधिक रहा। इसी तरह वर्ष 2016-17 के दौरान 13 जनवरी 2017 को चने का बुवाई रकबा पिछले वर्ष के समान सप्ताह में आंके गए रकबे के मुकाबले 10.6 प्रतिशत ज्यादा रहा।

## उद्योग

- वर्ष 2016-17 में औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि दर के कम होकर 5.2 प्रतिशत के स्तर पर आ जाने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2015-16 में यह वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत थी। अप्रैल-नवम्बर, 2016-17 के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 0.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई है।
- आठ प्रमुख ढांचागत सहायक उद्योगों अर्थात कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली उद्योगों ने अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान 4.9 प्रतिशत की संचयी वृद्धि दर दर्ज की, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में




यह दर 2.5 प्रतिशत थी। अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान रिफाइनरी उत्पादों, उर्वरकों, इस्पात, बिजली और सीमेंट के उत्पादन में अच्छी-खासी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन गिर गया। वहीं, कोयले की उत्पादन वृद्धि दर में समान अवधि के दौरान गिरावट का रुख देखा गया।

- कॉरपोरेट क्षेत्र के प्रदर्शन (भारतीय रिजर्व बैंक, जनवरी 2017) से यह तथ्य सामने आया है कि वर्ष 2016-17 की दूसरी तिमाही के दौरान कुल बिक्री में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वर्ष 2016-17 की प्रथम तिमाही में यह वृद्धि दर महज 0.1 प्रतिशत रही थी। वर्ष 2016-17 की दूसरी तिमाही के दौरान इसके शुद्ध मुनाफे में 16.0 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जबकि वर्ष 2016-17 की प्रथम तिमाही के दौरान इसमें 11.2 प्रतिशत की वृद्धि आंकी गई थी।

## सेवा क्षेत्र

- वर्ष 2016-17 में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जो वर्ष 2015-16 में दर्ज की गई वृद्धि के लगभग बराबर है। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप कर्मचारियों को मिली अच्छीदृखासी धनराशि की बदौलत लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी को देखते हुए सेवा क्षेत्र द्वारा तेज रफ्तार पकड़ने का अनुमान लगाया गया है।

## सामाजिक बुनियादी ढांचा, रोजगार और मानव विकास

- संसद में 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016' पारित हो गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों को सुरक्षित करने के साथ-साथ इनमें और ज्यादा वृद्धि सुनिश्चित करना है। इस अधिनियम में सरकारी प्रतिष्ठानों की रिक्तियों में उन लोगों के लिए आरक्षण स्तर को तीन प्रतिशत से बढ़ाकर चार प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है, जिनमें विकलांगता अपेक्षाकृत ज्यादा है और जिन्हें अत्यधिक सहायता की जरूरत पड़ती है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## अर्थव्यवस्था माह के ज्वलंत मुद्दे

1. सामान्य कर परिवर्जन रोधी नियम (GAAR) अप्रैल 2017 से होगा लागू।
2. वर्ष 2017-18 में भारत में बढ़ सकती है बेरोजगारीः रिपोर्ट।
3. लघु वित्त बैंक सूर्योदय, उत्कर्ष ने परिचालन शुरू किया।

## बांग्लादेश में एलएनजी परियोजना के लिए पेट्रोनेट का 95 करोड़ डॉलर का समझौता, 02 जनवरी, 2017



भारत की सबसे बड़ी तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयातक पेट्रोनेट ने बांग्लादेश में एक एलएनजी आयात परियोजना के लिए 95 करोड़ डॉलर का समझौता किया है।

पेट्रोनेट एलएनजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक प्रभात सिंह ने कहा कि पेट्रोनेट ने पेट्रोबांग्ला के साथ एक समझौता ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके अंतर्गत कंपनी कॉक्स बाजार में कुतुबदिया द्वीप पर एक परियोजना स्थापित करेगी जिसकी क्षमता वार्षिक 75 लाख टन होगी। जहां वह एलएनजी ग्रहण कर पुनः गैसीकरण करेगी और साथ ही उपभोक्ता बाजारों तक 26 किलोमीटर की पाइपलाइन का निर्माण करेगी।

## पेटीएम को भुगतान बैंक के लिए रिजर्व बैंक की स्वीकृति, 04 जनवरी, 2017

पेटीएम को भारतीय रिजर्व बैंक से भुगतान बैंक के लिए अंतिम स्वीकृति मिल गई है। कंपनी ने कहा है कि उसके भुगतान बैंक का परिचालन अगले महीने शुरू होने की आशा है। भुगतान बैंक लोगों तथा छोटे कारोबारियों से एक लाख रुपये प्रति खाता तक की जमा ले सकते हैं।

वन97 कम्युनिकेशंस के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि रिजर्व बैंक ने औपचारिक रूप से पेटीएम भुगतान बैंक शुरू करने की स्वीकृति दे दी। हम इसे आपके सामने लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पेटीएम भुगतान बैंक में हमारा लक्ष्य बैंकिंग उद्योग में नया कारोबारी मॉडल बनाना, बैंकिंग सुविधा से वंचित या कम बैंकिंग सुविधाओं वाले भारतीय को वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में लाना है।

इस बारे में संपर्क किए जाने पर पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी को आशा है कि उसके भुगतान बैंक का परिचालन फरवरी में शुरू हो सकेगा। पहली शाखा उत्तर प्रदेश के नोएडा में खोली जाएगी। 2015 में रिजर्व बैंक ने वन97 कम्युनिकेशंस के संस्थापक विजय शेखर शर्मा को इसके लिए 'सैद्धान्तिक स्वीकृति' दे दी थी। उन्हें 10 अन्य के साथ भुगतान बैंक की स्थापना की स्वीकृति मिली थी। बाद में तीन इकाइयां टेक महिंद्रा, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी तथा दिलीप सांघवी, आईडीएफसी तथा टेलीनार फाइनेंशियल सर्विसेज का गठजोड़ भुगतान बैंक लाइसेंसिंग से पीछे हट गया था।

फिलहाल सिर्फ एयरटेल ने भुगतान बैंक परिचालन शुरू किया है। आदित्य बिड़ला पेमेंट बैंक 2017 की पहली छमाही में परिचालन शुरू करेगा। पेटीएम भुगतान बैंक में शर्मा की बहुलांश हिस्सेदारी होगी। शेष हिस्सेदारी वन97 कम्युनिकेशंस के पास होगी।

## अब छोटे कारोबारियों को बिजनेस करना सिखाएगी गूगल, सीईओ सुंदर पिचाई ने की कई घोषणाएं, 05 जनवरी, 2017



गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में डिजिटल इंडिया को लेकर एक कार्यक्रम में लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एसएमई) के लिए गूगल की कुछ महत्वपूर्ण पहलों के बारे में घोषणाएं कीं। इस घोषणाओं में एक ट्रेनिंग प्रोग्राम भी था, जिसका नाम डिजिटल अनलॉक्ड है। सुंदर पिचाई ने कहा कि गूगल भारत के लिए प्रोडक्ट्स बना रहा है जिन्हें बाद में वैश्विक स्तर पर भी फैलाया जाएगा।

दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में पिचाई ने कहा कि छोटे उपक्रम भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इंटरनेट सबके लिए है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

उन्होंने कहा कि गूगल और फिक्की ने मिलकर एक डिजिटल अनलॉक्ड नाम का ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार किया है। यह प्रोग्राम हैदराबाद के इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा सर्टिफाइड होगा। यह देशभर के छोटे उपक्रमों को ऑनलाइन और मोबाइल कोर्सेज ऑफर करेगा। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में हमारा लक्ष्य 40 शहरों में 5000 ट्रेनिंग वर्कशॉप्स आयोजित कराने का है।

हाल ही में 7 भारतीय स्टार्टअप गूगल के 'लांचपैड एक्सीलेटर' के तीसरे बैच में सम्मिलित हुए। यह ऐसा प्लेटफार्म है जो गूगल के संरक्षक और विशेषज्ञों को स्टार्टअप की सहायता करने के लिए जोड़ता है। इसमें भारत के अलावा अन्य देशों के स्टार्टअप भी सम्मिलित हैं। पिछले एक वर्ष में इस कार्यक्रम में 13 भारतीय स्टार्टअप सम्मिलित हुए हैं।

IIT खड़गपुर के पूर्व छात्र रहे पिचाई गूगल के सीईओ बनने के बाद पहली बार कैंपस जा रहे हैं। अपने पिछले दौरे के ठीक एक वर्ष बाद भारत आ रहे पिचाई स्टूडेंट्स के साथ एक इंटरैक्टिव सेशन में हिस्सा लेंगे, जिसका नाम " ए जर्नी बैक टू दि पास्ट टू इन्सपायर दि फ्यूचर" रखा गया है। इसका मतलब है- भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त करने के लिए भूतकाल की यात्रा। इस सेशन का आयोजन कैंपस में टैगोर ओपन एयर थिएटर में होगा।

## सुजलोन को एक्सिसस एनर्जी ग्रुप से 105 मेगावाट का आर्डर मिला, 06 जनवरी, 2017



विंड टरबाइन बनाने वाली कंपनी सुजलोन ग्रुप ने कहा कि उसे एक्सिसस एनर्जी ग्रुप से आंध्र प्रदेश में 105 मेगावाट का आर्डर मिला है।

सुजलोन ग्रुप ने बीएसई को सूचित किया है कि इस आर्डर में 2.1 मेगावाट (प्रत्येक) क्षमता की 50 इकाइयां सम्मिलित हैं।

आंध्र प्रदेश में यह परियोजना दो चरणों में पूरी की जानी है। पहला चरण मार्च 2017 तक पूरा किया जाएगा।

## एसबीआई रिसर्च का 2016-17 में आर्थिक वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान, 07 जनवरी, 2017

एसबीआई रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उसका कहना है कि नोटबंदी के कारण उपभोग




पर प्रभाव पड़ा है और इसीलिए उत्पादन प्रभावित होगा। एसबीआई रिसर्च का अनुमान ऐसे समय आया है जब केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नोटबंदी का उत्पादन वृद्धि पर निश्चित आकलन एक कठिन कार्य है लेकिन जीडीपी वृद्धि तीसरी तिमाही में 6.0 प्रतिशत से कम रहेगी और चौथी तिमाही में यह कुछ वापसी कर सकती है।

एसबीआई रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत तथा पूरे वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इतना ही नहीं इसके नीचे जाने का जोखिम भी बताया है।

## जीडीपी वृद्धि दर 2016-17 में घटकर 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान, नोटबंदी के बाद के आंकड़े सम्मिलित नहीं, 07 जनवरी, 2017



देश की जीडीपी वृद्धि दर वर्तमान वित्त वर्ष में 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2015-16 में 7.6 प्रतिशत थी। आर्थिक वृद्धि दर में कमी का कारण विनिर्माण, खनन तथा निर्माण क्षेत्रों में नरमी है। सरकार के इस आंकड़े में नोटबंदी के बाद के 'उतार-चढ़ाव' वाले आंकड़े को सम्मिलित नहीं किया गया है।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) के आंकड़े जारी करते हुए मुख्य सांख्यिकीविद् टीसीए अनंत ने कहा कि नवंबर के आंकड़े उपलब्ध थे और उसका विश्लेषण किया गया लेकिन यह पाया गया कि नोटबंदी की नीति

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

के कारण इन आंकड़ों में उतार-चढ़ाव काफी अधिक है। ऐसे में नवंबर के आंकड़ें को अनुमान में सम्मिलित नहीं करने का निर्णय किया गया।

अतः 2016-17 की राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान में नोटबंदी का प्रभाव प्रतिबिंबित नहीं होता और यह केवल सात महीनों या अक्तूबर तक के क्षेत्रवार आंकड़ों पर आधारित है। सरकार ने नौ नवंबर से 500 और 1,000 रूपये नोटों पर पाबंदी लगा दी थी।

वास्तविक जीडीपी या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) स्थिर मूल्य (2011-12) पर 2016-17 में 121.55 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

## सामान्य कर परिवर्जन रोधी नियम (GAAR) अप्रैल से होगा लागू, 09 जनवरी, 2017




कंपनियों को कर से बच निकलने के लिए आड़े तिरछे तरीके निकालने के प्रति निरुत्साहित करने के उद्येश्य से प्रस्तावित सामान्य कर परिवर्जन रोधी नियम (GAAR) एक अप्रैल 2017 से लागू हो जाएगा।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2016 में अपने कामकाज की समीक्षा में इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। सीबीडीटी ने गार को लागू करने से पहले इसके प्रावधानों को स्पष्ट करने के उद्देश्य से सीबीडीटी ने मई में इस पर सम्बद्ध पक्षों से बातचीत शुरू की थी।

एक आधिकारिक कथन में कहा गया है कि 'बेनामी लेनदेन (निषेध) संशोधन अधिनियम 2016 का पारित किया जाना, प्रत्यक्ष कर विवाद निपटारा योजना 2016 और आकलन वर्ष 2017-19 से गार को लागू करना चालू वित्त वर्ष 2016-17 में सीबीडीटी की अब तक की बड़ी उपलब्धियों में सम्मिलित है। गार का प्रस्ताव सबसे पहले 2012-13 में तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने अपने भाषण में किया था ताकि निवेश के स्वरूप को बदल कर, कर से कन्नी काटने वालों पर अंकुश लगाया जा सके। पर विदेशी निवेशकों की आशंकाओं के चलते इसके क्रियान्वयन को बार बार टालना पड़ा। पहले इसे 1 अप्रैल 2014 से लागू करने का प्रस्ताव था। अब यह एक अप्रैल 2017 की आय पर लागू होगा जिसका आकलन (2018-19) में होगा।

## म्यूचुअल फंड में कारोबार के लिए बीएसई का नया एप, 09 जनवरी, 2017



म्यूचुअल फंड में कारोबार करना निवेशकों के लिए और आसान बनाते हुए मुम्बई शेयर बाजार ने एक नया मोबाइल एप 'बीएसई स्टार एमएफ' प्रस्तुत किया।

बीएसई ने एक परिपत्र में बताया कि वर्तमान में यह एप एंड्रॉइड मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है।

बीएसई, ''बीएसई स्टार एमएफ'' नाम से एक म्यूचुअल फंड ट्रेडिंग मंच का संचालन करती है। यह भारत का सबसे बड़ा म्यूचुअल फंड वितरक मंच है। इस पर हर माह लगभग चार लाख 'योजनाबद्ध निवेश योजना' (एसआईपी) में कारोबार होता है।

## रॉकमैन इंडस्ट्रीज ने मोल्डेक्स कम्पोजिट्स में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी, 09 जनवरी, 2017

पांच अरब डॉलर के हीरो समूह की वाहन कलपुर्जा इकाई रॉकमैन इंडस्ट्रीज ने सूरत की मोल्डेक्स कम्पोजिट्स में लगभग 100 करोड़ रुपये में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।

इस तरह रॉकमैन, कॉर्बन कम्पोजिट्स क्षेत्र में उतर गई है।

इस हिस्सेदारी खरीद के बाद कंपनी मोटरस्पोर्ट्स, वैमानिकी तथा हाई एंड वाहन कलपुर्जा विर्निमाण क्षेत्र में विविधीकरण की राह पर है।

## एक्जिम बैंक ने निर्यात सुविधा के लिए एक्जिम मित्र पोर्टल शुरू किया, 10 जनवरी, 2017

भारतीय आयात-निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक) ने निर्यात सुविधा देने वाले वित्तीय उत्पादों की जानकारी देने के लिए एक पोर्टल शुरू किया है। साथ ही कारोबार संबंधी जानकारी भी इस पोर्टल पर होगी।

बैंक ने 'एक्जिम मित्र' पोर्टल की आरम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान से प्रेरित होकर किया है। इसके पीछे बैंक का उद्देश्य निर्यातकों और आयातकों की सुविधा बढ़ाना है।

यह पोर्टल ऐसे निर्यातकों और आयातकों की सहायता करेगा जिनके पास कारोबार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं हैं और इसके माध्यम से ये उन्हें एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने की सबसे सस्ते आवास ऋण की प्रस्तुति, 10 जनवरी, 2017

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने अपने आवास ऋणों में 0.7 प्रतिशत की कटौती की है और अब यह 8.35 प्रतिशत वार्षिक रह गया है। बेहतर रिकॉर्ड वाले ग्राहकों को इस दर पर ब्याज प्राप्त होगा।

यह दर भारतीय स्टेट बैंक की 8.5 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर वाले आवास ऋण से भी कम है।

बैंक ने बताया कि उसके मौजूदा ग्राहक भी नयी ब्याज दरों का लाभ बिना कोई अतिरिक्त शुल्क दिए उठा सकते हैं।

## नोटबंदी के बाद विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाकर सात प्रतिशत किया, 11 जनवरी, 2017

विश्व बैंक ने नोटबंदी के बाद चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के बारे में अपने अनुमान को घटा दिया है पर उसके अनुसार अब भी यह सात प्रतिशत के 'मजबूत' स्तर पर रहेगी। पहले का अनुमान 7.6 प्रतिशत था।

साथ ही विश्व बैंक ने यह भी कहा है कि आने वाले वर्षों में देश की वृद्धि अपनी तेज लय पकड़ लेगी और 7.6 और 7.8 प्रतिशत के स्तर को पुनः प्राप्त कर लेगी।

विश्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार बड़े मूल्य के नोटों को तत्काल चलन से हटाने के सरकार के नवंबर के निर्णय से 'वर्ष 2016 में अर्थिक वृद्धि धीमी पड़ी है।' पर रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक गति धीमी पड़ने के बाद भी भारत की वृद्धि दर मार्च 2017 को समाप्त होने जा रहे वित्त वर्ष में अब भी मजबूत 7 प्रतिशत तक रहेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल की कीमतों में कमी और कृषि उत्पाद में ठोस वृद्धि से नोटबंदी की चुनौतियों का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

इस प्रकार भारत चीन से आगे निकल कर सबसे तीव्र वृद्धि कर रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

विश्व बैंक को आशा है कि वर्ष 2017-18 में गति पकड़ कर भारत की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत और 2019-20 में 7.8 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। उसका कहना है कि सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न सुधारों से घरेलू आपूर्ति की अड़चनें दूर होंगी और उत्पादकता बढ़ेगी। बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ने से कारोबार का वातावरण सुधरेगा और निकट भविष्य में अधिक निवेश आएगा।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मेक इन इंडिया अभियान से देश के विनिर्माण क्षेत्र को सहायता मिलेगी। इस क्षेत्र को घरेलू मांग और नियमों में सुधार का भी लाभ होगा। मंहगाई दर में कमी और सरकारी कर्मचारियों के वेतन मान में सुधार से भी वास्तविक आय और उपभोग के बढ़ने में सहायता मिलेगी। इसी संदर्भ में अनुकूल वर्षा और बेहतर कृषि उपज का भी उल्लेख किया गया है।

## पवन हंस की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी सरकार, 12 जनवरी, 2017



Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

पवन हंस में रणनीतिक ब्रिकी को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने कहा कि वह इस हेलीकाप्टर सेवा कंपनी में अपनी सारी **51** प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी और प्रबंध नियंत्रण स्थानांतरित करेगी।

संयुक्त उद्यम पवन हंस में सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी की **49** प्रतिशत हिस्सेदारी है।

सरकार ने कंपनी में प्रस्तावित निवेश में सौदा सलाहकार के रूप में काम करने की इच्छुक फर्मों से आवेदन मांगे हैं।

इस बारे में जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, 'भारत सरकार पवन हंस लिमिटेड में अपनी सारी **51** प्रतिशत हिस्सेदारी बेचना चाहती है। यह ब्रिकी रणनीतिक निवेश के साथ साथ प्रबंध नियंत्रण के स्थानांतरण के रूप में की जायेगी।' ज्ञात है कि सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष के लिए **56,500** करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है जिसमें से वह अब तक **24,000** करोड़ रुपये ही जुटा पाई है।

## स्पाइसजेट ने बोइंग के साथ 205 विमानों की खरीद के लिये किया समझौता, 13 जनवरी, 2017




स्पाइसजेट बोइंग से **1,50,000** करोड़ रुपये मूल्य के **205** विमानों की खरीद करेगी। यह भारतीय विमानन क्षेत्र में बड़े सौदों में से एक है।

इस समझौते की घोषणा करते हुए स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि कुल **205** विमानों का मूल्य **1,50,000** करोड़ रुपये (**22** अरब डॉलर) है।

सिंह ने कहा कि यह भारतीय विमानन क्षेत्र में हुए बड़े सौदों में से एक है। स्पाइसजेट के लिये यह बड़ा समझौता है। फिलहाल एयरलाइन के पास **32** अगली पीढ़ी के बी737एस और **17** बामबार्डियर क्यू400एस हैं।

## वर्ष 2017-18 में भारत में बढ़ सकती है बेरोजगारीः रिपोर्ट, 13 जनवरी, 2017

संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष **2017** और **2018** के बीच भारत में बेरोजगारी में मामूली वृद्धि हो सकती है और रोजगार सृजन में बाधा आने के संकेत हैं।



संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने '**2017** में वैश्विक रोजगार एवं सामाजिक दृष्टिकोण' पर अपनी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार रोजगार आवश्यकताओं के कारण आर्थिक विकास पिछड़ता प्रतीत हो रहा है और इसमें पूरे **2017** के दौरान बेरोजगारी बढ़ने तथा सामाजिक असमानता की स्थिति के और बिगड़ने की आशंका व्यक्त की गई है।

वर्ष **2017** और वर्ष **2018** में भारत में रोजगार सृजन की गतिविधियों के गति पकड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि इस दौरान धीरे धीरे बेरोजगारी बढ़ेगी और प्रतिशत के संदर्भ में इसमें गतिहीनता दिखाई देगी ।

रिपोर्ट के अनुसार, आशंका है कि पिछले वर्ष के **1.77** करोड़ बेरोजगारों की तुलना में **2017** में भारत में बेरोजगारों की संख्या **1.78** करोड़ और उसके अगले वर्ष **1.8** करोड़ हो सकती है। प्रतिशत के संदर्भ में **2017-18** में बेरोजगारी दर **3.4** प्रतिशत बनी रहेगी। वर्ष **2016** में रोजगार सृजन के संदर्भ में भारत का प्रदर्शन थोड़ा अच्छा था।

रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया कि **2016** में भारत की **7.6** प्रतिशत की वृद्धि दर ने पिछले वर्ष दक्षिण एशिया के लिए **6.8** प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त करने में सहायता की है।

## एयरटेल ने भुगतान बैंक शुरू किया, 3000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना, 13 जनवरी, 2017



| Branch Name | Phone Number |
|---|---|
| Agra | 9235253430/ 9236455136 |
| Ahmedabad | 9227575027 |
| Ajmer | 9261503888 |
| Aligarh | 7706008037 |
| Allahabad | 9235253403 |
| Alwar | 9521177944 |
| Ambala | 9253058711 /7206424816 |
| Ambikapur | 8823868882 |
| Amritsar | 9646606160 |
| Asansol | 7076880723 |
| Azamgarh | 9208242842 |
| Badaun | 9627671787 |
| Bahraich | 9208249852 |
| Balasore | 9583185223 |
| Ballia | 9208243152 |
| Banda | 9554334847 |
| Bangalore | 9538712808 |
| Bareilly | 9235253431 |
| Basti | 7706008031 |
| Berhampur | 9078907945 |
| Bhagalpur | 9204363221 |
| Bhilai-Durg | 8878783345 |
| Bhopal | 9229174901 |
| Bhopal-Lalghati | 9229174902 |
| Bhubaneshwar | 9237026745/ 9237081352 |
| Bijnor | 7706008027 |
| Bilaspur | 8878817515 |
| Bulandshahr | 7706008030 |
| Chandigarh | 9256002024 |
| Chennai | 8939777224 |
| Coimbatore | 8110967668 |
| Cuttack | 7894013095 |
| Darbhanga | 9204303818/ 9204300620 |
| Dehradun | 9236510116 |
| Delhi Janakpuri | 9212069515 |
| Delhi Kingsway | 9268561517 |
| Delhi Laxmi Nagar | 9268209355 /9268693952 |
| Delhi Munirka | 9210092245 |
| Delhi Rohini | 9250239674 |
| Deoria | 9208248122 |
| Dhanbad | 9204979723/24 |
| Durgapur | 7076856390 |
| Ernakulam | 9645415987 |
| Etah | 9208237386 |
| Faizabad | 9235253421 |
| Faridabad | 9643396140 |
| Farrukhabad | 7706008029 |
| Fatehpur | 9554330811 |
| Firozabad | 9208235736 |
| Gaya | 9204311416 |
| Ghaziabad | 9212229752/24 |
| Ghazipur | 9208244539 |
| Gonda | 9208250778 |
| Gorakhpur | 9235253400/ 9208205892 |
| Gurgaon | 9643396139 |
| Guwahati | 8134935078 |
| Gwalior | 9229174910 |
| Haldwani | 9208256021 |
| Hardoi | 9208248208 |
| Haridwar | 7706008034 |
| Hisar | 9253678050 |
| Hoshangabad | 8358831338 |
| Hyderabad | 9247749865 /8790034792 |
| Hyderbad-Dilsukh Nagar | 7032410704/ 9032168413 |
| Indore-Bhawarkuan | 7581800954 |
| Indore | 7581800952 |
| Jabalpur | 9229174905 |
| Jaipur | 9261601713/ 9261518894 |
| Jammu | 9419305561 |
| Jamshedpur | 8877187640 |
| Jaunpur | 9208244355 |
| Jhalandhar | 8557088164 |
| Jhansi | 9235253424 |
| Jodhpur | 9636512855 |
| Kanpur Kakadev | 9235253484 |
| Kanpur Kidwainagar | 9235253482 |
| Kanpur Mall Road | 9236757143/ 9236720133 |
| Karnal | 8930175568 |
| Kolkata | 8017652042/45 |
| Kurukshetra | 9253678053 |
| Lakhimpur | 9208251562 |

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

| | |
|---|---|
| Lucknow Alambagh Po | 9235253521 |
| Lucknow Alambagh Ssc | 9235253438/66 |
| Lucknow Bhootnath | 9235253528 |
| Lucknow Gomti Nagar | 9235253548 |
| Lucknow Mahanagar Po | 9235253443 |
| Lucknow Rajajipuram | 9235253425 |
| Ludhiana | 9256002028 |
| Mainpuri | 9208241450 |
| Mathura | 9208235067 |
| Meerut | 9235253448 |
| Mirzapur | 9208243884 |
| Moradabad | 9235253442 |
| Mumbai | 9221944071 |
| Muzaffarnagar | 7706008032 |
| Muzaffarpur | 9204303515/ 9204355614 |
| Nagpur | 9272273686 |
| Nagpur-Buldi | 9168558073 |
| Nasik | 9168512624/ 9168511626 |
| Noida | 9953948834 |
| Orai | 9208237457 |
| Patiala | 9780859721 |
| Patna Boaring Road | 9204855301/02 |
| Patna Fraizer Road | 9204855305/06/09/11 |

| | |
|---|---|
| Pilibhit | 9837186684 |
| Pratapgarh | 9208245660 |
| Pune | 9225231629 |
| Raebareilly | 9235253412 |
| Raipur | 9229174912/ 9200193438 |
| Rajkot | 9979316870 |
| Rampur | 9208255388 |
| Ranchi | 9204855313 |
| Rewa | 7415690904/ 7415690846 |
| Rohtak | 8930403886 |
| Roorkee | 7706008033 |
| Sagar | 7509219781 |
| Saharanpur | 9235253445 |
| Sambalpur | 8594958962/ 8594959148 |
| Shahjahanpur | 9208256201 |
| Shimla | 8894100342 |
| Siliguri | 7602742939 |
| Sitapur | 7706008028/ 9235253514 |
| Sultanpur | 9208252915 |
| Surat | 9537360459 |
| Tirupati | 9581933099 |
| Trivandrum | 9645415029 |
| Unnao | 9208242493 |
| Vadodara | 9537589477 |
| Varanasi | 9235253419 |
| Vijaywada | 8886309897 |
| Vishakapatnam | 9966593419 |
| Warangal | 8142230661 |


Mahendra's TM

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी एयरटेल का परिचालन करने वाले भारती एंटरप्राइजेज समूह ने एयरटेल पेमेंट बैंक की आरम्भ की जिसमें **3000** करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की गई है।

बैंक का उद्घाटन वित्त मंत्री अरूण जेटली ने किया। यह बैंक पूरे देश में सेवाएं देगा।

जेटली ने कहा कि इस बाजार में और अधिक दूरसंचार कंपनियों के कदम रखने से आशा है कि ना केवल दूरसंचार कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी जैसा कि इन दिनों हम बहुत पढ़ रहे हैं बल्कि इससे परंपरागत और नए तौर तरीके वाले बैंकों के बीच भी प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि दूरसंचार सेवाओं की तरह उनके समूह का ये बैंक देश में बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों तक उनके मोबाइल के जरिए सस्ती और तीव्र डिजिटल बैंकिंग सेवा पहुंचाएगा।

उन्होंने इस नए उद्यम को समूह की यात्रा में एक नया अध्याय बताया।

इस बैंक में भारती समूह और कोटक महिंद्रा बैंक की **80:20** की भागीदारी है।

## विराट कोहली स्मार्टफोन जियोनी के ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त, 13 जनवरी, 2017




स्मार्टफोन निर्माता चीनी कंपनी जियोनी ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया। भारत में कंपनी के वर्तमान में **1.2** करोड़ ग्राहक हैं।

आने वाले दिनों में क्रिकेटर विराट कोहली जियोनी स्मार्टफोन के लिए प्रचार करेंगे।

कोहली के अतिरिक्त बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी बतौर ब्रांड एम्बेसडर जियोनी से जुड़ी हुई हैं।

भारत में जियोनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक अरविंद आर. वोहरा के अनुसार भारत के दो सबसे चहेते लोगों के साथ जुड़ने का कम्पनी का उद्देश्य करोड़ों भारतीयों के चेहरे पर मुस्कान लाना है।

कंपनी ने भारत में व्यापार को **2.5** गुना बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में भारत में जियोनी की दो ही निर्माण इकाइयां हैं।

जियोनी इस वित्तीय वर्ष पूरे देश में मार्च **2018** तक **500** ब्रांड स्टोर बनाएगी।

खुदरा बाजार में भी कम्पनी अपने प्रतिनिधियों की संख्या दोगुनी कर **20,000** तक पहुंचाएगी।

### जिओनी कंपनी के बारे में-

- जियोनी मूल रूप से चीन की कंपनी है।
- स्मार्टफोन निर्माता कंपनी जियोनी की स्थापना वर्ष **2002** में की गई।
- स्मार्टफोन निर्माता चीनी कंपनी जियोनी का वियतनाम, ताइवान, म्यांमार, थाईलैंड और मिडिल ईस्ट में भी कारोबार है।
- कंपनी जियोनी भारत में भी अच्छे और सस्ते एंड्रायड स्मार्टफोन का निर्माण करती है।
- जियोनी द्वारा नियुक्त किए गए ब्रांड एम्बेसडर विराट कोहली के अनुसार जिओनी एक बड़ी कंपनी बनकर उभरी है। कंपनी ग्राहकों के लिए दृढ़संकल्पित है और इसका ध्यान कुछ नया करने पर केंद्रित है।

### विराट कोहली के बारे में-

- क्रिकेटर विराट कोहली का जन्म दिल्ली में **5** नवम्बर **1988** को हुआ।
- वर्तमान में विराट कोहली क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में कप्तान हैं।
- वह हाल ही में एम् एस धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद वनडे और टी-**20** टीम के नए कप्तान नियुक्त किए गए हैं।
- विराट कोहली को जूनियर स्तर पर कप्तानी का अनुभव है।
- अन्डर **19** क्रिकेट विश्व कप में विराट कोहली ने नंबर **4** पर बल्लेबाजी की। उन्होंने **47** की औसत से **06** मैचों में **235** रन स्कोर बनाए।
- विराट कोहली ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों की शुरुआत **2008** में आइडिया कप में श्रीलंका के विरुद्ध की।
- उसके बाद विराट कोहली ने वर्ष **2009** से अंतर्राष्ट्रीय आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला।

## अंतर्राष्ट्रीय वाई-फाई के लिए, बीएसएनएल ने किया टाटा कम्युनिकेशंस से अनुबंध, 14 जनवरी, 2017

दूरसंचार सेवाएं देने वाली सरकारी कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपने ग्राहकों को वैश्विक स्तर पर वाई-फाई सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के साथ अनुबंध किया।

इस अवसर पर बीएसएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर अपने ग्राहकों को वाई-फाई सेवा उपलब्ध कराने वाली बीएसएनएल देश की

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

पहली दूरसंचार कंपनी बन गई है। उन्होंने कहा कि अब बीएसएनएल के ग्राहक विश्व के 100 देशों के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और रेलवे सहित 4.4 करोड़ वाई फाई हॉटस्पॉट का उपयोग कर सकेंगे।

इस सेवा के उपयोग के लिए बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को वाई-फाई प्लस पर सिर्फ एकबार स्वयं को रजिस्टर करना होगा उसके बाद जहाँ-जहाँ टाटा कम्युनिकेशंस या उसके साझेदारों का वाई-फाई हॉटस्पॉट होगा उसे स्वतः कनेक्शन मिल जाएगा। उपभोक्ता को एक देश से दूसरे देश में जाने पर भी दुबारा लॉग इन करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए विदेशों में भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी और उसका भुगतान देश में करना होगा।

बीएसएनएल के अभी 9.43 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं और 1.38 करोड़ बेसिक फोनधारक हैं।

## नोटबंदी से जीडीपी को झटका, आईएमएफ ने विकास दर घटाई, 17 जनवरी, 2017




अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (प्डथ्) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7.6 से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ ने इसकी वजह नोटबंदी को बताया है। इससे पहले विश्व बैंक भी भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7.6 से घटाकर 7 प्रतिशत कर चुका है।

आईएमएफ ने जारी 'वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक अपडेट' में इसे जारी किया है। आईएमएफ ने कहा कि भारत के लिए चालू वित्त वर्ष के वृद्धि दर के अनुमान को एक प्रतिशत घटाया गया हैं वहीं अगले वर्ष के लिए इसमें 0.4 प्रतिशत की कटौती की गई है। नोटबंदी के बाद नकदी की कमी के कारण से खपत के मोर्चे पर जो अस्थायी झटका लगा है उसके मद्देनजर वृद्धि दर के अनुमान को कम किया गया है।

हालांकि आईएमएफ ने यह आशा जताई है कि 2016 में अर्थव्यवस्था की सुस्त चाल अगले दो वर्षों में ठीक होने की आशा है। आईएमएफ के अनुसार विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं दोनों में 2017-18 में वृद्धि दर क्रमशः 3.4 और 3.6 प्रतिशत रहेगी, जो अक्तूबर में लगाए गए अनुमान के समान ही है। वैश्विक वृद्धि दर का अनुमान 3.1 प्रतिशत ही रखा गया है।

आईएमएफ के अनुसार चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि के अनुमान निराशाजनक हैं। हालांकि 2018 में आशा जताई जा रही है कि भारतीय इकॉनमी 7.7 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर को प्राप्त कर पाएगी। इससे पहले विश्व बैंक ने 2016-17 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाकर सात प्रतिशत किया था। पहले विश्व बैंक ने वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

## भारत की वृद्धि दर वित्तवर्ष 2017 में 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमानः संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट, 18 जनवरी, 2017




संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत को सबसे 'गतिशील उभरती अर्थव्यवस्थाओं में' से एक बताते हुए वित्त वर्ष 2017 में उसकी आर्थिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है और यह विश्व की सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

इसके अनुसार इस वर्ष चीन की आर्थिक वृद्धि 6.5 प्रतिशत रह सकती है।

एशिया और प्रशांत क्षेत्र पर संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक आयोग (यूएन एस्केप) की यहां जारी इस रपट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था को मजबूत निजी उपभोग मांग तथा सरकार की ओर से बड़े सुधारवादी कदमों का लाभ होगा। नवंबर में तैयार इस रिपोर्ट में नोटबंदी के प्रभाव को सम्मिलित नहीं किया गया है।

रपट में कहा गया है कि 1000, 500 रुपये के पुराने नोटों को चलन से निकालने का एक 'बड़ा प्रभाव' उपभोक्ता मांग पर अवश्य पड़ेगा पर यह अल्पकाल तक ही समित रहेगा और देश पुनः 7.6-7.7 प्रतिशत की वृद्धि की राह पर आ जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक परिस्थिति व परिदृश्य (डब्ल्यूईएसपी) 2017 रपट जारी की गई। इसमें कहा गया है कि 'भारत ने अपने आप को एक सबसे गतिवान उभरते बाजार के रूप में जमा लिया है और मजबूत निजी उपभोग मांग के साथ भारत की आर्थिक वृद्धि दर वर्ष 2017 में 7.7 प्रतिशत व 2018 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।' यूएन एस्केप के आर्थिक मामलों के अधिकारी मैथ्यू हैमिमल ने इस सवाल पर कि इसमें नोटबंदी के प्रभाव को सम्मिलित क्यों नहीं किया गया है, कहा, 'रिपोर्ट नवंबर में तैयार की गयी और इसे अंतिम रूप दिसंबर में दिया गया।' इसके साथ ही रपट में आगाह किया गया है कि बैंकों व कंपनियों की बैलेंस शीट पर दबाव व क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पाने से हो सकता है कि निवेश पूरी ताकत से पटरी पर नहीं लौट पाए।

## फ्यूचर कंज्यूमर ने टिल्डा हेन इंडिया के साथ संयुक्त उद्यम बनाया, 20 जनवरी, 2017



किशोर बियानी की प्रतिनिधित्व वाली फ्यूचर कंज्यूमर ने अमेरिका के हेन सेलेस्टियल ग्रुप इंक की इकाई टिल्डा हेन इंडिया प्राइवेट के साथ संयुक्त उद्यम बनाया है। यह संयुक्त उद्यम देश में स्वास्थ्य और वेलनेस श्रेणी में खाद्य उत्पाद बेचेगा।

फ्यूचर कंज्यूमर ने बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा है कि कंपनी ने टिल्डा हेन इंडिया प्राइवेट के साथ संयुक्त उद्यम करार किया है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य और वेलनेस श्रेणी में खाद्य उत्पादों का विनिर्माण, विपणन, व्यापार, बिक्री और वितरण किया जाएगा। संयुक्त उद्यम चिप्स, गैर डेयरी बेवरेजेज, स्ट्रा नवजात के लिए खाद्य उत्पाद आदि के क्षेत्र में काम करेगा।

संयुक्त उद्यम की चुकता शेयर पूंजी में फ्यूचर कंज्यूमर और हेन दोनों की 50:50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

## भारत में आर्थिक एवं व्यापार कार्यालय खोलेगा हांगकांग, 21 जनवरी, 2017

चीन का विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हांगकांग भारत में आर्थिक एवं व्यापार कार्यालय (ईटीओ) खोलेगा। इसका उद्देश्य परस्पर व्यापारिक तथा निवेश संबंधों को मजबूत बनाना है।

हांगकांग में भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से जारी कथन में कहा गया है कि ईटीओ से भारत और हांगकांग के बीच व्यापारिक, आर्थिक और निवेश संपर्कों में मजबूती आएगी।



कथन में कहा गया है कि हम इस बारे में हांगकांग सरकार के साथ निकटता से काम करने को तैयार है। हांगकांग भारतीय कंपनियों के लिए एक व्यापार हब है। भारत में चीन के निवेश का बड़ा हिस्सा हांगकांग के रास्ते आता है।

## लघु वित्त बैंक सूर्योदय, उत्कर्ष ने परिचालन शुरू किया, 24 जनवरी, 2017




दो लघु वित्त बैंक सूर्योदय और उत्कर्ष ने परिचालन शुरू कर दिया है। रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी।

इसके बाद देश में परिचालन कर रहे लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) की संख्या चार हो गई है।

सितंबर 2015 में रिजर्व बैंक ने 10 एसएफबी आवेदकों को सैद्धान्तिक स्वीकृति दी थी। आवेदकों में सूर्योदय माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लि., नवी मुंबई तथा उत्कर्ष माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लि. वाराणसी सम्मिलित हैं।

इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक तथा कैपिटल स्माल फाइनेंस बैंक ने पिछले वर्ष परिचालन प्रारंभ किया था।

## सिस्को आईआईटी छात्र की कंपनी का 3.7 अरब डॉलर में अधिग्रहण करेगी, 27 जनवरी, 2017




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के पूर्व छात्र द्वारा सैन फ्रांसिस्को में स्थापित की गई एक सॉफ्टवेयर कंपनी का सिस्को 3.7 अरब डॉलर में अधिग्रहण करेगी।

वर्ष 2008 में ज्योति बंसल ने 'एप डायनमिक्स' कंपनी की शुरूआत की थी। यह एक एप्लीकेशन इंटेलीजेंस सॉफ्टवेयर कंपनी है। यह आधुनिक उद्योगों के डिजिटलीरण में सहायता प्रदान करती है। सिस्को ने कहा कि वह 'एप डायनामिक्स' का लगभग 3.7 अरब डॉलर नकद में अधिग्रहण करेगी और बदले में कंपनी में इक्विटी लेगी।

सिस्को के अनुसार 'एप डायनामिक्स' के क्लाउड एप्लिकेशन और कारोबार निगरानी मंच से विश्व की बड़ी कंपनियों को अपने एप्लिकेशन और कारोबार प्रदर्शन को बेहतर करने में सहायता मिलेगी।

ज्योति ने आईआईटी-दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में बीएस डिग्री ली है।

## अलीबाबा की वित्तीय इकाई ने मनीग्राम का अधिग्रहण किया, 27 जनवरी, 2017




ई-कामर्स कंपनी अलीबाबा की वित्तीय इकाई एंट फाइनेंसियल ने अमेरिकी धन स्थानांतरण कंपनी मनीग्राम को खरीदने का सौदा किया है।

एंट फाइनेंसियल ने यह सौदा 88 करोड़ डालर में किया है और इसके माध्यम से वह भारत तथा थाइलंड के बाद अमेरिका में अपने कारोबार का विस्तार कर सकेगी। एंट फाइनेंसियल सर्विस ग्रुप के मुख्य कार्याधिकारी एरिक जिंग ने एक कथन में यह जानकारी दी। इसके अनुसार मनीग्राम का अधिग्रहण विश्व भर के उपयोक्ताओं को समावेशी वित्तीय सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मनीग्राम के धन स्थानांतरण नेटवर्क में 2.4 अरब बैंक व मोबाइल खाते हैं जो कि अब एंट फिनांशल के उपयोक्ताओं से जुड़ जाएंगे। बयान में कहा गया है कि मनीग्राम का मुख्यालय डल्लास में ही रहेगा और उस मौजूदा ब्रांड भी बना रहेगा। एंट फिनांशल का भारत में पेटीएम तथा थाइलंड में एसेंड मनी के साथ गठजोड़ है।

## प्रतिस्पर्धा आयोग ने श्नाइडर इलेक्ट्रिक-ल्यूमिनस पावर सौदे को स्वीकृति दी, 27 जनवरी, 2017

प्रतिस्पर्धा आयोग ने फ्रांस की कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के बिजली 'बैकअप' समाधान उपलब्ध कराने वाली ल्यूमिनस में शेष 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। वर्ष 2011 में श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने ल्यूमिनस पावर टेक्नोलाजीज (एलपीटी) में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,400 करोड़ रुपये में खरीदी थी।

नियामक की वेबसाइट के अनुसार अनुचित व्यापार व्यवहार पर दृष्टी रखने वाला प्रतिस्पर्धा आयोग ने शेष हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। उपलब्ध सूचना के अनुसार फ्रांसिसी कंपनी एलपीटी में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी जो फिलहाल संस्थापक शेयरधारकों के पास है। इसके साथ श्नाइडर की कंपनी पर पूर्ण हिस्सेदारी हो जाएगी।श्नाइडर ऊर्जा प्रबंधन और स्वचलन के क्षेत्र में प्रमुख कंपनी है।

## भारत को बीस वर्ष तक तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगी ऑस्ट्रेलियाई कंपनी, 27 जनवरी, 2017




Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

ऑस्ट्रेलिया की लिक्विफाइड नेचुरल गैस लिमिटेड (एलएनजी लिमिटेड) ने भारत को 20 वर्ष तक अमेरिका से तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। वह यह आपूर्ति अपनी अमेरिका स्थित मैगनोलिया परियोजना से करेगी।

कंपनी ने एक कथन में बताया कि उसने वेसेल गैसिफिकेशन सॉल्युशंस इंक (वीजीएस) के साथ अपनी लुसियाना स्थित लेक चार्ल्स परियोजना से गैस आपूर्ति के लिए समझौता किया है। वह प्रतिवर्ष चालीस लाख टन गैस की आपूर्ति 20 वर्ष तक करेगी। वीजीएस एक भारतीय-अमेरिकी कंपनी है। वह आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में एक अपतटीय तैरता हुआ गैस आयात एवं पुर्नगैसीकरण टर्मिनल विकसित कर रही है।

## प्रतिस्पर्धा आयोग ने रिलायंस-दसाल्ट संयुक्त उद्यम को स्वीकृति दी, 28 जनवरी, 2017

प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अनिल अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर और राफेल विनिर्माता दसाल्ट एविएशन के बीच प्रस्तावित संयुक्त उद्यम को स्वीकृति दे दी। इसे भारत के निजी रक्षा उद्योग क्षेत्र में बड़े सौदों में से एक माना जा रहा है।

प्रस्तावित संयुक्त उद्यम दसाल्ड रिलायंस एयरोस्पेस लि. में रिलायंस एयरो की 51 प्रतिशत जबकि दसाल्ट के पास शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।



प्रतिस्पर्धा आयोग ने ट्विटर पर लिखा है कि उसने संयुक्त उद्यम के गठन को स्वीकृति दे दी है। एक निश्चित सीमा से अधिक सौदे के लिये प्रतिस्पर्धा आयोग से स्वीकृति की आवश्यकता होती है। आयोग विभिन्न क्षेत्रों में अनुचित व्यापार व्यवहार पर अंकुश रखता है। दोनों कंपनियों ने पिछले वर्ष अक्तूबर में संयुक्त उद्यम की घोषणा की थी।



Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## खेल — माह के ज्वलंत मुद्दे

1. भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को पराजित कर चौथी सैफ फुटबाल चैंम्पियनशिप जीती।
2. रोनाल्डो चौथी बार बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी।
3. अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष चुने गए।

### भारत के स्टार खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की, 02 जनवरी, 2017



चोटों से परेशान भारत के 31 वर्षीय,स्टार एकल खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन ने पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की। सोमदेव ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा कि 2017 का आरम्भ वे एक नए तरीके से पेशेवर टेनिस से संन्यास लेकर कर रहे हैं। सभी को इतने वर्षों तक मेरा समर्थन करने और इतना प्यार देने के लिये धन्यवाद।

ऐसी भी अटकलें हैं कि वह अब कोचिंग का दायित्व ले सकते हैं। सोमदेव ने जब 2008 में टेनिस में पदार्पण किया था, तब से वह भारत के स्टार एकल खिलाड़ी थे। भारत की डेविस कप टीम के नियमित सदस्य सोमदेव 14 मुकाबलों में खेल चुके हैं और 2010 में भारत को विश्व ग्रुप में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सोमदेव दो एटीपी टूर-2009 चेन्नई ओपन में बतौर वाइल्ड कार्ड और 2011 दक्षिण अफ्रीका ओपन-के फाइनल में पहुंचे थे। वह चीन के ग्वांग्झू में हुए 2010 एशियाई खेलों के एकल और युगल स्वर्ण पदकधारी हैं। वर्ष 2008 में एनसीएए पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में बनाया गया उनका जीत-हार का 44-1 रिकॉर्ड अभी तक कायम है। उन्हें 2011 में देश के दूसरे सर्वोच्च खेल सम्मान अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### धोनी ने भारत की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी छोड़ी, 05 जनवरी, 2017

देश के सबसे सफल क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने हैरानी भरा कदम उठाते हुए भारतीय टीम के सीमित ओवरों के कप्तान का पद छोड़ दिया जिससे कप्तान के रूप में उनके बेहतरीन करियर का अंत हुआ। भारत को दो विश्व कप और चैंम्पियन्स ट्राफी जिताने वाले 35 वर्षीय धोनी ने इंग्लैंड के विरुद्ध एकदिवसीय श्रृंखला शुरू होने से केवल 11 दिन पहले कप्तानी छोड़कर क्रिकेट जगत को स्तब्ध कर दिया।

धोनी के इस निर्णय के बाद टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली के सीमित ओवरों की टीम की कमान संभालने का रास्ता भी साफ हो गया है।

कप्तानी छोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए धोनी ने हालांकि चयन समिति को सूचित किया है कि वह इंग्लैंड के विरुद्ध 15 जनवरी से शुरू हो रही तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों की श्रृंखला में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

धोनी ने एकदिवसीय क्रिकेट में अब तक 283 मैचों में 50.89 की बेहतरीन औसत से 9110 रन बनाए हैं जिसमें नाबाद 183 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने 73 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1112 रन भी बनाए।

उच्चतम न्यायालय के लोढा समिति के प्रस्तावों को लागू नहीं करने पर बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर और सचिव अजय शिर्के को पद से हटाने के एक दिन बाद धोनी ने यह घोषणा की।

### भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को पराजित कर चौथी सैफ फुटबाल चैंम्पियनशिप जीती, 05 जनवरी, 2017




भारतीय महिला टीम ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए कंचनजंगा स्टेडियम में बांग्लादेश को 3-1 से पराजितकर लगातार चौथी बार सैफ महिला फुटबाल चैंम्पियनशिप का खिताब जीत लिया।

इस टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम का अजेय अभियान 19 मैच का हो चुका है। टीम ने इस दौरान 18 मैचों में जीत दर्ज की जबकि एक ड्रा रहा।

भारत के लिए पहला गोल 12वें मिनट में स्ट्राइकर दांगमेई ग्रेस ने दागा। दांगमेई को विरोधी गोलकीपर सबीना अख्तर को छकाने में कोई परेशानी नहीं हुई।

कमला देवी को 17वें मिनट में भारत की बढ़त को दोगुना करने का अवसर मिला लेकिन बाला देवी की कार्नर किक पर उनका हेडर गोल के निकट से बाहर निकल गया।

बांग्लादेश ने पलटवार करते हुए 40वें मिनट में सीरत जहां शोपना के गोल के कारण 1-1 से बराबरी प्राप्त की। मध्यांतर तक यही स्कोर रहा।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

दूसरे हाफ में भी भारत ने तेज आरम्भ की। मैच के 60वें मिनट में बाला देवी को बाक्स के अंदर धक्का दिया गया जिसके बाद रैफरी ने पेनल्टी किक का इशारा किया जिसे सस्मिता मलिक ने गोल में बदलकर स्कोर 2-1 किया।

सात मिनट बाद सबीना इंदुमति के बेहद धीमे शाट के उछाल को नहीं समझ सकी और गोल गंवा बैठी जिससे भारत ने 3-1 की बढ़त बनाई जो निर्णायक स्कोर सिद्ध हुआ।

## सहारा ग्रुप ने हाकी इंडिया से प्रायोजन अनुबंध 2021 तक बढ़ाया, 05 जनवरी, 2017




सहारा ग्रुप ने हाकी इंडिया से अपने जुड़ाव को नया रूप देते हुए प्रायोजन अनुबंध किया है जो 2021 तक रहेगा और यह भारतीय हाकी के लिये मनोबल बढ़ाने वाला होगा।

सहारा इंडिया 1995 से भारतीय हाकी से जुड़ा हुआ है और वह 2021 तक जूनियर और सीनियर स्तर की प्रतियोगिताओं के लिये राष्ट्रीय टीम का बड़ा साझेदार होगा।

सहारा इंडिया परिवार के मुख्य कारपोरेट कम्यूनिकेशन्स अभिजीत सरकार ने कहा कि हाकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और हमें जूनियर और सीनियर स्तर की पुरूष और महिला टीमों के पूर्व वर्षों के प्रदर्शन पर बहुत गर्व है। सहारा इंडिया परिवार खेल में सभी स्तर के विकास के लिये प्रतिबद्ध है और हम हाकी इंडिया के साथ उंचाईयां छूने के उनके प्रयास के लिये अपनी साझेदारी जारी रखने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

## ओलंपिक चैंम्पियन, रूडिशा मुंबई मैराथन के एंबेसडर, 07 जनवरी, 2017



वर्तमान ओलंपिक और विश्व 800 मीटर चैंम्पियन और विश्व रिकार्डध ारक डेविड रूडिशा को 15 जनवरी को होने वाली 14वीं मुंबई मैराथन का अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया गया है।

कीनिया के 28 वर्षीय रूडिशा ने रियो ओलंपिक 2016 में 800 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इससे चार वर्ष पहले लंदन ओलंपिक में एक मिनट 40.91 सेकेंड के विश्व रिकार्ड के साथ सोने का तमगा प्राप्त किया था। रूडिशा इससे पहले 2012 में दिल्ली हाफ मैराथन के प्रतियोगिता दूत रहे थे और तब वह भारत यात्रा पर आये थे।

## जोकोविक ने मरे को पराजित कर जीता कतर ओपन खिताब, 09 जनवरी, 2017




विश्व के दूसरी वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी जोकोविक ने विश्व के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एंडी मरे को फाइनल मुकाबले में पराजित कर कतर ओपन खिताब जीता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सर्बिया के स्टार खिलाड़ी जोकोविक से खिताबी मुकाबले में 6-3, 5-7, 6-4 से पराजित होने के बाद भी मरे विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

इस माह आयोजित होने वाले आस्ट्रेलियन ओपन में एक बार फिर दोनों खिलाड़ियों को खिताब के लिए जद्दोजहद करते देखा जाएगा। जोकोविक आस्ट्रेलियन ओपन खिताब के वर्तमान विजेता हैं। पिछले वर्ष उन्होंने इसी टूर्नामेंट में एंडी मरे को पराजित कर छठी बार इस खिताब को जीता था।

## बोपन्ना-जीवन ने चेन्नई ओपन का युगल खिताब जीता, 09 जनवरी, 2017

सिर्फ दूसरी बार जोड़ीदार बनाकर खेल रहे रोहन बोपन्ना और जीवन नेदुनचेझियान ने ऑल इंडियन फाइनल में हमवतन दिविज शरण और पूरव राजा को पराजित कर चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नमेंट का पुरुष युगल का खिताब जीत लिया। विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना और जीवन ने टूर्नमेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले दिविज और राजा को सिर्फ 65 मिनट में 6-3, 6-4 से पराजित किया।

बोपन्ना और जीवन का यह जोड़ी के रूप में पहला खिताब है और इन्होंने दिविज और राजा को तीसरा खिताब जीतने से वंचित किया। वर्ष 2011 में लिएंडर पेस और महेश भूपति की स्टार जोड़ी के खिताब जीतने के बाद यह पहला अवसर है जब किसी भारतीय जोड़ी ने चेन्नई ओपन का खिताब जीता। पेस और भूपति ने चेन्नई ओपन में पांच बार खिताब जीता है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com




बोपन्ना के करियर का यह **15**वां और जून **2015** के बाद पहला खिताब है। बोपन्ना ने पिछली बार फ्लोरिन मर्जिया के साथ मिलकर स्टुटगार्ट ओपन का खिताब जीता था। इसके बाद इस भारतीय खिलाड़ी को सिडनी और मैड्रिड में पराजय का सामना करना पड़ा। एटीपी विश्व टूर स्तर पर जीवन का यह पहला खिताब है। उन्होंने चैलेंजर सर्किट पर तीन युगल खिताब जीते हैं।

## आडवाणी ने मेहता को पराजित कर कोलकाता ओपन का खिताब जीता, 09 जनवरी, 2017




दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने दो बार के गत चैंम्पियन आदित्य मेहता को **5-1** से पराजित कर तीसरे कोलकाता ओपन राष्ट्रीय आमंत्रण स्नूकर चैंम्पियनशिप का खिताब जीत लिया।

सोलह बार के विश्व चैंम्पियन आडवाणी ने **75-56, 76-19, 87-47, 73-17, 0-101, 116-0** से जीत अंकित की।

यहां पहले दो टूर्नामेंटों में नहीं खेलने वाले आडवाणी को इस जीत के लिए एक लाख **25** हजार रूपये की इनामी राशि मिली।

## आगुत ने मेदवेदेव को पराजित कर चेन्नई ओपन खिताब जीता, 09 जनवरी, 2017




रोबटरे बितिस्ता आगुत ने चेन्नई ओपन के फाइनल में रूस के युवा डेनिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में **6-3, 6-4** से पराजित कर अपने करियर का पांचवां पुरूष एकल खिताब जीता जबकि रूस के खिलाड़ी को एटीपी विश्व टूर पर पहले एकल खिताब से वंचित कर दिया।

आगुत ने पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा और बेसलाइन पर शानदार प्रदर्शन किया जबकि मेदवेदेव को अपने से बेहतर प्रतिद्वंद्वी के विरुद्ध गलतियों को खामियाजा भुगतना पड़ा।

मेदवेदेव को अपनी सर्विस को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा जबकि इसके विपरीत स्पेन के आगुत को अपनी सर्विस पर कोई दिक्कत नहीं हुई और उन्होंने एक घंटे और **11** मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। आगुत ने मैच के दौरान अपनी सर्विस पर सिर्फ आठ अंक गंवाए। रूस के खिलाड़ी ने आगुत को लंबी रैली में उलझाने की कोशिश की लेकिन स्पेन का खिलाड़ी अधिकांश अवसरों पर इन्हें अंक में बदलने में सफल रहा।

अपने पहले एटीपी विश्व टूर खिताबी मुकाबले में खेल रहे मेदवेदेव ने हालांकि प्रभावित किया और इस प्रदर्शन की बदौलत उनकी वर्तमान **99**वीं रैंकिंग में अच्छा सुधार होने की आशा है।

## रोनाल्डो चौथी बार बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, 10 जनवरी, 2017



पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान और स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार फारवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने चिरप्रतिद्वंद्वी अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी और बार्सिलोना के फारवर्ड लियोनेल मैसी को पछाड़कर चौथी बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीत लिया।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

फीफा अध्यक्ष जियानो इन्फेंटिनो ने एक समारोह में रोनाल्डो को 'प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार प्रदान किया। रोनाल्डो ने इससे पहले 2008, 2013 और 2014 में इस पुरस्कार को अपने नाम किया था। उन्होंने गत वर्ष दिसंबर में बैलेन डी ओर का पुरस्कार भी जीता था।

31 वर्षीय रोनाल्डो ने गत वर्ष 57 मैचों में 55 गोल किए थे और 16 गोल करने में सहायता किए थे। उनकी उपस्थिति में उनकी टीम ने गत वर्ष चार ट्राफी अपने नाम की थी। पुरस्कारों की दौड़ में मैसी दूसरे और फ्रांस के एंटोनियो ग्रिएजमैन तीसरे नंबर पर रहे।

गत वर्ष पुर्तगाल को यूरो कप जिताने वाले रोनाल्डो को कुल 34.54 प्रतिशत वोट मिले जबकि मैसी को 26.42 और ग्रिएजमैन को 7.53 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए।

## श्रेयस को स्कॉटिश जूनियर ओपन का खिताब, 10 जनवरी, 2017

भारत के अंडर-13 स्क्वाश खिलाड़ी श्रेयस मेहता ने शानदार वापसी करके स्काटिश जूनियर ओपन का खिताब जीता।

श्रेयस ने इससे पहले यूएस जूनियर ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने कोलंबिया के जुआन जोस टोरेस लारा के विरुद्ध पांच गेम तक चले मैच में हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी और अंत में 8-11, 8-11, 11-5, 11-6, 11-7 से जीत अंकित करके खिताब अपने नाम किया। अमेरिकी टूर्नामेंट की तरह श्रेयस ने फाइनल तक एक भी गेम नहीं गंवाया था। उन्होंने इस दौरान अपने से अधिक रैंकिंग के स्काटिश खिलाड़ी बेन राबर्ट जान बैरन को भी पराजित किया।

## 13 बार की वर्ल्ड चैंपियन रूसी जिमनास्ट ने 19 वर्ष की आयु में लिया संन्यास, 12 जनवरी, 2017



रूस की रिदमिक जिमनास्ट याना कुद्रयावत्सेवा ने महज 19 वर्ष की आयु में ही उभरते करियर से संन्यास ले लिया है। याना 2013 से 2015 तक 13 वर्ल्ड चैंपियनशिप जीत चुकी हैं। माना जा रहा था कि याना रियो ओलंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल की दावेदार थीं लेकिन उनके पैर में हुए फ्रेक्चर ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया था। उनकी दिनचर्या में आए बदलावो की वजह से उन्हें रियो में सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा था।

रूस से वर्ल्ड वर्ष रिदमिक जिमनास्ट याना काफी चर्चाओं में रही हैं। उन्होंने ओलंपिक में वर्ष 2000 से एलीना काबेवा और ऐवजीनिया कानेवा के साथ लगातार कई गोल्ड मेडल जीते हैं।

## एफआईएच ने दी श्रीजेश को सबसे बड़ी जिम्मेदारी, 12 जनवरी, 2017

भारतीय हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश के खाते में नई उपलब्धि अंकित हो गई है। फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल हॉकी (एफआईएच) ने भारतीय कप्तान को उन 8 वर्तमान व पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की कमेटी में सम्मिलित किया है, जो एफआईएच व खिलाड़ियों के बीच लॉयजन ऑफिसर जैसी भूमिका निभाएंगे।

एफआईएच इसके माध्यम से अपने निर्णयों में खिलाड़ियों के सुझाव सम्मिलित करना चाहता है। पिछले वर्ष देश को चैंपियंस ट्रॉफी में एतिहासिक रजत पदक जिताने वाले श्रीजेश ने मॉरित्ज फुएर्स्ते सरीखे लीजेंड खिलाड़ियों के साथ खुद को कमेटी में सम्मिलित करने को अपने लिए बहुत बड़ा सम्मान बताया है। उन्होंने कहा है कि वह इस नई भूमिका को बहुत जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहेंगे।

इस कमेटी में श्रीजेश समेत आठों खिलाड़ियों को वर्तमान में हॉकी खेल रहे खिलाड़ियों से फीडबैक लेकर एफआईएच को देने का काम सौंपा गया है। यह कमेटी बहुत बड़ी संख्या में फिलहाल खेल रहे खिलाडियों से मिलेगी और उनसे बहुत तरह की जानकारी लेगी। इसमें एफआईएच के टूर्नामेंटों के बाद खिलाड़ियों और कोचों से उनके अनुभव जानने जैसे सर्वे और विभिन्न अवसर पर अलग-अलग देशों की टीमों के साथ बैठक करना आदि सम्मिलित है। एफआईएच की इस प्रक्रिया का उद्देश्य खिलाड़ियों के साथ सीधा संवाद बनाना और उन्हें विभिन्न प्रकार की जानकारी से अपडेट करने के साथ उनकी समस्या जानना भी सम्मिलित है।

## फीफा रैंकिंगरू भारत 129वें स्थान पर पहुंचा, 13 जनवरी, 2017



भारतीय फुटबाल टीम को फीफा रैंकिंग में छह स्थान का लाभ हुआ है। जारी ताजा फीफा रैंकिग में भारत को 129वां स्थान मिला है। एक कथन के अनुसार, यह भारत की दिसंबर 2005 के बाद से सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह उस समय 127वें स्थान पर पहुंचा था। दो वर्ष में भारत ने जबरदस्त सुधार किया है और 42 स्थान की छलांग लगाई है। मार्च 2015 में भारत को 173वां स्थान प्राप्त था।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

इस दौरान भारत ने खेले गए 11 मैचों में नौ में जीत प्राप्त की है। उसने पिछले वर्ष सितंबर में अपने से उच्च रैंकिंग टीम प्यूर्टो रिको को 4-1 से पराजित किया था। रैंकिंग में शीर्ष 34 स्थानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अर्जेंटीना, ब्राजील और जर्मनी को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त है।

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशल दास ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम का दिसंबर 2005 के बाद से अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग प्राप्त करना बताता है कि हम प्रतिदिन बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस महीने के अंत में जब एशिया कप-2019 के क्वालीफायर खेले जाएंगे तो इस वर्तमान रैंकिंग का हमें लाभ मिलेगा और हम पॉट-2 में होंगे। हमने 2011 में एशिय कप में अंतिम बार क्वालीफाई किया था। आशा है हम 2019 में दोबारा ऐसा कर पाएंगे।

## सिडनी ओपनः कोंटा ने जीता खिताब, 14 जनवरी, 2017



ब्रिटेन की स्टार टेनिस खिलाड़ी योहाना कोंटा ने सिडनी ओपन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की 10वीं वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी कोंटा ने खिताबी मुकाबले में पोलैंड की एगनिस्का रादवांस्का को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से पराजित कर विजय प्राप्त की।

ऐसा माना जा रहा है कि इस जीत के साथ कोंटा आधिकारिक रूप से विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच जाएंगी।

कोंटा ने अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब जीता है। अगले सप्ताह से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम आस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में कोंटा का सामना बेल्जियम की क्रिस्टन फ्लिपकेंस के विरुद्ध होगा।

## शेलार एमसीए के अंतरिम अध्यक्ष बने, 14 जनवरी, 2017

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने अपने उपाध्यक्ष आशीष शेलार को अंतरिम अध्यक्ष पद के लिये नामांकित किया क्योंकि शरद पवार ने लगभग एक महीना पहले इसके अध्यक्ष पद से हटने का निर्णय किया था।

पवार ने अध्यक्ष पद पर बने रहने में असमर्थता व्यक्त की थी क्योंकि वह उच्चतम न्यायालय के लोढा समिति की प्रस्तावों के आधार पर दिये गये आदेश के अनुसार 70 वर्ष की आयुसीमा को पार कर गये थे इसलिये उन्होंने 17 दिसंबर 2016 को अध्यक्ष पद से हटने का निर्णय किया था।

## खेल मंत्री ने खेलो इंडिया प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, 16 जनवरी, 2017



खेल मंत्री विजय गोयल ने अंडर -14 और अंडर -17 बच्चों के लिये विभिन्न खेलों की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता खेलो इंडिया का उदघाटन किया।

दिल्ली चरण की प्रतियोगिताओं में तैराकी, साईकिलिंग और कुश्ती सम्मिलित हैं। इसका आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण ने किया है। मंत्री ने तैराकी स्पर्धा के विभिन्न वर्गों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पदक भी वितरित किये।

इस अवसर पर खेल सचिव इंजेती श्रीनिवास, स्टार तैराक खाजन सिंह और भानू सचदेवा भी उपस्थिति थे।

इन प्रतियोगिताओं में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1000 से अधिक भागीदार भाग ले रहे हैं। गोयल ने कहा कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता निचले स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिये ही नहीं बल्कि देश में खेल का आधारभूत ढांचा तैयार करने के लिये भी आयोजित की जा रही है।

## लीजेंड्स क्लब हाल आफ फेम में सम्मिलित किए गए कपिल देव, 18 जनवरी, 2017



Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

महान क्रिकेटर और भारत की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव को यहां क्रिकेट क्लब आफ इंडिया में पूर्व भारतीय कप्तानों अजित वाडेकर, सुनील गावस्कर और नरी कांट्रैक्टर की उपस्थिति में लीजेंड्स क्लब 'हाल आफ फेम' में सम्मिलित किया गया।

विश्व कप **1983** में भारत की जीत के दौरान टीम की कमान संभालने वाले कपिल को देश का सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर माना जाता है।

पूर्व भारतीय खिलाड़ी और लीजेंड्स क्लब के अध्यक्ष माधव आप्टे ने कपिल को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया।

टेस्ट क्रिकेट में **10000** रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज गावस्कर को भी वाडेकर ने प्रशस्ति पत्र दिया। गावस्कर को **11** जुलाई **2013** में ही क्लब के हाल आफ फेम में सम्मिलित किया जा चुका है।

## अलीबाबा समूह 2028 तक ओलंपिक खेलों में वैश्विक भागीदार की भूमिका निभाएगा, 20 जनवरी, 2017

चीन की दिग्गज आनलाइन कपंनी अलीबाबा वर्ष **2028** तक के लिए ओलंपिक खेलों की आधिकारिक वैश्विक भागीदार बन गई। कंपनी ने इस बारे में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ अपनी तरह का पहला दीर्घकालिक भागीदारी समझौता किया है।

इस गठजोड़ के अंतर्गत कंपनी ओलंपिक चैनल की आधिकारिक क्लाउड सेवा व ईकामर्स प्लेटफार्म सेवा सहयोगी तथा संस्थापक भागीदार होगी।

अलीबाबा के संस्थापक व कार्यकारी चेयरमैन जैक मा ने यहां विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। कार्यक्रम में आईओसी के अध्यक्ष थामस बाक ने कहा कि अलीबाबा इस खेल संगठन को नये डिजिटल युग में ले जाने में सहयता करेगी।

अलीबाब **2022** के ओलंपिक शीतकालीन बीजिंग खेलों के लिए प्रतिबद्धता जताने वाली पहली कंपनी है। इसके साथ ही वह आईओसी के साथ **2028** तक का लंबा गठजोड़ करने वाली विश्व की पहली कंपनी है।

जैक मा ने कहा कि अलीबाबा भले ही चीन में बनी हो लेकिन आज यह सही अर्थ में वैश्विक कंपनी है।

इस सौदे के वित्तीय पहलुओं की जानकारी अभी नहीं दी गई है।

## भारत ने इंग्लैंड के विरुद्ध कटक वनडे के दौरान अपने वनडे क्रिकेट में 23 वाँ 350 स्कोर अंकित किया, 20 जनवरी, 2017

भारत ने इंग्लैंड के विरुद्ध कटक वनडे के दौरान अपने वनडे क्रिकेट में **23** वाँ **350** स्कोर अंकित किया, और इसके साथ ही भारत **50** ओवर के प्रारूप में सबसे अधिक बार **350** से अधिक योग प्राप्त करने वाली टीम बन गयी है।

भारत ने इंग्लैंड को कटक में खेले गए तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में **15** रन से पराजितकर तीन मैचों की सीरीज में **2-0** की अजेय




बढ़त प्राप्त कर ली है। इस रोमांचक हाई स्कोरिंग मुकाबले में इंग्लैंड की टीम **382** रनों के अपने तीसरे सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए **50** ओवर में **8** विकेट पर **366** रन ही बना सकी।

भारत की ओर से आर अश्विन ने तीन और जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही।

एलेक्स हेल्स को बुमराह ने **14** रन के व्यक्तिगत स्कोर पर महेंद्र सिंह धोनी के हाथों विकेट के पीछे कैच कराकर इंग्लैंड को पहला झटका दिया।

## महेंद्र सिंह धोनी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 छक्के जड़ने वाले विश्व के पांचवें बल्लेबाज, 20 जनवरी, 2017



महेंद्र सिंह धोनी ने **19** जनवरी **2017** को कटक के बाराबती स्टेडियम में आयोजित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में **200** छक्के जड़ने वाले विश्व के पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं।

महेंद्र सिंह धोनी ने **134** रन की पारी खेली तथा इस दौरान छह छक्के लगाये। अपना **285**वां मैच खेल रहे धोनी के नाम पर अब **203** छक्के अंकित हो गये हैं।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

वे यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले पहले भारतीय एवं विश्व के पांचवें बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी ने सबसे अधिक 351 छक्के लगाये हैं।

उनके बाद श्रीलंका के सनथ जयसूर्या 270 छक्के, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 238 छक्के, धोनी तथा न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम (200) छक्के का नंबर आता है। हालांकि धोनी ने इनमें से सात छक्के एशिया एकादश के लिये लगाये हैं। उन्होंने भारत के लिये 196 छक्के जड़े हैं और इस तरह से उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 195 छक्के का रिकार्ड भी तोड़ा।

भारत के लिये वनडे में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में महेंद्र सिंह धोनी और सचिन तेंदुलकर के बाद सौरव गांगुली 189 छक्के, युवराज सिंह 150 छक्के, वीरेंद्र सहवाग 131 छक्के, सुरेश रैना 120 छक्के और रोहित शर्मा (117 छक्के) का नंबर आता है।

युवराज सिंह ने 150 रन बनाये जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। वे इंग्लैंड के विरुद्ध 150 रन की संख्या तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं।

### महेंद्र सिंह धोनी के बारे में:

- महेंद्र सिंह धोनी का जन्म 7 जुलाई 1981 को रांची, झारखंड में हुआ था।
- वे माही, एम. एस, एमएसडी के भी नाम से जाने जाते हैं।
- वे भारतीय क्रिकेटर एवं भारतीय क्रिकेट दल के पूर्व कप्तान है।
- वे भारत के सबसे सफल एकदिवसीय कप्तान रह चुके हैं।
- धोनी एक आक्रामक सीधे हाथ के बल्लेबाज और विकेटकीपर है।
- महेंद्र सिंह धोनी विश्व के पहले ऐसे कप्तान है, जिन्होंने आईसीसी के सभी कप जीते है।
- धोनी ने 4 जनवरी 2017 को भारतीय एकदिवसीय टीम तथा 20-20 टीम की कप्तानी छोड़ दी।

## अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष चुने गए, 23 जनवरी, 2017



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बीसीसीआई अध्यक्ष पद से बर्खास्त हुए अनुराग ठाकुर को सर्वसम्मति से चार वर्ष के कार्यकाल के लिए हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ (एचपीओए) का अध्यक्ष चुना गया।

अनुराग ठाकुर को एचपीओए की वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष चुना गया। निर्वाण मुखर्जी चुनाव के लिए भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक थे।

अन्य पर्यवेक्षकों में हाकी कोच एनपी गुलेरिया तथा हिमाचल प्रदेश राजकीय खेल परिषद के पर्यवेक्षक रतन लाल ठाकुर सम्मिलित रहे।

चुनाव में वीरेंद्र कंवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राजेश भंडारी को महासचिव चुना गया। राजेश भंडारी भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के उपाध्यक्ष भी हैं।

राज्य ओलंपिक संघ की विज्ञप्ति के अनुसार एचपीओए ने शिमला में हिमाचल ओलंपिक भवन बनाने तथा राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर हमीरपुर में 26 से 26 जून 2017 तक राज्य ओलंपिक महोत्सव के आयोजन का निर्णय किया गया है।

बीसीसीआई अध्यक्ष पद से बर्खास्त होने से पहले अनुराग ठाकुर बोर्ड के अध्यक्ष पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा व्यक्ति थे।

## साइना नेहवाल ने मलेशिया मास्टर्स खिताब जीता, 23 जनवरी, 2017

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने मलेशिया मास्टर्स ग्रां प्री खिताब जीता। खिताबी मुकाबले में साइना ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे सेटों में 22-20,22-20 से पराजित किया।

रियो ओलंपिक-2016 में साइना नेहवाल के घुटने में चोट लगने के कारण वह लम्बे समय तक कोर्ट से बाहर रहींइ इस चोट से उबरने के बाद यह उनका पहला खिताब है।

साइना ने सेमीफाइनल में हांगकांग की यिप पुई यिन को पराजित किया। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पांचवीं वरीयता प्राप्त यिन को साइना ने 21-13,21-10 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में साइना ने पोर्नपावी चोचुवोंग के साथ खेलते हुए लगातार 4 अंक लेकर बढ़त बनाईइ लेकिन चोचुवोंग द्वारा वापसी करते हुए मैच को 20-20 से बराबरी पर ला दिया गया। इसके बाद साइना ने लगातार दो अंक अर्जित करके खिताब जीता।

### साइना नेहवाल के बारे में:-

- साइना नेहवाल का जन्म 17 मार्च 1990 को हुआ। वह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।
- साइना को भारत सरकार द्वारा पद्‌म श्री और सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।
- वह विश्व की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला बैडमिंटन खिलाडी हैं। इस मुकाम तक पहुँचने वाली वे प्रथम भारतीय महिला हैं।
- एक महीने में तीसरी बार प्रथम वरीयता पाने वाली भी वो अकेली महिला खिलाड़ी हैं।
- लंदन ओलंपिक 2012 मे साइना ने इतिहास रचते हुए बैडमिंटन की महिला एकल स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया। बैडमिंटन मे यह लक्ष्य प्राप्त करने वाली वह भारत की पहली खिलाड़ी हैं।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## बून, हेडन आस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में सम्मिलित, 24 जनवरी, 2017



ऑस्ट्रेलिया के टॉप के दो ओपनर बल्लेबाजों डेविड बून और मैथ्यू हेडन और महिला ऑलराउंडर बेट्टी विल्सन को 2017 एलन बोर्डर मेडल समारोह के दौरान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में सम्मिलित किया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के अध्यक्ष पीटर किंग ने कहा कि बून, हेडन और विल्सन को चयनसमिति ने हॉल आफ फेम में सम्मिलित करने के लिये चुना।

किंग ने कहा कि डेविड बून और मैथ्यू हेडन उनके 12 खिलाड़ियों में सम्मिलित हैं जिन्होंने 100 या इससे अधिक टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उनका योगदान इस आंकड़े से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि डेविड बून ने एलन बोर्डर की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जिसने 1987 में विश्व कप जीता और फिर विश्व में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम बनी वह विश्व कप 1987 में इंग्लैंड के विरुद्ध फाइनल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे।

किंग ने कहा कि मैथ्यू हेडन उस ऑस्ट्रेलियाई टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे जिसने 2003 और 2007 में विश्व कप जीते तथा एक विस्फोटक सलामी बल्लेबाज और स्लिप में बेजोड़ क्षेत्ररक्षक से वह इस देश के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में सम्मिलित हो जाते हैं।

विल्सन के बारे में उन्होंने कहा कि बेट्टी विल्सन एक बेहतरीन ऑलराउंडर रही जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी और ऑफ स्पिन से खास छाप छोड़ी यह क्रिकेट का दुर्भाग्य है कि वह द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण केवल 11 टेस्ट मैच ही खेल पायी इसका कारण यह भी था कि तब की तुलना में महिला क्रिकेट के बहुत कम मैच हुआ करते थे।

## किंग्स इलेवन पंजाब के रणनीतिकार होंगे सहवाग, 24 जनवरी, 2017



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी किंग्स इलेवन पंजाब ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग को आगामी संस्करण के लिए अपना मुख्य रणनीतिकार नियुक्त किया है।

सहवाग को टीम ने 2016 में अपना मेंटॉर नियुक्त किया था। इसके अतिरिक्त वह फ्रेंचाइजी के ब्रांड एम्बेसडर की भूमिका में भी दिखेंगे।

आईपीएल का 10वां संस्करण तीन अप्रैल से 26 मई के बीच खेला जाएगा।

## वार्नर ने फिर जीता आस्ट्रेलिया का शीर्ष व्यक्तिगत पुरस्कार, 24 जनवरी, 2017



विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने लगातार दूसरे वर्ष आस्ट्रेलियाई क्रिकेट का शीर्ष व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त किया हैं।

उन्होंने कप्तान स्टीव स्मिथ और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को पीछे छोड़कर एलन बोर्डर मेडल प्राप्त किया। वार्नर चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार प्राप्त किया। उनसे पहले रिकी पोंटिंग, माइकल क्लार्क और शेन वाटसन यह उपलब्धि प्राप्त कर चुके हैं। टेस्ट उप कप्तान वार्नर ने पाकिस्तान के विरुद्ध मेलबर्न और सिडनी टेस्ट मैचों में शतक जड़े। सिडनी में टेस्ट मैच के पहले दिन शुरूआती सत्र में शतक जड़कर उन्होंने रिकार्ड बुक में अपना नाम लिखवाया था। वार्नर को आस्ट्रेलिया का सीमित ओवरों का अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी चुना गया। उन्होंने वनडे में इस दौरान 1388 रन बनाये जिसमें नौ शतक सम्मिलित हैं। स्टार्क को वर्ष का टेस्ट खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने मतदान काल के दौरान 52 विकेट लिये। मेग लैनिंग ने आस्ट्रेलिया की शीर्ष महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीता।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## एआईएफएफ ने आईडब्ल्यूएल लांच की, 24 जनवरी, 2017



भारत में महिला फुटबाल को बढ़ावा देने की कवायद के अंतर्गत अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने यहां इंडियन वुमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) को लांच किया जिसके आरंभिक सत्र में छह टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

टूर्नामेंट के पहले सत्र में आयोजन 28 जनवरी से किया जाएगा जिसमें मिजोरम का ऐजल फुटबाल क्लब, पुडुचेरी का जेपियार, कटक का राइजिंग स्टुडेंट्स क्लब, मणिपुर का ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन, महाराष्ट्र का पुणे सिटी और हरियाणा का फुटबाल क्लब अलखपुरा की टीमें भाग लेंगी।

ऐजल फुटबाल क्लब को आईलीग फुटबाल टूर्नामेंट से चुना गया है जबकि पुणे सिटी को आईएसएल से स्थान मिला है जबकि बाकी चार टीमों ने नौ राज्यों की 20 टीमों के बीच हुए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के माध्यम से स्थान बनाया है।

## प्रतिभा खोज के लिए नई टॉप समिति के प्रमुख होंगे बिंद्रा, 28 जनवरी, 2017

बीजिंग ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को पुनर्गठित टारगेट ओलिंपिक पोडियम (टॉप) समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिसमें बीते जमाने की फर्राटा धाविका पीटी उषा और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण भी सम्मिलित हैं। बिंद्रा पिछली समिति का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने 2016 के रियो ओलिंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिये उससे त्यागपत्र दे दिया था।

इस दस सदस्यीय समिति में दो अन्य खिलाड़ी निशानेबाज अंजलि भागवत और 2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता महिला भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी सम्मिलित हैं। समिति के अन्य 5 सदस्यों में अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के आजीवन अध्यक्ष अनिल खन्ना, मुक्केबाजी से जुड़े प्रशासक पी के मुरलीधरन राजा, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की सचिव रेखा यादव, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के कार्यकारी निदेशक (टीम) एसएस राय और संयुक्त सचिव (खेल) इंदर धमीजा सम्मिलित हैं।



मंत्रालय ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि समिति खुद ही प्रक्रिया तय करेगी और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों को आमंत्रित करेगी। समिति का शुरुआती कार्यकाल अधिसूचना की तारीख से शुरू होकर एक वर्ष का होगा। समिति का उद्देश्य टॉप कार्यक्रम के तहत 2020 और 2024 ओलिंपिक खेलों के लिए पदक के संभावित दावेदारों की पहचान करना होगा। यह योजना पहले 2016 और 2020 ओलिंपिक खेलों को ध्यान में रखकर शुरू की गई थी।

## पी.वी. सिंधू ने सैयद मोदी ग्रां प्री गोल्ड बैडमिन्टन प्रतियोगिता का सिंगल्स खिताब जीता, 30 जनवरी, 2017

पी.वी. सिंधु ने पहली बार सैयद मोदी ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन प्रतियोगिता का महिला सिंगल्स खिताब जीत लिया। लखनऊ में सिंधु ने फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का को लगातार सेटों में पराजित किया।

पुरुष सिंगल्स का खिताब समीर वर्मा के नाम रहा। उन्होंने फाइनल में बी साईं प्रणीत को पराजित किया।

मिक्स्ड डबल्स का खिताब भारत के प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी ने अश्विनी पोनप्पा और बी सुमीथ रेड्डी को पराजित कर जीता।

भारत ने कुल मिलाकर 5 में से 3 खिताब अपने नाम किए।

महिला डबल्स के फाइनल में डेनमार्क की कैमिला रायटर जुहल और क्रिस्टीना पेडेरसन ने भारतीय जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और सिक्की रेड्डी को पराजित किया।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

# विज्ञान माह के ज्वलंत मुद्दे

1. अग्नि - 4 बैलिस्टिक मिसाइल का भारत ने किया सफल प्रायोगिक परीक्षण।
2. भारतीय और फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसियों ने उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी पर समझौते पर हस्ताक्षर किया।
3. तीन अरब प्रकाश वर्ष दूर से आ रही हैं रहस्यमयी रेडियो तरंगें।

## अग्नि - 4 बैलिस्टिक मिसाइल का भारत ने किया सफल प्रायोगिक परीक्षण, 02 जनवरी, 2017



भारत ने ओडिशा अपतटीय क्षेत्र में एक परीक्षण स्थल से परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम अग्नि 4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रायोगिक परीक्षण किया। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 4,000 किलोमीटर है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सूत्रों ने बताया कि मोबाइल लॉन्चर की सहायता से, प्रातः 11 बजकर करीब 55 मिनट पर अग्नि-4 को डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) के परिसर संख्या चार से प्रक्षेपित किया गया। डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप को पूर्व में व्हीलर द्वीप के रूप में जाना जाता था।

परीक्षण को सफल बताते हुए सूत्रों ने कहा कि देश में निर्मित अग्नि-4 का यह छठा प्रायोगिक परीक्षण था जिसने सभी मानकों को पूरा किया। पिछला परीक्षण नौ नवंबर 2015 को भारतीय सेना की विशेष तौर पर गठित सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने किया था जो सफल रहा।

बीस मीटर लंबी और 17 टन वजन वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 4,000 किलोमीटर है और यह दो चरणीय मिसाइल है।

## चीन इस वर्ष रिकॉर्ड 30 अंतरिक्ष मिशन लांच करेगा, 04 जनवरी, 2017



चीन अपने महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष "रिकॉर्ड" 30 अंतरिक्ष मिशन रवाना करने की योजना बना रहा है।

चीन के अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने कहा कि लांग मार्च-5 और लांग मार्च-7 रॉकेट से ये प्रक्षेपण किए जाएंगे।

लांग मार्च-5 चीन का सबसे बड़ा उपग्रहवाही रॉकेट है।

चीन की सरकारी संवाद सेवा ने बताया कि दक्षिण चीन के हेनान प्रांत में नवम्बर में प्रक्षेपण वाहन के सफल परीक्षण से अंतरिक्ष स्टेशन निर्माण का रास्ता साफ होगा।

चीन ने हाल में अपने अंतरिक्ष मिशन पर आधिकारिक श्वेत पत्र जारी किया था जिसमें बताया था कि 2018 में चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र में एक अंतरिक्ष मिशन उतरेगा जो विश्व में अपनी तरह का पहला अभियान है और उसी वर्ष मंगल पर भी मिशन भेजा जाएगा।

लांग मार्च-5 कार्यक्रम के महानिदेशक वांग यू ने कहा कि चीन के नई पीढ़ी के कैरियर रॉकेट के लिए 2017 एक महत्वपूर्ण वर्ष है।

## तीन अरब प्रकाश वर्ष दूर से आ रही हैं रहस्यमयी रेडियो तरंगें, 06 जनवरी, 2017

तीन अरब प्रकाश वर्ष दूर से आ रही ये रहस्यमयी रेडियो तरंगें तीन अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक छोटी आकाशगंगा से आ रही हैं। धरती पर आने वाली रहस्यमयी रेडियों तरंगों के स्रोत का पता चल गया है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com



फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) के नाम से जानी जाने वाली ये तरंगें तीन अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक छोटी आकाशगंगा से आ रही हैं। इसका पता लगाने वाले खगोलविदों के दल में एक भारतवंशी भी हैं। छह महीने तक अध्ययन करने के बाद 'एफआरबी21102' की उत्पति की गुत्थी खगोल शास्त्रियों ने सुलझाई है। सबसे पहले 2012 में प्यूर्टो रिको स्थित अरसेबो वेधशाला के खगोल शास्त्रियों ने इसे देखा था। बीते चार वर्ष में झिलमिलाहट भरी ऐसी रेडियो तरंगें कई बार दिखाई दीं।

अमेरिका के नेशनल साइंस फाउंडेशन के एक मल्टी-एंटीना वाले रेडियो टेलिस्कोप से इन तरंगों पर दृष्टि रखकर इसकी सटीक स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई गई। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी की प्रमुख शोधकर्ता शामी चटर्जी ने बताया कि एफआरबी के स्रोत और इसकी दूरी का पता चलना एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन, इन तरंगों को पूरी तरह समझने के लिए अभी काफी शोध की आवश्यकता है। चटर्जी ने भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास में पढ़ाई की है।

### एफआरबी के बारे में:-

एफआरबी बहुत अधिक ऊर्जा से भरी रेडियो तरंगें होती हैं। लेकिन, इनकी उम्र बहुत कम होती है। सेकेंड के कुछ हिस्सों में ही ये तरंगे समाप्त हो जाती हैं। ये तरंगे इतने कम समय में भी इतनी ऊर्जा पैदा करती हैं, जितनी ऊर्जा पैदा करने में सूर्य को 10,000 वर्ष लग जाएंगे। पहली बार 2007 में ऐसी तरंगों की पहचान हुई थी। उसके बाद से 18 एफएसबी की पहचान हो चुकी है। आरम्भ में माना जाता था कि ये पृथ्वी के निकट के अथवा उसकी ही आकाशगंगा से आ रहीं हैं।

## चीन ने पहली बार किया 3 उपग्रहों का वाणिज्यिक प्रक्षेपण, 10 जनवरी, 2017

चीन की अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी ने पहली बार वाणिज्यिक अभियान के अंतर्गत स्वदेश निर्मित रॉकेट क्वाझोऊ-1ए (केजेड-1 ए) के माध्यम से तीन उपग्रहों का प्रक्षेपण किया। प्रक्षेपित किये गये उपग्रहों में एक जेएल-1 और क्यूबसैट उपग्रह (एक्सवाई-एस1 और कैटन-1) सम्मिलित है।



चीनी रॉकेट ने तीनों उपग्रहों के साथ गांसू स्थित जिउकुआन प्रक्षेपण केंद्र से दोपहर लगभग 12.11 बजे (बीजिंग समयनुसार) उड़ान भरी। चीन ने अपने क्वाझोऊ-1 रॉकेट रॉकेट में ही अनुकूलन क्षमता में सुधार कर इस नए रॉकेट केजेड-1 ए को विकसित किया है।

ठोस ईंधन से चलने वाला यह रॉकेट उच्च विश्वसनीयता के साथ कम लागत वाला है जो 300 किलोग्राम से कम वजन वाले उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित करने के लिए डिजाइन किया गया है। चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन के अधीन रॉकेट प्रौद्योगिकी पर काम करने वाली एक कंपनी ने इस पूरे अभियान को परिणाम दिया।

## भारतीय और फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसियों ने उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी पर समझौते पर हस्ताक्षर किया, 10 जनवरी, 2017

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसी (सीएनईएस) ने उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी पर एक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किया।

समझौते पर हस्ताक्षर इसरो अध्यक्ष किरण कुमार और सीएनईएस अध्यक्ष ज्यां वेस ली गॉल ने फ्रांसीसी विदेश मंत्री ज्यां मार्क आयरॉल्ट की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया।

भारत और फ्रांस के बीच अंतरिक्ष सहयोग 50 वर्षों से अधिक समय से है और यह भारत-फ्रांस रणनीतिक भागीदारी के आधारस्तंभों में से एक है।

## आईएमए ने अंगदान को बढ़ावा देने के लिए अभियान शुरू किया, 12 जनवरी, 2017



भारतीय चिकित्सा संघ ने राष्ट्रव्यापी 'पूछना मत भूलो' अभियान शुरू किया है जिसके अंतर्गत डॉक्टर नियमित मृत्यु के मामले में उसके रिश्तेदार या कानूनी वारिस से आंखे और अंग (ब्रेन डेड होने के मामले में) दान करने के बारे में अनुरोध करेंगे।

पहल के अंतर्गात, आईएमए के सदस्य देश में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए मरीजों के प्रियजनों के अंगों को दान करने के लिए उनके परिवारों से पूछने के लिए डॉक्टरों को स्मरण दिलाने के लिए संदेश भेजेंगे।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2000 ऐसे लोग हैं जिन्हें गुर्दे का इंतजार है जबकि 30,000 लोग जिगर का इंतजार कर रहे हैं। कानूनी दान से सिर्फ तीन से पांच प्रतिशत की मांग पूरी होती है।

आईएमए के अध्यक्ष डॉ. के के अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल में मर रहे मरीज के अंगदान को लेकर अनिवार्य या आवश्यक आग्रह करने से देश में अंगदान के प्रतिशत को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। गहन चिकित्सकीय कक्ष में उपस्थित डॉक्टरों को अंगदान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करने की आश्यकता है क्योंकि ये स्थान अंगदान के संभावित केंद्र हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को मृत्यु के बाद मरीज के परिवारों को अंगदान के लिए सलाह देनी चाहिए और उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।

## जीएसएलवी एमके-3 रॉकेट के लिए क्रायोजेनिक इंजन का परीक्षण, 28 जनवरी, 2017




इसरो ने स्वदेश निर्मित अपने क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है जो उसके जीएसएलवी एमके-3 रॉकेट के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रॉकेट का प्रक्षेपण इस वर्ष की पहली तिमाही में होना निर्धारित है।

क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग राकेट के उपरी चरण में होता है क्योंकि यह इंजन रॉकेट को उपर की ओर बढ़ाने में अधिकतम शक्ति प्रदान करता है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि क्रायोजेनिक उपरी चरण का नाम सी-25 रखा गया है। इस इंजन का परीक्षण 25 जनवरी को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में 50 सेकंड के लिए किया गया।

इसमें कहा गया कि परीक्षण के दौरान चरण का प्रदर्शन अनुमान के अनुरूप था। इसमें कहा गया कि यह दो परीक्षणों में पहला था। अगले परीक्षण की योजना 640 सेकंड की उड़ान अवधि के लिए बनायी गई है।

इसरो ने कहा कि 50 सेकंड का परीक्षण स्वदेशी क्रोयोजेनिक प्रणोदन प्रौद्योगिकी के विकास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस चरण का पहले ही प्रयास में सफल परीक्षण एजेंसी की क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी जैसे नये क्षेत्रों में काम करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## विविध

**माह के ज्वलंत मुद्दे**

1. फोर्ब्स की सुपर अचीवर्स सूची में भारतीय मूल के 30 लोग।
2. वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा में भारत 92वें स्थान पर।
3. बेंगलुरु बना विश्व का सबसे डायनैमिक सिटी, ये 6 शहर भी ग्लोबल लिस्ट में सम्मिलित।

### केरल को 2017 के 12 डेस्टिनेशन टू वॉच में आठवां स्थान, 03 जनवरी, 2017



ब्रिटेन के सबसे बड़े और प्रमुख यात्रा एवं पर्यटन संचालन संघ (टूर एंड ट्रैवल एसोसिएशन) ने '12 डेस्टिनेशन्स टू वॉच इन 2017' (2017 में देखने लायक 12 स्थान) में केरल को आठवां स्थान दिया है।

एसोसिएशन ऑफ ब्रिटिश ट्रेवेल एजेंट्स (एबीटीए) ने केरल को दूसरे प्रमुख स्थलों अमेरिका, सार्डिनिया (इटली का द्वीप), दक्षिण अफ्रीका और वियतनाम से उच्च स्थान दिया है। इस सूची में एंडालुसिया (स्पेन), अजोरेस द्वीप (पुर्तगाल), बरमूडा, चिली, क्रोएशिया और डेनमार्क को भी स्थान दिया गया है।

इस रैंकिंग में उन स्थानों को स्थान दिया गया है जो अधिक यात्रियों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे।

केरल के पर्यटन मंत्री कदकामपल्ली सुरेंद्रन ने कहा कि केरल की यह नवीनतम मान्यता हमारे लिए गर्व की बात है और वर्ष के लिए अच्छा संकेत है।

रिपोर्ट में राज्य के बैकवाटर में पारंपरिक नाव के घरों में यात्रा का आनंद, स्थानीय लोगों के जीवन, मसालों की खेती और जंगलों को यात्रा को बेहतरीन अनुभव कहा गया है।

इसमें केरल के पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा का भी विशेष उल्लेख किया गया है।

### फोर्ब्स की सुपर अचीवर्स सूची में भारतीय मूल के 30 लोग, 04 जनवरी, 2017




प्रतिष्ठित फोर्ब्स पत्रिका की 2017 की 'सुपर अचीवर्स' की सूची में भारतीय मूल के 30 नवोन्मेषक और उद्यमियों ने स्थान बनाया है। ये वे लोग हैं जिनकी उम्र 30 वर्ष से कम है और विश्व एवं यथास्थिति को बदलने में विश्वास रखते हैं।

इस सूची में स्वास्थ्य, विनिर्माण, खेल और वित्त जैसे 20 उद्योग क्षेत्रों के 30 विश्व बदलने वाले लोग सम्मिलित हैं। इस सूची में भारतीय मूल के 30 पुरूष और महिलाएं सम्मिलित हैं जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशिष्ट पहचान कायम की है।

सूची में कुल 600 ऐसे लोगों को सम्मिलित किया गया है जिन्होंने 'पारंपरिक सोच को चुनौती दी और उद्यमियों, मनोरंजकों और शिक्षाविदों की नयी पीढ़ी के नियमों को फिर से लिखा है। इनमें कुछ कर गुजरने का जुनून है और इन्हें अच्छे कारणों के लिए तैयार किया जा सकता है। इनका लक्ष्य और कुछ नहीं बस यथास्थिति को तोड़ना और विश्व को बदलना है।'' इस सूची में नियो लाइट के सह-संस्थापक 27 वर्षीय विवेक कोप्पार्थी का नाम सम्मिलित है जिन्होंने पीलिया रोग में घर पर इस्तेमाल करने में सक्षम एक छोटा प्रकाश-चिकित्सा उपकरण विकसित किया है।

इसके अतिरिक्त कंपनी शिशुओं में लू के इलाज के लिए एक और उपकरण बनाने पर काम कर रही है।

इसी सूची में 27 वर्षीय प्रार्थना देसाई का भी नाम है जिन्होंने हावर्ड विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई को बीच में इसलिए छोड़ दिया क्योंकि वह विकासशील देशों में ड्रोन की सहायता से लोगों का इलाज करने के लिए एक कार्यक्रम चलाना चाहती थीं। स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनी जिप्लिन में उन्होंने रवांडा देश में ड्रोन के माध्यम से दवाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### भारतीय मूल की लड़की करेगी मिस यूनिवर्स 2016 में मलेशिया का प्रतिनिधित्व, 11 जनवरी, 2017

मनीला में इस महीने आयोजित होने वाले मिस यूनिवर्स 2016 के फाइनल में 20 वर्षीय सिख लड़की मलेशिया का प्रतिनिधित्व करेगी।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com



किरनमीत कौर बलजीत सिंह जस्सल ने वर्ष 2016 में मिस यूनिवर्स मलेशिया का खिताब जीता था। किरण का परिवार दशकों पहले मलेशिया चला गया था। उनका परिवार सेलांगर राज्य के सुबांग जाय उपनगरीय क्षेत्र में रहता है।

मलेशियन स्टार 2 की सूचना के अनुसार उनकी मां ने वर्ष 2015 में क्लासिक मिसेज मलेशिया का पुरस्कार जीता था। उनकी बहन रणमीत भी सौंदर्य प्रतियोगिता की विजेता रह चुकी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जस्सल बहनें वर्ष 1994 की विश्व सुंदरी ऐश्वर्या राय और मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन की प्रशंसक रही हैं और उन्हीं को अपना आदर्श मानकर बड़ी हुई हैं।

इस महीने की 20 तारीख को फिलिपींस के मनीला में 65वें मिस यूनिवर्स 2016 के फाइनल का आयोजन किया जाएगा।

## भारतीय-अमेरिकी छात्र ने अमेरिका में 5,000 डॉलर की छात्रवृत्ति अपने नाम की, 14 जनवरी, 2017



भारतीय मूल के एक अमेरिकी छात्र ने अमेरिका में बच्चों और परिवारों की बेहतरी में दंत स्वास्थ्य के योगदान विषय पर आयोजित एक निबंध प्रतियोगिता में 5,000 डॉलर की छात्रवृत्ति जीत ली है।

यूसीएलए स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री के छात्र अर्थ पटेल ने ग्रामीण भारत से जुड़े अनुभव को साझा किया, जहां दांत से जुड़ी गुणवत्तापूर्ण देखभाल की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके बाद उसने अमेरिका से जुड़े अनुभव को साझा किया जहां दांतों की देखभाल से जुड़े सामुदायिक केंद्र से उनके परिवार को लाभ पहुंचा।

पटेल को इस निबंध के लिए 5,000 डॉलर की छात्रवृत्ति मिली।

## वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा में भारत 92वें स्थान पर, 16 जनवरी, 2017



भारत वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक में तीन स्थान पिछड़कर 92वें स्थान पर आ गया है। यह इस बात का संकेतक है कि किस तरीके से देश प्रतिभाओं का विकास करते हैं, उन्हें आकर्षित करते हैं और प्रतिभाओं को रोक पाने में सफल रहते हैं। इस सूची में स्विट्जरलैंड शीर्ष पर है।

ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देशों में भारत का स्थिति सबसे खराब है। चीन का सूची में 54वां तथा रूस का 56वां स्थान है। सूची में दक्षिण अफ्रीका 67वें तथा ब्राजील 81वें स्थान पर है।

स्विट्जरलैंड, सूची में शीर्ष पर रहा है। उसके बाद सिंगापुर दूसरे तथा ब्रिटेन तीसरे स्थान पर है। यह सूची इनसीड ने जारी की। सूची को एडेको ग्रुप तथा सिंगापुर के ह्यूमन कैपिटल लीडरशिप इंस्टिट्यूट के साथ भागीदारी में तैयार किया गया है।

शीर्ष दस में जो अन्य देश सम्मिलित हैं उनमें अमेरिका चौथे, स्वीडन पांचवें, ऑस्ट्रेलिया छठे, लग्जमबर्ग सातवें, डेनमार्क आठवें, फिनलैंड नौवें तथा नॉर्वे दसवें स्थान पर है।

पिछले वर्ष भारत का इस सूची में 89वां स्थान था।

## संस्थानों के लिहाज से भारत सबसे भरोसेमंद देश, 17 जनवरी, 2017

एक सर्वेक्षण के अनुसार संस्थानों में आम जनता के विश्वास की दृष्टि से भारत 'सबसे भरोसेमंद देश' के रूप में सामने आया है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com




'2017 एडलमेन ट्रस्ट बेरोमीटर' के अनुसार भारत सरकार को दूसरा सबसे विश्वसनीय संस्थान आंका गया है। इस लिहाज से चीन पहले स्थान पर है।

यह रपट विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से पहले जारी की गई है। इस वर्ष की रपट के अनुसार विश्व भर में सरकार, कारोबार, मीडिया व एनजीओ के संस्थानों में आम लोगों के भरोसे में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट आलोच्य वर्ष में आई थी।

ये निष्कर्ष 13 अक्तूबर से 16 नवंबर 2016 के दौरान 33,000 प्रतिभागियों की राय पर आधारित है।

इसके अनुसार 28 देशों में भारत, संस्थानों के लिहाज से सबसे विश्वसनीय देश के रूप में उभरा है। 2016 में वह तीसरे स्थान पर था।

वहीं सरकार में भरोसे के लिहाज से चीन पहले और भारत दूसरे स्थान पर है।

## करन जौहर की बायोग्राफी लॉन्च, 17 जनवरी, 2017






बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता करन जौहर की बायोग्राफी 'एन अनसूटेबल बॉय' का विमोचन किया।

करन जौहर की इस किताब को पूनम सक्सेना ने लिखा है। करन ने इस किताब में सेक्सुअलिटी से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री में अभिनेता के साथ रिश्तों में उतार-चढ़ाव तक के बारे में खुलकर बताया।

## भारत विश्व के शीर्ष छह बेहतर बाजारों में, लेकिन शीर्षता क्रम में एक स्थान फिसला, 17 जनवरी, 2017

विश्व के सीईओ मानते हैं कि अगले 12 माह के दौरान यदि सकल वृद्धि की बात की जाये तो भारत शीर्ष छह देशों में सम्मिलत है। हालांकि इसके साथ ही उनका यह भी मानना है कि तीन वर्ष पहले भारत में निवेश को लेकर जितना उत्साह था उसमें अब कमी आई है। वैश्विक सलाहकार संस्था पीडब्ल्यूसी के ताजा वार्षिक वैश्विक सीईओ सर्वेक्षण के अनुसार वृद्धि के लिहाज से विश्व के शीर्ष दो बाजारों में 43 प्रतिशत सीईओ ने पहले स्थान पर अमेरिका जबकि 33 प्रतिशत सीईओ ने चीन को दूसरा स्थान दिया है। इसके बाद जर्मनी तीसरे, ब्रिटेन चौथे नंबर पर, जापान पांचवें और भारत को छठा स्थान दिया गया है।

पिछले वर्ष इस तरह के सर्वेक्षण में सबसे बेहतर संभावनाओं वाले बाजारों में भारत शीर्ष पांच देशों में सम्मिलित था। इस वर्ष के अध्ययन से पता चलता है कि अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन अब सीईओ के लिये बड़ी प्राथमिकताओं में आ गये हैं जबकि ब्राजील, भारत, रूस और अर्जेंटीना की तरफ आकर्षण तीन वर्ष पहले के मुकाबले कम हुआ है।

## विश्व की पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 78वें स्थान पर, 18 जनवरी, 2017




भारतीय पासपोर्ट को विश्व के सबसे प्रभावशाली पासपोर्ट की रैंकिंग में निचले स्थान पर रखा गया है। विश्व की पासपोर्ट रैंकिंग में भारत को 78वां स्थान दिया गया है। 196 देशों की इस सूची में जर्मनी को पहले स्थान पर तथा अफगानिस्तान को अंतिम स्थान मिला है। ऑटर्न कैपिटल की वैश्विक रैंकिंग 'पासपोर्ट इंडेक्स' में जर्मनी 157 वीजा-फ्री स्कोर के साथ पहले स्थान पर है। सिंगापुर और स्वीडन दूसरे स्थान पर हैं। सिंगापुर और स्वीडन का स्कोर 156 है। डेनमार्क, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका समेत आठ देश तीसरे स्थान पर हैं। इन सभी देशों का स्कोर 155 है, भारत 78वें स्थान पर है। भारत का कुल स्कोर 48 है। जबकि भारत के पड़ोसी देश चीन तथा पाकिस्तान क्रमशः 58वें और 94वें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान का कुल स्कोर 23 है। विश्व के इस लोकप्रिय ऑनलाइन संवाद साधन की यह रैंकिंग देशों की वीजा उपलब्ध कराए जाने की सुविधा पर आधारित है।

रैंकिंग में वीजा-फ्री स्कोर यह सूचित करता है कि जिस देश का जितना स्कोर है उसके नागरिक उतने देशों में बगैर वीजा या वीजा ऑन अराइवल प्रवेश कर सकते हैं, जैसे इस रैंकिंग में भारत का कुल स्कोर 48 है। इसका अर्थ यह हुआ कि उसके पासपोर्ट धारक नागरिकों को 48 देशों में बगैर वीजा या वीजा ऑन अराइवल प्रवेश मिल सकता है।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

## बेंगलुरु बना विश्व का सबसे डायनैमिक सिटी, ये 6 शहर भी ग्लोबल लिस्ट में सम्मिलित, 19 जनवरी, 2017



जेएलएल की चौथे एनुअल सिटी मूवमेंट इंडेक्स के अनुसार, छह भारतीय शहरों ने विश्व के 30 सबसे गतिशील स्थानों में स्थान बनाई है। बेंगलुरू इस लिस्ट में पहले स्थान पर है। सूची में शामिल अन्य भारतीय शहर है- हैदराबाद (5), पुणे (13), चेन्नई (18), दिल्ली (23) और मुंबई (25)।

जेएलएल सूचकांक में शीर्ष 10 शहर हैं - बेंगलुरु (भारत), हो चिह मिन्ह (वियतनाम),सिलिकॉन वैली (अमेरिका), शंघाई (चीन), हैदराबाद (भारत), लंदन (ब्रिटेन),ऑस्टिन (टेक्सास),हानोई (वियतनाम),बोस्टन (अमेरिका) और नैरोबी (केन्या)।

यह उपलब्धि इसलिए और बड़ी हो जाती है क्योंकि लिस्ट में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाने के लिए बेंगलुरु ने अमेरिका की सिलिकन वैली के साथ-साथ लंदन और शंघाई को पीछे छोड़ा है।

## राष्ट्रपति ने 28वें दंतन ग्रामीण मेला 2017 का उद्घाटन किया, 19 जनवरी, 2017



भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कल (19 जनवरी 2017) पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मिदनापुर में 28वें दंतन ग्रामीण मेला 2017 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने समाज में तेजी से बढ़ते तनाव और मतभेद पर चिंता व्यक्त की। विश्व के विभिन्न भागों में हो रही हिंसा का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि समाज की सामान्य प्रवृत्ति लोगों द्वारा एक-दूसरे से प्रेम करने और सहयोग बढ़ाने की रही है, न कि समाज में घृणा एवं तनाव पैदा करने की। दंतन ग्रामीण मेला जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम लोगों के बीच भाईचारा, सद्भाव और शांतिपूर्ण सहयोग बढ़ाने का कार्य करते हैं। ये कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के अनंत ज्ञान और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच बढ़ती दोस्ती को प्रतिबिंबित करते हैं।

## 2016 अब तक का सबसे ज्यादा गर्म वर्ष रहाः संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी, 21 जनवरी, 2017




जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम अब सामने आने लगे हैं और इसका ताजा उदाहरण यह है कि गर्मी के मामले में वर्ष 2016 ने 2015 को भी पीछे छोड़ दिया है। 2016 को अब तक का सर्वाधिक गर्म वर्ष दर्ज किया गया है जबकि उसके पहले 2015 सर्वाधिक गर्म वर्ष था।

संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी वर्ल्ड मीटीआरलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यू एम ओ) के एक विश्लेषण के अनुसार 2016 में औसत वैश्विक तापमान पूर्व औद्योगिक अवधि से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। डब्ल्यू एम ओ के महासचिव पेट्टेरी तलास ने कहा कि वैश्विक जलवायु के हिसाब से वर्ष 2016 एकदम पराकाष्ठा पर था और सर्वाधिक गर्म के रूप में अंकित किया गया।

उन्होंने कहा कि तापमान कहानी के केवल एक हिस्से को दिखाता है। तलास ने कहा कि मानव निर्मित कारणों से जलवायु परिवर्तन के जो संकेत हमें लंबे समय से मिल रहे थे वह 2016 में एकदम उचांई पर पहुंच गए क्योंकि इस दौरान कार्बन डाई ऑक्साइड और मीथेन सघनता नये रिकॉर्ड पर पहुंच गए।

ये दोनों गैसें जलवायु परिवर्तन का एक अहम कारण हैं। उन्होंने कहा कि केवल बढ़ता तापमान और ग्रीनहाउस गैसें ही जलवायु परिवर्तन के रिकॉड

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

तोड़ने वाले संकेतक नहीं हैं, आर्कटिक सागर में बर्फ का स्तर भी काफी कम रहा। विश्लेषण के अनुसार आर्कटिक सागर वैश्विक औसत के मुकाबले दोगुनी तेजी से गर्म हो रहा है और इसने विश्व के अन्य भागों में मौसम, जलवायु और समुद्रीय संचरण को लगातार प्रभावित किए रखा है।

## इंटर-सर्विस सैन्य अभ्यास ट्रोपेक्स आरम्भ हुआ, 28 जनवरी, 2017



परमाणु चालित पनडुब्बी आईएनएस चक्र, विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और तट रक्षक सहित भारतीय नौसेना का लड़ाकू साजो सामान देश के सबसे बड़े इंटर सर्विस 'ट्रोपेक्स'अभ्यास के लिए पश्चिमी तट पर साथ उतरा है।

नौसेना के सालाना थियेटर रेडीनेस ऑपरेशनल एक्सरसाइज (ट्रोपेक्स) 24 जनवरी को आरम्भ हुआ।

महीने भर चलने वाले अभ्यास में पश्चिमी और पूर्वी नौसेना कमान, दोनों के जहाज और विमान सम्मिलित होंगे। इसमें वायुसेना, सेना और तट रक्षक से भी साजो सामान सम्मिलित होंगे।

इस अभ्यास का पिछला संस्करण जनवरी 2015 में हुआ था।

## फ्रांस की आइरिस मितेनेयर को मिला मिस यूनिवर्स 2017 का ताज, 30 जनवरी, 2017

फ्रांस की आइरिस मितेनेयर ने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के 65वें सत्र में वर्ष 2017 का ताज अपने नाम कर लिया वहीं हैती की राक्वेल पेलिशियर दूसरे स्थान पर रहीं।




मूल रूप से पेरिस की रहने वाली 24 वर्षीय आइरिस दंत शल्य चिकित्सा में स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। मिस यूनिवर्स बनने के बाद अब उनका लक्ष्य दांतों और मुख की स्वच्छता संबंधी जागरूकता फैलाने का है।

आइरिस को यह खिताब पूर्व मिस यूनिवर्स पिया वर्जबैच ने दिया जो फिलिपीन की हैं। भारत की रोशमिता हरिमूर्ति अंतिम 13 में भी स्थान बनाने में असफल रही।

कोलंबिया के एंड्रिया तोवर दूसरी रनरअप रहीं।प्रतियोगिता में भारत से रोशमिता अकेली नहीं थीं। पूर्व मिस यूनिवर्स एवं भारतीय अभिनेत्री सुष्मिता सेन प्रतियोगिता में जज की भूमिका में थी। सुष्मिता ने वर्ष 1994 में यह खिताब जीता था।

प्रतियोगिता की अंतिम 13 प्रतिभागी केन्या, इंडोनेशिया, मैक्सिको, पेरू, पनामा, फिलिपीन, कनाडा, ब्राजील, थाईलैंड और अमेरिका से थीं।

Get Free Study Material On - www.mahendraguru.com

Mahendra's™
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

# Facilities for Classroom Students

# SMART CLASS




## FEATURES :

